

सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी : उच्चतम न्यायालय - 12



अगले महीने से लागू हो सकता है भारत अमेरिका व्यापार समझौता : गोयल - 12



एआई से नौकरियां बचाने के लिए दक्षिण कोरिया की संसद में लाया गया विधेयक - 13



दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं: सुमित नागल - 14



आज का मौसम
22.0° अधिकतम तापमान
11.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.51
सूर्यास्त 05.55

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष पंचमी 01:18 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2082

शुक्रवार, 6 फरवरी 2026, वर्ष 36, अंक 2, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# नई विश्व व्यवस्था का झुकाव भारत की ओर

## राज्यसभा में प्रधानमंत्री बोले- पहले देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, आज चौथी सबसे बड़ी

- मोदी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान दिया जवाब
- कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है और दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है। राज्यसभा में राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौतों का उल्लेख किया और कहा कि जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है।

उन्होंने कहा, भारत आज विश्व में पैदा हो रहीं चुनौतियों के समाधान के लिए आशा की किरण बना हुआ है। हम समाधान दे रहे हैं। कांग्रेस समेत विभिन्न विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच भाषण शुरू करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत का तेज आर्थिक विकास और कम मुद्रास्फीति एक दुर्लभ संयोग है। पिछले कुछ समय में विश्व के नौ बड़े देशों के साथ हमारे समझौते हुए हैं और उसमें 'मदर ऑफ आल डील' में यूरोपीय संघ के 27 देशों के साथ एकमुश्त समझौता हुआ है। उन्होंने कहा, विकसित देश अपने आप भारत के साथ व्यापार समझौता करने आ रहे हैं। जब कोई विकसित देश किसी विकासशील देश के साथ अपने आप व्यापार समझौता करता है तो यह भी अर्थजगत के लिए बहुत बड़ा संदेश है। ऐसे में साफ दिख रहा है कि दुनिया एक नई वैश्विक व्यवस्था की ओर आगे बढ़ रही है, जिस तरह दूसरे विश्व युद्ध के बाद एक वैश्विक व्यवस्था बनी थी। अपने भाषण के बीच वाकआॅउट करने वाले विपक्षी दलों के सदस्यों की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग थककर चले गए, कभी न कभी उनको जवाब देना पड़ेगा कि देश की कैसी हालत बनाकर रखी थी। कोई देश अपने आप हमारे साथ समझौता करने नहीं आता था। मोदी ने कहा कि हमारा देश पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था, लेकिन आज हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के क्रम में हैं। प्रधानमंत्री के भाषण के बीच विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। मोदी ने कहा कि आज चाहे अंतरिक्ष हो, विज्ञान हो, खेल हो, भारत हर क्षेत्र में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है। कहा कि आज पूरा विश्व 'ग्लोबल साउथ' की चर्चा कर रहा है।



### तृणमूल कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों ने सत्ता में रहते हुए जनता के कल्याण के लिए काम नहीं किया। तृणमूल कांग्रेस के सदस्यों ने चर्चा के दौरान केंद्र सरकार के विरोध में काफी कुछ कहा, 'किंतु वे अपने गिरेबान में भी देखें। पतन के जितने भी मानक हैं, सब मानकों में नए-नए रिकार्ड बनाते जा रहे हैं और यहां उपदेश दे रहे हैं। ऐसी सरकार से वहां के लोगों का भविष्य अंधकार में डूब रहा है।

### कांग्रेस कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएगी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि विपक्षी दल लगातार चुनावी हार को पचा नहीं पा रहा है और उनके प्रति गहरी नफरत रखने के बावजूद वह कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा। राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने लोकसभा में विपक्षी दल द्वारा डाले गए व्यवधान पर खेद जताया और कहा कि यह न केवल एक आदिवासी और महिला राष्ट्रपति का अपमान है, बल्कि उनके सर्वोच्च संवैधानिक पद और भारत के संविधान का भी अपमान है। उन्होंने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू पर राहुल गांधी की 'गद्दार' टिप्पणी की भी निंदा की और इसे पूरे सिख समुदाय का अपमान बताया। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो लोग 'मोहब्बत की दुकान' की बात करते हैं, वे 'मोदी तेरी कब्र खुदेगी' जैसे नारे लगा रहे हैं, जो चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा को उजागर करता है। उन्होंने कहा, यह कैसी मोहब्बत की दुकान है? उन्होंने यह कौन से संविधान से सीखा है? क्या यह संविधान का अपमान नहीं है? मोदी ने कहा, वे कभी मेरी कब्र नहीं खोद पाएंगे। उन्होंने कहा कि विपक्ष कभी उनकी कब्र नहीं खोद पाएगा क्योंकि उन्हें करोड़ों माताओं, बहनों और देश के गरीबों का आशीर्वाद प्राप्त है, जिनके लिए वे निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं। कांग्रेस हर भारतीय नागरिक को समस्या मानती थी, जबकि उनकी सरकार उन्हें अपनी ताकत और चुनौतियों का समाधान मानती है। प्रधानमंत्री ने करीब 100 मिनट लंबे भाषण में कहा कि वे (विपक्ष) उन्हें रोज गालियां देते हैं क्योंकि वे यह पचा नहीं पा रहे हैं कि उनके जैसा एक गरीब आदमी इस पद पर कैसे आसीन है।

- मोदी बोले- मोहब्बत की दुकान की बात करते हैं वे मोदी तेरी कब्र खुदेगी जैसे नारे लगा रहे हैं यह चुनावी हार से उत्पन्न उनकी हताशा है


# पीएम के साथ कुछ भी हो सकता था, इसलिए मैंने लोस में उनकी स्पीच टाली

- लोकसभा स्पीकर बिरला का दावा- अप्रत्याशित हमले की थी प्लानिंग
- प्रधानमंत्री के जवाब के बिना लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पारित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को कहा कि बुधवार को सदन में कांग्रेस के कई नेता सदन के नेता के आसन के पास पहुंचकर किसी अप्रत्याशित घटना को अंजाम देना चाहते थे, इसलिए उनके अनुरोध पर प्रधानमंत्री मोदी सदन में नहीं आए। बिरला ने यह भी कहा कि बुधवार को विपक्ष के कुछ सदस्यों ने उनके चैंबर में आकर जिस तरह का व्यवहार किया, वैसा लोकसभा की शुरुआत से लेकर आज तक कभी नहीं हुआ और यह दृश्य एक 'काले धब्बे' की तरह था।

लोकसभा की बैठक विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण तीन बार के स्थगन के बाद अपराह्न तीन बजे पुनः शुरू हुई तो लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि बुधवार सदन के नेता (प्रधानमंत्री मोदी) को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देना था। मेरे पास ऐसी पुख्ता जानकारी आई कि कांग्रेस पार्टी के कई सदस्य नेता सदन के आसन पर पहुंचकर कोई भी अप्रत्याशित घटना को अंजाम दे सकते थे। मैंने यह दृश्य सदन में देखा भी। अगर ऐसी घटना हो जाती तो यह अत्यंत अप्रिय दृश्य देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को तार-तार कर देता।



### देश ने देखी पूरी घटना

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सदन में नहीं आकर उनके आग्रह को मानते हुए सदन को अप्रिय दृश्य से बचाया और इसके लिए वह प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने यह भी कहा, बुधवार की घटना देश ने देखी है कि किस तरह महिला सदस्य वहां (प्रधानमंत्री के बैठने के स्थान) तक पहुंची हैं। यह किसी तरह उचित नहीं था। आप शब्दों से बात कह सकते हैं, आरोप लगा सकते हैं। लेकिन आप इधर (सत्तापक्ष की तरफ) आकर जिस तरह कर रहे हैं, यह उचित नहीं है।

## ब्रीफ न्यूज

### धोखाधड़ी मामले में अल फलाह विश्वविद्यालय का चेयरमैन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विस्फोट के बाद यूजीसी की शिकायत पर दर्ज दो प्राथमिकी के आधार पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन जावद अहमद सिद्दीकी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में ईडी द्वारा कार्यवाही शुरू करने के बाद दिल्ली पुलिस ने यह कार्रवाई की है। लाल किले के पास हुए विस्फोट के बाद अपराध शाखा ने निजी विश्वविद्यालय के कामकाज से संबंधित कथित अनियमितताओं और धोखाधड़ी के संबंध में मामले दर्ज किए थे। सिद्दीकी को स्थानीय अदालत में पेश किया जहां से उसे आगे की पूछताछ के लिए चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।

### नीट पीजी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी व निजी मेडिकल कॉलेजों में रिक्त पीजी सीटों पर प्रवेश के लिए संचालित तीसरी काउंसिलिंग में गुरुवार को मेरिट सूची जारी कर दी गयी हैं। कॉलेजों में एमडी-एमएस व डिप्लोमा सीटों पर दाखिले के लिए 8935 अभ्यर्थियों की और डीएनबी सीटों के लिए 290 अभ्यर्थियों की सूची जारी की गयी है। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा द्वारा जारी मेरिट सूची के अभ्यर्थियों को छह फरवरी से 11 फरवरी तक मनपसंद कॉलेजों की प्राथमिकताएं देनी होंगी। अगले 14 फरवरी को सीट आवंटन परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे और 17 फरवरी तक प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी।

# चाइनीज मांझे से मौत होना हत्या के समान : मुख्यमंत्री

- सीएम योगी का दुर्घटनाओं पर सख्त रुख पुलिस को प्रदेशव्यापी छापेमारी के दिए निर्देश
- प्रतिबंध के बाद भी चाइनीज मांझे की उपलब्धता कैसे, कार्रवाई की होगी उच्चस्तरीय समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि इस कारण किसी व्यक्ति की मृत्यु होना हत्या के समान है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि चाइनीज मांझा पूरी तरह प्रतिबंधित है, इसके बावजूद इसकी उपलब्धता गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने पुलिस को प्रदेशव्यापी सघन छापेमारी अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार को लखनऊ के हैदरगंज ओवरब्रिज पर शोएब की चाइनीज मांझे से मौत का संज्ञान लेने के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस को निर्देश दिए कि यह पता लगाया जाए कि चाइनीज मांझा किन माध्यमों से बाजार में पहुंच रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में सघन छापेमारी अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि केवल बिक्री ही नहीं, बल्कि इसके भंडारण और परिवहन पर भी कड़ी नजर रखी जाए और दोषियों पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जन-सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। चाइनीज मांझा आमजन, विशेषकर बच्चों और पशु-पक्षियों के लिए जानलेवा खतरा है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को निर्देश दिए कि आपूर्ति श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए और इसकी प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा नियमित रूप से की जाए, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। योगी ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रदेश को चाइनीज मांझे के खतरे से पूरी तरह मुक्त करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें और प्रतिबंध का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें।



### प्रदेशभर में छापेमारी शुरू

योगी के निर्देश पर गुरुवार को पूरे प्रदेश में चाइनीज मांझे के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर दिया गया है। सभी जिलों में थानावार छापेमारी कर दुकानों, गोदामों और संदिग्ध ठिकानों की सघन जांच की जा रही है। पुलिस को चाइनीज मांझे की बिक्री, भंडारण और परिवहन पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। बरामदगी की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अभियान की उच्चस्तरीय समीक्षा होगी, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न रहे।

# अवैध कोयला खदान में विस्फोट, 16 मजदूरों की गई जान

- मेघालय में घटी बड़ी घटना, कई अन्य के फंसे होने की आशंका

शिलांग, एजेंसी

मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में गुरुवार को अवैध कोयला खदान में विस्फोट होने से 16 मजदूरों की मौत हो गई और कई अन्य के फंसे होने की आशंका है।

डीजीपी आई नोंगरंग ने बताया कि यह घटना थांगस्कू इलाके में हुई और बचाव दल तलाशी अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा, हमने अब तक 16 शव बरामद किए हैं, लेकिन विस्फोट के समय खदान के अंदर मौजूद लोगों की संख्या के बारे में सटीक जानकारी नहीं है। ईस्ट जयंतिया हिल्स के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि घटना में घायल एक व्यक्ति को एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे राज्य की राजधानी शिलांग रेफर कर दिया गया। शक है कि यह विस्फोट उस जगह पर कोयला खनन की गतिविधियों के दौरान हुआ, जिसे एक गैर-कानूनी काम माना जा रहा है। जब पूछा गया कि क्या खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी, तो कुमार ने कहा, हां, ऐसा ही लगता है। विस्फोट की वजह का पता अभी नहीं चला है, और इसकी जांच की जाएगी। उल्लेखनीय है कि एनजीटी ने 2014 में मेघालय में रैट-होल कोयला खनन तथा खनन के दूसरे अवैज्ञानिक तरीकों पर प्रतिबंध लगा दिया था।



### मोदी ने शोक जताया, अनुग्रह राशि की घोषणा की

**शिलांग।** प्रधानमंत्री मोदी ने मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स जिले में कोयला खदान में हुए विस्फोट के कारण कम से कम 16 मजदूरों की मौत होने पर शोक जताया और मृतकों के परिजन को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। पीएमओ ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में मोदी के हवाले से कहा, ईस्ट जयंतिया हिल्स, मेघालय में हुई दुर्घटना के बारे में जानकर दुख हुआ। अपने प्रियजन को खोने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। घायल व्यक्ति के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

## आरएसी बर्थ मिलने पर आंशिक किराया लौटाए रेलवे : पीएसी

- संसद में पेश की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** संसद की एक समिति ने कहा है कि आरएसी श्रेणी के तहत बुक किए गए टिकटों के लिए पूरा किराया वसूलना उचित नहीं है। लोक लेखा समिति (पीएसी) ने संसद में पेश की गई अपनी रिपोर्ट भारतीय रेलवे में ट्रेन परिचालन में समय की पाबंदी और यात्रा का समय में कहा कि आरएसी (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) के तहत टिकटों के लिए पूरा किराया वसूलना, जिसमें चार्ट बनने के बाद टिकट धारक को पूरी बर्थ नहीं मिलती है, उचित नहीं है, आंशिक किराया वापस लौटाया जाना चाहिए। वहीं, 'सुपरफास्ट' ट्रेनों पर कहा कि ऑडिट में पाया गया कि किसी ट्रेन को सुपरफास्ट के रूप में वर्गीकृत करने के लिए 55 किमी प्रति घंटे का मानक अपने आप में ही कम है। 2007 से ट्रेनों के वर्गीकरण के मानदंडों में बदलाव नहीं हुआ है।

# रिश्वत लेने के दोषी लेखपाल को चार साल की कैद

**विधि संवाददाता, लखनऊ।** भूमिहीन को ज़मीन देने के लिए रिपोर्ट लगाने के एवज में 50 हज़ार रुपये की रिश्वत मांगने और पहली किश्त के रूप में दस हज़ार रुपये लेते गिरफ़्तार किए गए सीतापुर के लेखपाल वीरेंद्र कुमार को दोषी ठहराते हुए भ्रष्टाचार निवारण के विशेष न्यायाधीश अतुल सिंह ने चार साल की क़ैद व 25 हज़ार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है।

अभियोजन की ओर से बताया गया कि वादी मायाराम ने उप्र सतर्कता अधिष्ठान के पुलिस अधीक्षक को 15 मार्च 2021 को शिकायती अर्जी दी थी।जिसमे कहा गया है कि वादी भूमिहीन है। उसने हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की थी, जिसमे हाईकोर्ट ने 15 मार्च 2019 को सीतापुर के उपजिलाधिकारी को आदेश दिया था कि वह वादी की अर्जी पर विचार करके नियमानुसार आदेश पारित कर दे। इसके बाद वादी मायाराम ने 17 जुलाई 2019 को हाईकोर्ट के आदेश की प्रति लगाकर उपजिलाधिकारी को अर्जी दी। जिस पर रिपोर्ट लगाने के लिए लेखपाल वीरेंद्र कुमार के पास भेज दिया गया।बताया गया है कि आरोपी लेखपाल वीरेंद्र से जब वादी ने संपर्क किया तो उसने वादी से 50 हज़ार रुपये रिश्वत की मांग की। वादी मायाराम की शिकायत पर सतर्कता अधिष्ठान की टीम ने 17 मार्च 2021 को आरोपी लेखपाल वीरेंद्र कुमार को दस हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

# कब्जेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारी निलंबित

- तहसीलदार रहते की गड़बड़ी, अब एटा, गाजियाबाद व बुलंदशहर में एसडीएम पद पर हैं तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** चंदौली जिले में सरकारी एवं ग्रामसभा भूमि से जुड़े मामलों में बड़ी प्रशासनिक गड़बड़ी सामने आने पर सरकार ने कड़ा कदम उठाया है। अवैध कब्जे हटाने के बजाय कब्जेदारों को लाभ पहुंचाने के आरोप में तीन पीसीएस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। तीनों अधिकारी पूर्व में तहसीलदार के रूप में तैनात रहे हैं।

निलंबित अधिकारियों में तत्कालीन तहसीलदार सतीश कुमार (वर्तमान तैनाती एसडीएम एटा), विराग पांडेय (वर्तमान तैनाती एसडीएम गाजियाबाद) और लालता प्रसाद (वर्तमान तैनाती एसडीएम बुलंदशहर) शामिल हैं। इन पर सार्वजनिक, आरक्षित और ग्रामसभा भूमि को नुकसान पहुंचाने के आरोप हैं। चंदौली के जिलाधिकारी द्वारा पं. दीन दयाल उपाध्याय नगर तहसील की पत्रावलियों के निरीक्षण में यह तथ्य सामने आया कि कई मामलों में पूर्व में पारित बेदखली आदेशों के बावजूद वसूली के नोटिस वापस ले लिए गए। इससे कब्जेदारों को कार्रवाई से बचाया गया। जांच में जिन भूमियों का उल्लेख है, उनमें खलिहान, चकमार्ग, कब्रिस्तान, नवीन परती, बंजर व लोक उपयोगिता की भूमि शामिल है।

### डीएम की ओर से शासन को भेजी गई थी रिपोर्ट

मामले में एडीएम (न्यायिक), एसडीएम चकिया और अपर एसडीएम चंदौली की तीन सदस्यीय समिति गठित की गई। समिति की विस्तृत जांच में स्पष्ट हुआ कि तत्कालीन तहसीलदारों ने पीठासीन अधिकारी की हैसियत से अतिक्रमणकारियों के पक्ष में आदेश पारित किए, जिससे सार्वजनिक संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। डीएम की शासन को भेजी गई रिपोर्ट पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। प्रमुख सचिव नियुक्ति एम. देवराज की ओर से जारी आदेश के अनुसार जांच शुरू की गई है। जांच अधिकारी के रूप में वाराणसी के मंडलायुक्त को नामित किया गया है।

उपलब्धि | लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में अभिनव प्रयोग

# प्लास्टिक कचरे से बनाई 75 किलोमीटर लंबी सड़क

- पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल, कूड़े से तीन करोड़ रुपये की आय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के गांव अब स्वच्छता और नवाचार की नई पहचान गढ़ रहे हैं। प्लास्टिक कचरे से सड़क निर्माण, घर-घर कूड़ा संग्रहण कर उससे खाद निर्माण और आय सृजन के अभिनव प्रयोगों ने प्रदेश के ग्रामीण परिदृश्य को हाईटेक बना दिया है।

राजधानी लखनऊ समेत रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में प्लास्टिक कचरे से अब तक 75 किलोमीटर लंबी सड़कें तैयार की जा चुकी हैं, जो पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास का नया मॉडल पेश कर रही हैं। पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में वेस्ट मैनेजमेंट का मास्टर प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर से कूड़ा संग्रहण शुरू कर वर्मी खाद का उत्पादन किया जा रहा है। इस पहल से अब तक 3 करोड़ रुपये से अधिक की आय सृजित हो चुकी है। वहीं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों से 29 लाख रुपये की अतिरिक्त कमाई की गई है। इस योजना के तहत पंचायतीराज विभाग प्रदेश में 'वेस्ट टू वेल्थ' मॉडल पर काम कर रहा है।



लखनऊ के साथ ही रामपुर, अमेठी, ललितपुर और एटा में इसी तरह प्लास्टिक कचरे से बनाई जा रही सड़क।

### प्रदेश के हर गांव में होगा प्रयोग

पंचायती राज विभाग द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ गांव महाभियान के तहत कूड़े को संसाधन में बदला जा रहा है। प्लास्टिक कचरे का सदुपयोग कर सड़क निर्माण, जैविक कचरे से खाद उत्पादन और पंचायतों की आय बढ़ाने के ये प्रयोग प्रदेश के हर गांव को स्वच्छ, आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित हो रहे हैं। इस योजना के जरिए प्रदेश के हर गांव में अभिनव प्रयोग किए जाएंगे।

### प्लास्टिक वेस्ट का उपयोग

पंचायती राज विभाग के निदेशक अमित कुमार सिंह के अनुसार, विभाग ग्राम पंचायतों को नवाचार के माध्यम से मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। गांव-गांव स्वच्छता अभियान के साथ प्लास्टिक वेस्ट के उपयोग से न केवल पर्यावरण सुरक्षित हो रहा है, बल्कि करोड़ों रुपये की आय भी सृजित हो रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. पवन अरुण बने नए स्वास्थ्य महानिदेशक

**अमृत विचार, लखनऊ :** परिवार कल्याण महानिदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण को प्रदेश का नया स्वास्थ्य महानिदेशक नियुक्त किया गया है। उनके स्थान पर महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ. हरि दास अग्रवाल को पदोन्नति देकर महानिदेशक परिवार कल्याण बना दिया गया है। वहीं निदेशक स्वास्थ्य डॉ. रंजना खरे को महानिदेशक पद पर प्रोन्नति देते हुए महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की सचिव रितु महेश्वरी द्वारा इन तीनों पदों पर नियुक्ति एवं पदोन्नति से संबंधित आदेश गुरुवार को जारी कर दिए गए। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी को निवर्तमान स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन के सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद रिक्त चल रहा था। शासन ने पदोन्नति के माध्यम से इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति कर प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ किया है।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार एक और अहम पहल करने जा रही है। उप्र. कौशल विकास मिशन द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में 6 से 13 फरवरी तक "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" संचालित किया जाएगा। इस विशेष अभियान का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सेवायोजन के साथ-साथ स्व-रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने गुरुवार को बताया कि अभियान के अंतर्गत विगत तीन वर्षों में कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई से प्रशिक्षित अर्ह एवं इच्छुक दिव्यांगजनों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके साथ ही जिला स्तर पर उपलब्ध अन्य इच्छुक दिव्यांगजन भी इसका लाभ ले सकेंगे।

### इंद्री धाम का 1.27 करोड़ से होगा विकास

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश के धार्मिक पर्यटन को सशक्त बनाने की दिशा में पर्यटन विभाग ने प्रयागराज के फूलपुर क्षेत्र स्थित प्राचीन इंद्री धाम मंदिर के पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण का निर्णय लिया है। स्कंद पुराण और दुर्गा सप्तशती में वर्णित मां इन्द्री को समर्पित इस पौराणिक स्थल के समग्र विकास पर 1.27 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गुरुवार को बताया कि इन्द्री धाम श्रद्धा और आस्था का प्रमुख केंद्र है, जहां चैत्र एवं शारदीय नवरात्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना अंतर्गत पहली किस्त के रूप में 30 लाख रुपये जारी किए गए हैं। मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण, आधुनिक प्रकाश व्यवस्था, प्रवेश द्वार, यात्री शेड, स्टाम्प फ्लोरिंग युक्त मार्ग, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, पेयजल, साइनेज एवं म्यूरल आर्ट जैसे कार्य कराए जाएंगे।

### कन्वेंशन हाल के लिए एक करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर प्रतापगढ़ के विकास भवन परिसर में पं. दीनदयाल उपाध्याय कन्वेंशन हाल (अनावासीय भवन) के निर्माण के लिए एक करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। यह राशि चालू वित्तीय वर्ष में तृतीय किश्त के रूप में जारी की गई है। इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा गुरुवार को शासनादेश जारी कर दिया गया है। शासन ने निर्माण कार्य निर्धारित मानकों एवं स्वीकृत लागत के अनुरूप समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि परियोजना के लिए कुल 532.10 लाख रुपये की स्वीकृति पहले दी जा चुकी है।

# हर ब्लॉक में खुलेंगे पशु औषधि केंद्र, मिलेंगी सस्ती दवाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में पशुपालकों को सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण पशु औषधियां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक विकास खंड में एक पशु औषधि केंद्र खोला जाएगा। यह केंद्र प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की तर्ज पर स्थापित होंगे, जिससे पशुओं के उपचार के लिए सस्ती दरों पर दवाएं सुलभ हो सकें।

लखनऊ के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि पशु औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदक को फार्मासिस्ट का नाम एवं उसका वैध पंजीकरण विवरण, दुकान के लिए न्यूनतम 120 वर्ग फुट स्थान का प्रमाण पत्र तथा ड्रग सेल लाइसेंस का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री कृषक समृद्धि केंद्र एवं सहकारी समितियों से जुड़े योग्य लाभार्थियों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। यह योजना भारत सरकार की पशुधन स्वास्थ्य एवं बीमारी नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित की जाएगी।

पशु औषधि केंद्र स्थापित करने के इच्छुक आवेदकों को 5000 रुपये शुल्क अदा करना होगा। आवेदन की प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन होगी, इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://pashuaushadhi.dahd.gov.in पोर्टल पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

# डीबीटी योजनाओं में फैमिली आईडी अब अनिवार्य

## सभी योजनाओं को फैमिली आईडी से किया जाएगा लिंक, मुख्य सचिव ने जारी किया शासनादेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश सरकार ने राज्य सेक्टर की सभी डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) योजनाओं और सेवाओं में फैमिली आईडी से शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव एसपी गोयल द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार अब सभी पात्र लाभार्थियों के लिए फैमिली आईडी अनिवार्य होगी, ताकि योजनाओं का लाभ सही व्यक्ति तक पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंच सके।

गुरुवार को जारी शासनादेश में कहा गया है कि प्रदेश में संचालित वर्तमान और भविष्य की सभी ऐसी योजनाएं, जो आधार अधिनियम के तहत अधिसूचित हैं या की जाएंगी, उनके अंतर्गत प्राप्त होने वाले प्रत्येक आवेदन में फैमिली आईडी का अंकन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यदि आवेदक की फैमिली आईडी उपलब्ध नहीं होगी तो ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया के दौरान फैमिली आईडी बनवाने के लिए स्वतः पॉप-अप संदेश प्रदर्शित किया जाएगा। सरकार द्वारा सभी डीबीटी योजनाओं और सेवाओं को फैमिली आईडी डेटाबेस से लिंक किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पात्र लाभार्थियों की सही पहचान, योजनाओं का लक्षित क्रियान्वयन और शत-प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करना है। फैमिली आईडी पोर्टल पर वेब आधारित ई-पासबुक भी विकसित की गई है, जिसमें परिवार को प्राप्त सभी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का सदस्यवार विवरण देखा जा सकेगा।

शासनादेश के अनुसार फैमिली आईडी डेटाबेस के माध्यम से एडीपी भी उपलब्ध कराया गया है, जिससे परिवार अपनी आयु, आय और पारिवारिक संरचना के आधार पर संभावित पात्र योजनाओं की जानकारी स्वतः प्राप्त कर सकेगा। सरकार का मानना है कि इस व्यवस्था से डुप्लीकेशन रुकेगा, पारदर्शिता बढ़ेगी और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित होगा।

### अब टीबी मरीजों को एसएनए स्पर्श पोर्टल से मिलेगा भुगतान

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत टीबी मरीजों को दी जाने वाली पोषण सहायता राशि के भुगतान की व्यवस्था में अहम बदलाव किया गया है। अब तक यह भुगतान पीएफएमएस और निक्षय पोर्टल के माध्यम से किया जाता था, लेकिन अब इसे और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के लिए एसएनए स्पर्श पोर्टल से जोड़ा गया है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल ने पत्र जारी कर सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों एवं जिला क्षय रोग अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निक्षय पोषण योजना का भुगतान निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार एसएनए स्पर्श पोर्टल के माध्यम से समयबद्ध ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि यह व्यवस्था डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) आधारित है, जिससे लाभार्थियों के बैंक खातों में राशि सीधे भेजी जाएगी। इससे न केवल टीबी मरीजों को नियमित पोषण सहायता मिलेगी, बल्कि प्रदेश में क्षय रोग उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

# किसानों को पांच मिनट में ई-केसीसी से ऋण

## मुख्यमंत्री योगी ने राज्य ऋण संगोष्ठी का किया उद्घाटन, बैंकों से ऋण शर्तें सरल बनाने की अपील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मंत्री सुरेश खन्ना व सूर्य प्रताप शाही।

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस से प्रदेश में ऋण स्वीकृति प्रक्रिया तेज और पारदर्शी हुई है। एफपीओ, सहकारिता व एमएसएमई से अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। ई-केसीसी के जरिए अब किसानों को 5 मिनट में ऋण मिल रहा है, जबकि पहले एक माह लग जाते थे। उन्होंने बैंकरों से ऋण शर्तें सरल करके किसानों, एफपीओ, एमएसएमई व सहकारिता से जुड़े लोगों को सहयोग देने की अपील की।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी के उद्घाटन और राज्य फोकस पेपर वर्ष 2026-27 के विमोचन के बाद बोल रहे थे। उन्होंने बताया कि नए सत्र के लिए कृषि ऋण लक्ष्य 3 लाख करोड़ रुपये है, जो 13 फीसदी अधिक है। पीएम मोदी की प्रेरणा से केंद्रीय बजट में एआई एग्रीकल्चर प्लेटफॉर्म की घोषणा की गई है और प्रदेश इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी देश का पहला राज्य है, जो एमएसएमई सेक्टर को 5 लाख रुपये का सुरक्षा बीमा दे रहा है।

ओडीओपी को टेक्नोलॉजी, मार्केटिंग, पैकेजिंग और डिजाइनिंग से जोड़ने के कारण निर्यात 84 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है। इससे पलायन रुका है। 2016 में 11.7 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था आज बढ़कर 36 लाख करोड़ रुपये पहुंच रही है। प्रति व्यक्ति आय 43 हजार से बढ़कर 1.20 लाख रुपये हो चुकी है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कई फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफपीओ) को मंच पर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, नाबार्ड के महाप्रबंधक पंकज कुमार और रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय महाप्रबंधक पंकज कुमार उपस्थित रहे।

### सहकारिता क्षेत्र में पहले हावी थे माफिया

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन आया है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2017 से पहले माफिया हावी था और रिजर्व बैंक ने 16 जिला सरकारी बैंकों को डिफाल्टर घोषित कर बंद करने का आदेश दिया था। आज इनमें से 15 बैंक मुनाफे में आ चुके हैं और शेष को भी लाभ में लाने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने बताया कि विश्व बैंक के साथ यूपी एग्री-टेक के क्षेत्र में काम करने वाला देश का पहला राज्य है।

# लापता लोगों के मामले में एसीएस गृह व डीजीपी तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ

- दो साल में एक लाख से अधिक लोगों के लापता होने का मामला



**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में दर्ज स्वतः संज्ञान याचिका पर गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने उक्त मामले के संबंध में राज्य सरकार के संबंधित विभागों के पास उपलब्ध सभी आंकड़ों और रिकॉर्ड को तलब किया है। इसके साथ ही कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 23 मार्च की तिथि नियत करते हुए अपर मुख्य सचिव (एसीएस गृह) तथा पुलिस महानिदेशक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा सुनवाई के समय उपस्थित रहने का भी निर्देश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय वह न्यायमूर्ति एके चौधरी की खंडपीठ ने उक्त मामले में दर्ज स्वतः संज्ञान जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। उल्लेखनीय है कि एक गुमशुदा व्यक्ति से संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय के संज्ञान में आया कि प्रदेश में पिछले लगभग दो साल में 1,08,300 लोग लापता हो चुके हैं, जिनके संबंध में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज हैं। इनमें से मात्र 9700 लोगों का पुलिस पता लगा सकी है। न्यायालय ने इस स्थिति को बेहद चिंताजनक व गंभीर करार देते हुए, मामले को 'प्रदेश में गुमशुदा व्यक्तियों के संबंध में' शीर्षक से जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया था।

### जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है खेल : उपेंद्र

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** बीएसएस एकेडमी, कटरा रोड फुलवारी में गुरुवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं पैरेंट्स ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि पीबीपीजी कॉलेज सीटी के प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह, विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह, मैनेजर धर्मेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रो. उपेंद्र ने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, धैर्य, नेतृत्व क्षमता के विकास के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने खिलाड़ियों के अलावा शिक्षक संजय सिंह, दिव्या साहू, आर्या त्रिपाठी, गर्विता अग्रवाल को सम्मानित किया। निदेशक विनोद सिंह ने बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी। उन्होंने अभिभावकों का स्वागत कर विद्यालय और अभिभावकों के बीच एक सशक्त एवं सार्थक साझेदारी को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर सहयोग का अनुरोध किया। प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन स्कूल कोऑर्डिनेटर धर्मराज मौर्य ने किया।



मेडल व प्रमाणपत्र पाने के बाद खुशी जताते बच्चे।

### गैंगस्टर के दोषी को दो वर्ष की जेल

**प्रतापगढ़ अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश-विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अंकिता दुबे की कोर्ट ने गैंगस्टर एक्ट में दोषी पाते हुए देहात कोतवाली क्षेत्र के रामपुर गौरी गांव के रामसुख को दो वर्ष के सश्रम कारावास पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट ने कहा कि अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। कोर्ट में इस मामले में राज्य की ओर से पैरवी भी विशेष लोक अभियोजक इंद्रकांत पांडेय ने की।

### पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

**कुण्डा, प्रतापगढ़ अमृत विचार :** पुलिस ने फरार चल रहे दो वारंटियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायालय भेजा। नगर पंचायत कुंडा के हरनामगंज कुंडा मोहल्ला निवासी छेदीलाल पाल, उसके बेटे शिव शंकर पाल के खिलाफ वर्ष 2010 में दहेज उत्पीड़न समेत विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है। घटना के बाद से वे फरार थे, जिसमें न्यायालय ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया है। उसी मामले को लेकर गुरुवार को दरोगा राजकुमार पुलिस टीम के साथ घर के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई पूरी कर दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत करने भेजा।

# अभ्युदय योजना से जुड़े 77 अभ्यर्थी देंगे साक्षात्कार

- यूपी पीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में पाई सफलता

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना ने एक बार फिर अपनी सार्थकता सिद्ध की है। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्रों से मार्गदर्शन प्राप्त कर रहे 77 अभ्यर्थियों ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (यूपीपीसीएस) 2024 की मुख्य परीक्षा में सफलता अर्जित की है।

अभ्युदय योजना प्रदेश के युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं तक पहुंच दिलाने में मील का पत्थर साबित हो रही है। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक आनंद कुमार सिंह ने बताया कि भागीदारी भवन, लखनऊ स्थित कोचिंग केंद्र से 40, अलीगंज स्थित आदर्श परीक्षा केंद्र से 20 तथा हापुड़ स्थित राजकीय आईएएस/पीसीएस कोचिंग केंद्र से 17 अभ्यर्थी यूपीपीसीएस-2024 की मुख्य परीक्षा में सफल हुए हैं। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अंतर्गत अभ्यर्थियों को निःशुल्क आवास, भोजन, पुस्तकालय, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कक्षाएं, विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, मुख्य परीक्षा केंद्रित उत्तर लेखन अभ्यास, मॉडल टेस्ट तथा अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।

### ग्लोबल होगा यूपी का शहद, महिलाएं करेंगी लांच

**अमृत विचार, लखनऊ :** एक लाख ग्रामीण महिलाएं शहद उद्यमी बनकर अपना ब्रांड लांच करेंगी। इससे आय में एक लाख रुपये की सालाना वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। यूपी सरकार तैयार शहद को ग्लोबल स्तर पर बाजार उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन विलेज के तहत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा मधुमक्खी पालन कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी एक लाख ग्रामीण महिलाएं शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों की उत्पादकता भी बढ़ाएंगी। योजना के अंतर्गत अगले तीन वर्षों में एक लाख ग्रामीण महिलाओं को मधुमक्खी पालक के रूप में विकसित किया जाएगा। लक्ष्य है कि प्रत्येक महिला उद्यमी की वार्षिक आय में लगभग एक लाख रुपये की वृद्धि हो।

### अटल विद्यालयों में 15 तक आवेदन मांगे गए

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है, ताकि उनके बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाकर आगे बढ़ सकें। प्रदेशभर में संचालित अटल आवासीय विद्यालयों में कक्षा छह से नौवीं तक प्रवेश के लिए 15 फरवरी तक आवेदन मांगे गए हैं। इन विद्यालयों में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की दो संतानों को अंग्रेजी माध्यम से पूरी तरह निःशुल्क शिक्षा दी जाती है। आवेदन संबंधित कार्यालय में ऑफलाइन या उप्र भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की वेबसाइट upbocw.in पर ऑनलाइन किया जा सकता है। अपर श्रमायुक्त कल्पना श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी है।

# छात्रों को बताए कैंसर के लक्षण और बचाव के तरीके

- रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से दो दिन में छह विद्यालयों के छह सौ बच्चों को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, बरेली



रोहिलखंड कैंसर इंस्टिट्यूट व अमृत विचार की ओर से जयनारायण सरस्वती स्कूल में आयोजित कैंसर जागरूकता कार्यक्रम में बोलते डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा।

**अमृत विचारः** रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट ने अमृत विचार के सहयोग से विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर दो दिवसीय कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल, जय नारायण सरस्वती स्कूल और नालंदा पब्लिक स्कूल में हुए कार्यक्रम में रोहिलखंड कैंसर इंस्टीट्यूट के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने विद्यार्थियों को कैंसर के संबंध में ए टू जेड तक जागरूक किया। कैंसर के लक्षण, उपचार और बचाव के साथ ही इससे बचाव रखने के लिए जीवनशैली कैसी रखनी चाहिए, किस तरह का खानपान रखना चाहिए आदि बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता कार्यक्रम में दो दिन में शहर के छह स्कूलों के करीब छह सौ बच्चों को कैंसर के प्रति जागरूक किया।

कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पहले सत्र में सुबह करीब 11.15 बजे से जीके सिटी मोंटेसरी स्कूल में कार्यक्रम कराया गया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के लक्षण, बचाव के संबंध में विस्तार से बताया। छात्र-छात्राओं ने कैंसर को लेकर कई सवाल किए, जिस पर डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों की मन की शंकाओं को दूर किया। बच्चों को जीवनशैली बेहतर रखने और खानपान पर ध्यान देने पर जोर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल डॉ. नरेंद्र शर्मा ने कहा कि बच्चों को कैंसर सहित अन्य गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक करते रहना चाहिए, ताकि बच्चे अपने परिवार, समाज को जागरूक कर सकें।

वहीं, दूसरे सत्र में दोपहर 1 बजे जय नारायण सरस्वती स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। डॉ. सिद्धार्थ अरोड़ा ने बच्चों को कैंसर के शुरुआती लक्षण, उनकी पहचान सहित कई कारणों से होने वाले विभिन्न कैंसर के प्रति जागरूक किया। कैंसर से स्वयं को बचाने के लिए जीवनशैली में किस तरह से बदलाव करने की जरूरत है।

# महात्मा गांधी के नाम से डरती है मोदी सरकार : डॉ. नीरज

संवाददाता, प्रतापगढ़

- मनरेगा बचाओ सत्याग्रह का कांग्रेसियों ने किया आयोजन

**अमृत विचार :** कांग्रेसियों द्वारा जिला स्तरीय एक दिवसीय मनरेगा बचाओ सत्याग्रह का आयोजन कलेक्ट्रेट परिसर में किया गया। शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण मनरेगा जैसी महत्वाकांक्षी योजना को लगातार कमजोर किया जा रहा है। मोदी सरकार महात्मा गांधी के नाम से डरती है। कांग्रेस पार्टी ने जो भी कदम देश की जनता के लिए उठाया वह देश के हित में था वर्तमान सरकार केवल चंद उद्योगपतियों के इशारे में कार्य करती है। भाजपा केवल धर्म और जाति की राजनीति करती है।

इस मौके पर प्रेम शंकर द्विवेदी, मौलाना वाहिद, रवि भूषण सिन्हा, आरपी वर्मा, मो. इस्तियाक, मो वसीम, वेदान्त तिवारी आदि मौजूद रहे।

अभियान

## गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6 .0 की शुरुआत, सीमावर्ती जिलों में लगेंगे नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी स्वास्थ्य सुविधाएं : पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा को झंडी दिखाकर चिकित्सकों के दल को रवाना करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व अन्य।

**अमृत विचारः** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी संकल्प के तहत गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 6.0 एक सशक्त जनसेवा अभियान के रूप में कार्य कर रही है।

उप मुख्यमंत्री गुरुवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में इस अभियान के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। इस यात्रा में इस वर्ष लगभग 70 मेडिकल संस्थानों से 700 चिकित्सक एवं मेडिकल छात्र भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत नेपाल सीमा से सटे थारू बाहुल्य क्षेत्रों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। महाराजगंज, बलरामपुर, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर, पीलीभीत, श्रावस्ती और बहराइच जनपदों में 6 से 8 फरवरी तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख स्वांतरंजन व विशिष्ट अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास के अध्यक्ष प्रो एमएलबी भट्ट ने बताया कि न्यास ने जनजातीय क्षेत्रों में कैंप के साथ ही मोबाइल वैन सेवा भी शुरू करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन, गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास से जुड़े पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, चिकित्सक एवं स्वयंसेवक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### 'स्पंदन ईसीजी' मशीन का किया वितरण


अभियान अंतर्गत चिकित्सकों के दल को रवाना किया गया तथा विश्व की सबसे छोटी ईसीजी मशीन 'स्पंदन ईसीजी' का वितरण भी किया गया। यह मशीन बिना बैटरी और इंटरनेट के कार्य करने में सक्षम है, जिससे दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों में त्वरित व सटीक जांच संभव हो सकेगी।

# कचहरी में वकीलों का हंगामा, अधिवक्ता का तख्त फूंका

## मारपीट करने वाले टोल प्लाजा के कर्मियों की पैरवी का आरोप, माहौल भांपकर वकील सहयोगियों के साथ खिसके



कचहरी में वकील मनोज शुक्ला का तख्त फूंकते अधिवक्ता। ● अमृत विचार



कचहरी में वकील मनोज शुक्ला का तोड़ा गया तख्त और कुर्सियां। ● अमृत विचार

**फूटा गुस्सा**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गुरुवार को कचहरी में माहौल अचानक उग्र हो गया। बारा टोल प्लाजा पर वकीलों से मारपीट के आरोपियों की पैरवी कर रहे कचहरी के एक अधिवक्ता का तख्त व बेंच फूंक दी गई। साथी वकीलों का गुस्सा देख पैरवी कर रहे वकील के साथ ही उनके सहयोगी मौके से चुपचाप निकल गए। हालांकि कोर्ट से आरोपियों की जमानत याचिका भी खारिज कर दी गई। मौके पर जमकर हंगामा हुआ। वहीं पैरवी के आरोपी वकील के बैठने न बैठने पर फैसले का दायित्व कार्यकारिणी पर डाल दिया गया है।

बताते चलें कि हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-सुल्तानपुर हाईवे पर स्थित बारा टोल प्लाजा पर बीती 14 जनवरी को टोल कर्मियों और एक वकील के बीच मारपीट और जबरदस्त विवाद हुआ था। फास्टैग बैलेंस न होने पर वकील की पिटाई से आक्रोशित वकीलों ने तीन दिन तक विरोध प्रदर्शन किया था। इस मामले में पीड़ित वकील की तहरीर पर पुलिस ने टोल प्लाजा प्रबंधक समेत आधा दर्जन लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। घटना के बाद एनएचएआई ने टोल ऑपरेटर कंपनी का अनुबंध समाप्त कर दिया था।

गुरुवार को जिला मुख्यालय पर कचहरी में न्याय भवन के सामने हाल में बैठने वाले अधिवक्ता मनोज शुक्ला ने आरोपियों की जमानत के लिए निचली अदालत में वकालतनामा लगाया था। इसकी खबर तेजी से फैली, वहीं मनोज शुक्ला के तख्त के आसपास भीड़ एकत्र हो गई, माहौल उग्र हो गया, इसी बीच वकील मनोज शुक्ला अपने सहयोगियों के साथ मौके से निकल लिए, वहीं उनका तख्त व बेंच तोड़फोड़ कर उसमें आग लगा दी गई। इस दौरान एकत्र भीड़ ने जमकर हंगामा व नारेबाजी की। यह घटना सुनने व देखने के बाद परिसर में चर्चा का माहौल बन गया। इस बारे में जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा ने बताया कि अधिवक्ता मनोज शुक्ला बारा टोल प्लाजा पर वकील के साथ हुई घटना के आरोपियों की पैरवी कर रहे थे। इसकी खबर पाकर गुस्साए वकील एकत्र हो गए और नाराजगी का इजहार किया। हालांकि वकील का सामान सुरक्षित है। आगे वकील मनोज शुक्ला कचहरी में बैठेंगे या नहीं के सवाल पर नरेन्द्र वर्मा ने जवाब दिया कि इसका फैसला कार्यकारिणी या सदन करेगा। आरोपियों की जमानत याचिका भी खारिज हो गई है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक लापता

**बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना बड्डूपुर क्षेत्र में सामान लाने सीतापुर गया युवक अचानक लापता हो गया। ग्राम शाहपुर मजरे भगौली तीर्थ निवासी मोहम्मद जुबेर ने अपने 25 साल के पुत्र मोहम्मद अनवार के लापता होने की सूचना थाने में दी। बताया कि मोहम्मद अनवार 3 फरवरी की शाम अपने घर से महमूदाबाद जनपद सीतापुर कुछ सामान लेने के लिए निकला था, लेकिन देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। परिजनों द्वारा आसपास और संभावित स्थानों पर काफी तलाश किए जाने के बावजूद युवक का कोई सुराग नहीं लग सका। पीड़ित पिता मोहम्मद जुबेर ने थाना बड्डूपुर में सूचना दर्ज कराई है।

### युवती का फोटो-वीडियो किया वायरल

**त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना लोनीकटरा क्षेत्र में एक युवती की शादी न होने देने की धमकी देते हुए फोटो वीडियो वायरल कर दिया गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी 18 वर्षीय पुत्री की शादी तय हुई थी। आरोप है कि विपक्षी विक्की निवासी ग्राम चतुरखान मजरा अमेठी थाना कोतवाली गोसाईंगज लखनऊ ने उनकी पुत्री की फोटो व वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। पीड़ित के अनुसार आरोपी न केवल उनकी पुत्री के होने वाले ससुराल पक्ष को गाली-गलौज कर रहा है, बल्कि शादी न करने की धमकी दे रहा है।

### वकील ने अवैध मिट्टी खनन का मढ़ा आरोप

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद अंतर्गत ग्राम बिछलंगा में अवैध मिट्टी खनन का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़ित हरीश चन्द्र अग्निहोत्री एडवोकेट ने आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के अनुसार वह ग्राम बिछलंगा स्थित एक जमीन पर काबिज हैं और खेत की पैमाइश कराकर मेडों पर खम्भे लगवाए थे। आरोप है कि पिछले कई दिनों से उनके खेत एवं आस-पास के खेतों से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। पीड़ित ने अपने खेत से मिट्टी ले जाने का विरोध किया तो श्रवण सहित अन्य अज्ञात लोग जबरन खेत से वाहन निकालते रहे, जिससे फसल को भारी नुकसान पहुंचा। आरोपियों ने जेसीबी से खेत में लगे करीब 35 आरसीसी खम्भों को गिराकर तोड़ दिया।

## अयोध्या में बरामद हुआ युवक का शव

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र से लापता युवक का शव अयोध्या के रुदौली थाना क्षेत्र में एक तालाब से बरामद हुआ। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं।

मृतक की पहचान सोनू श्रीवास्तव पुत्र गुड्डू श्रीवास्तव निवासी ग्राम मालिनपुर थाना रामसनेहीघाट के रूप में हुई। बताया जा रहा कि तालाब में मिला शव खून से सना हुआ था, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। परिजनों का आरोप है कि सोनू की गांव की ही एक विवाहिता से मोबाइल पर बातचीत होती थी। इसको लेकर महिला के पति संतोष कुमार विश्वकर्मा ने साजिश रचकर हत्या कर दी। परिजनों का कहना है कि आरोपी संतोष सोनू को सुल्तानपुर ले जाने के बहाने घर से बुलाकर अपने साथ ले गया, जिसके बाद उसकी हत्या कर शव रुदौली क्षेत्र के तालाब में फेंक दिया गया।

# युवक के माथे का तिलक जबरन मिटाया

● **देवा में सूफी संत की दरगाह के बाहर हुई शर्मनाक घटना**

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** कस्बा देवा स्थित सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की ऐतिहासिक दरगाह के बाहर गुरुवार को एक शर्मनाक घटना सामने आई है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक समुदाय विशेष का युवक दूसरे युवक के माथे पर लगा तिलक पानी से धोता दिख रहा है।



हरीश शर्मा।



युवक का तिलक धुलाता आरोपी।

गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे दरगाह पर जियारत करने पहुंचे हरीश शर्मा निवासी दशहराबाग पटेल नगर शहर कोतवाली के साथ एक व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज, मारपीट और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित के अनुसार, देवा आस्ताना रोड स्थित दरगाह के बाहर प्रसाद की दुकान लगाने वाले व्यक्ति ने उसे पंडित कहकर बुलाया और तिलक लगाने को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विरोध पर आरोपी ने मारपीट की और पीड़ित के माथे पर लगे तिलक को जबरन पानी से मिटा दिया। एक महिला द्वारा विरोध पर आरोपी ने उससे भी अभद्रता की तथा धमकी दी। घटना का वीडियो वायरल है, हालांकि अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाजी वारिस अली शाह की दरगाह हमेशा से अमन, भाईचारे और सौहार्द की पहचान रही है, जहां हर धर्म के लोग आते हैं। ऐसी जगह पर इस प्रकार की घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रभारी कोतवाल धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित द्वारा घटना की तहरीर दी गई है आरोपी जावेद वारसी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही मामले की जांच की जा रही है।

### आरोपी पर की जाए कठोर कार्रवाई

हाजी वारिस मसोलियम ट्रस्ट देवा शरीफ के मैनेजर साद महमूद वारसी ने इस घटना को लेकर कहा कि देवा शरीफ हमेशा कौमी एकता की धरती रही है। जो रब है वही राम का सदेश देने वाले सूफी संत की मजार के बाहर ऐसा कृत्य निंदनीय है। आरोपी के खिलाफ जांच के बाद कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

## बच्चों को लेकर प्रेमी संग गयी शिक्षिका

**जैदपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में स्कूल के सालाना कार्यक्रम में शामिल होने गई शिक्षिका अपने दो बच्चों संग लापता हो गई। पति ने खोजबीन की तो पता चला कि नकदी व जेवर लेकर निकली पत्नी को एक युवक अपने साथ ले गया है।

क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी जैदपुर कस्बा स्थित एक स्कूल में शिक्षिका है। एक फरवरी को विद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव में शामिल होने के लिए वह अपनी दो पुत्रियों के साथ गई थीं, लेकिन घर नहीं लौटीं। पति का आरोप है कि पत्नी घर से लगभग 50 हजार रुपये नकद और जेवरात भी साथ ले गई है। खोजबीन के दौरान जानकारी मिली कि शिवम वर्मा से उसकी पत्नी की पहचान थी और उसी के बहला-फुसलाने पर वह बच्चों सहित चली गई है।

# मंदिर में चोरी के खुलासे को जुटीं तीन विशेष टीमें

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** अवसानेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी की सीसीटीवी फुटेज में चोर की करतूत ने भक्तों की आस्था को गहरा आघात पहुंचाया है। चांदी का अरघा चुराने के लिए डेढ़ घंटे जूझा चोर जूता पहने ए शिवलिंग पर चढ़ गया। हैरत की बात यह कि मंदिर के अंदर चोरी हुई तो बाहर पुलिस की पीआरवी वैन मौजूद थी। पुलिस कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एसपी ने क्राइम ब्रांच सहित तीन विशेष जांच टीमों का गठन किया है।

अवसानेश्वर महादेव मंदिर में हुई चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कैद हुई है। फुटेज के अनुसार, मंगलवार देर रात एक चोर मंदिर के पूर्वी हिस्से का चैनल गेट तोड़कर गर्भगृह में दाखिल हुआ। फुटेज में दिख रहा कि आरोपी जूते पहने प्रवेश करता है और चांदी के अरघा को उखाड़ने के लिए शिवलिंग पर पैर रखकर लगाता है। लगभग 9 किलो वजनी चांदी का सामान निकालने में उसे करीब डेढ़ घंटे का समय लगा। चोर ने पहचान छिपाने के उद्देश्य से मंदिर में लगे बल्ब बंद करने की कोशिश की। पुलिस को आशंका है कि इस वारदात में तीन से चार लोग शामिल हो सकते हैं। बताया जा रहा कि चोरी के दौरान मंदिर के बाहर सड़क पर डायल 112 की पुलिस गाड़ी खड़ी थी और पुलिसकर्मी वाहन के भीतर मौजूद थे।

**मंदिर के पास बने पुलिस चौकी :** तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र एवं महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया। इसमें घटना का जल्द खुलासा व मंदिर के पास पुलिस चौकी की स्थापना करने की मांग की गयी है।

# जीवित लोगों को मृत दिखाने का षड्यंत्र

● **पूर्व सांसद ने फार्म-7 के दुरुपयोग का लगाया आरोप**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** कांग्रेस के पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में सरकार और चुनाव आयोग पर लोकतंत्र के खिलाफ गंभीर षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया।

उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं पहले कभी देखने को नहीं मिलीं। डॉ. पुनिया ने बताया कि तहसील सिरौलीगौसपुर अंतर्गत पंजरौली ग्राम सभा मजरे मैलारायगंज की महिला लज्जावती ने स्वयं जीवित होने के साक्ष्य प्रस्तुत किए, जबकि चुनाव आयोग ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि लज्जावती के घर की दूसरी महिला मुन्नी देवी को भी मृत दिखाया गया है। इसी प्रकार हैदरगढ़ तहसील के सुबेहा क्षेत्र से भी ऐसी ही शिकायतें सामने आई हैं। उन्होंने फॉर्म-7 के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि छपे-छपाए फॉर्म भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बीएलओ को देकर मतदाताओं के नाम कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है, जिसका बीएलओ विरोध भी कर रहे हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी से शिकायत की गई है और चुनाव आयोग को चेतावनी दी गई है कि कांग्रेस पार्टी इस तरह की धांधली को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेगी। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि राहुल गांधी द्वारा उठाए गए मुद्दे पूरी तरह सही साबित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से फॉर्म-7 के दुरुपयोग की शिकायतें साक्ष्यों के साथ मिल रही हैं। प्रेस वार्ता में नगर अध्यक्ष राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, प्रवक्ता केसी श्रीवास्तव (एड.), राम हरख रावत, विजयपाल गौतम सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



प्रेस वार्ता करते पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया। ● अमृत विचार

# घरेलू कलह से परेशान युवक ने दे दी जान

● **सतरिख क्षेत्र में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव**

मसौली सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। वहीं एक अन्य घटना में विवाहिता का शव फांसी के फंदे से लटका मिला।

मसौली के देवकलिया निवासी संदीप कुमार वर्मा (43) बदोसरांय थाना क्षेत्र में मौलाबाद चौराहे पर निजी क्लीनिक चलाता था। बुधवार की रात करीब 10 बजे संदीप घर पहुंचे, जिसके बाद उनकी पत्नी आरती से विवाद हो गया। विवाद के बाद आरती घर से बाहर चली गई थी। गुरुवार सुबह जब आरती कमरे में पहुंची तो संदीप का शव छत में लगे छल्ले से मफलर के सहारे लटका मिला। मृतक के पिता सूर्य प्रकाश वर्मा ने बताया कि करीब छह माह से कलह के चलते आरती बाराबंकी में रही। वहीं संदीप की पहली पत्नी से 18 वर्षीय पुत्र दिव्यांशु उनके साथ रहता है। बताया कि संदीप की पहली पत्नी अलग हो चुकी है। करीब 10 वर्ष पूर्व संदीप का दूसरा विवाह मसौली के ग्राम ठाकुरिया निवासी राममिलन की पुत्री आरती से हुआ था, जिससे 6 वर्षीय पुत्र अयांश है। थाना प्रभारी अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। उधर सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मणपुर में रहने वाले मंगल रावत की पत्नी सावित्री का शव घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। गुरुवार की सुबह पति मंगल मंडी चला गया। घर से छोटे बेटे विकास ने इस घटना की सूचना पिता को दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**महाशिवरात्रि** | मेला परिसर में निगरानी के लिए सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे

# 4 जोन और 8 सेक्टरों में बंटा महादेवा मेला क्षेत्र

रामनगर, बाराबंकी

**अमृत विचार :** लोधेश्वर महादेवा में महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले फाल्गुनी मेले की सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे मेला क्षेत्र को 4 जोन और 8 सेक्टरों में बांटा गया।

जानकारी के अनुसार सात पुलिस क्षेत्राधिकारी 11 प्रभारी निरीक्षक तीस इंस्पेक्टर, 133 उप निरीक्षक, सात महिला उप निरीक्षक, 485 कांस्टेबल हेड कांस्टेबल, 100 महिला कांस्टेबल 115 होमगार्ड लगाए गए हैं। यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए 7 ट्रैफिक उप निरीक्षक 70 ट्रैफिक सिपाहियों को लगाया गया है। मेला परिसर में निगरानी के लिए सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। इसके अलावा अत्यधिक भीड़ वाले स्थानों पर एवं मंदिर परिसर में ड्रोन कैमरे से निगरानी की व्यवस्था की गई है। दो कंपनी पीएसी बम डिस्पोजल दस्ता फायर ब्रिगेड की टीम को भी तैनात रहेगा, वहीं रिजर्व पुलिस टीम के साथ मेला क्षेत्र में एंबुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित है। मेला परिसर के चारों ओर नो पार्किंग स्थल बनाए गए हैं, जहां पर छोटे-बड़े वाहनों को अलग-अलग पार्किंग करने की व्यवस्था रहेगी। इसके अलावा मेला क्षेत्र आने वाले सभी मार्गों पर 12 बैरियर लगे हैं। सभी जोन और सेक्टरों में पुलिस अधिकारियों के साथ जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की भी तैनाती रहेगी। जोनल की कमान एसडीएम और सीओ संभालेंगे वही सेक्टर में प्रभारी निरीक्षक और इंस्पेक्टर के साथ तहसीलदार नायब तहसीलदार रहेंगे। जिला मुख्यालय से लेकर मेला परिसर तक व्यवस्था सुचारु रूप से बनी रहे इसके लिए अन्य विभागों के अधिकारियों को भी सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। बहोनिया तालाब और अभरन पर पीएसी के गोताखोरों को मोटरबोट संग तैनात किया गया है।



महादेवा की ओर बढ़ते कांवर लिए भक्त। ● अमृत विचार

### भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं महादेव

लोधेश्वर महादेवा में कांवर लेकर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। महादेवा परिसर गुलजार होने लगा है। कानपुर के बिठूर से गंगाजल लेकर महादेवा पहुंचे जच्चे के महंत लाल ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से कावड़ लेकर लोधेश्वर महादेवा आ रहे। इससे पहले उनके पिताजी और बाबा लगातार कांवर लेकर प्रत्येक वर्ष आते रहे हैं। इसी तरह राजू, बराती लाल, ज्ञान प्रकाश, ज्ञानेंद्र, काशीराम, अमित, विशाल, जवाहरलाल आदि ने बताया कि पीढ़ी-दर-पीढ़ी उनके द्वारा इस परंपरा का निर्वाह किया जा रहा है। भोलेनाथ सदैव उनकी मनोकामना पूरी करते हैं। प्रत्येक वर्ष इसी खुशी में हम सभी लोग कांवर और गंगा जल लेकर चढ़ाने आते हैं।

### सड़क की गुणवत्ता पर सवाल, मरम्मत की मांग



जर्जर हुई सड़क। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनीकोडर में बनी सड़क की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं। भिटरिया-हैदरगढ़ मार्ग से वजीउद्दीनपुर तक लगभग एक किमी लंबा संपर्क मार्ग कुछ ही वर्षों में पूरी तरह जर्जर हो गया, जबकि यह सड़क अभी अनुरक्षण अवधि में है। ग्रामीणों ने अधिकारियों और ठेकेदार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जांच और सड़क की मरम्मत की मांग की है। मार्ग का निर्माण वर्ष 2021 में कराया गया था और 18 जनवरी 2021 को कार्य पूर्ण दर्शाया गया। नियमों के तहत सड़क की अनुरक्षण अवधि 10 जनवरी 2022 से 18 जनवरी 2027 तक निर्धारित है, जिसमें मरम्मत की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। बावजूद इसके सड़क की हालत बद से बदतर बनी हुई है। कई स्थानों पर डामर की परत उखड़ गई है और सड़क गिट्टियों में तब्दील हो चुकी है। सड़क निर्माण पर करीब 9.05 लाख रुपये खर्च किए गए थे, जबकि सामान्य अनुरक्षण के लिए 6.99 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई थी। बड़े-बड़े गड्ढे और टूटी सतह घटिया निर्माण व लापरवाह अनुरक्षण की पोल खोल रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासनका ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

### पौधरोपण में धांधली के विरोध में प्रदर्शन की चेतावनी



लहलहा रहीं फसल, मौके पर मौजूद किसान नेता मायाराम यादव व अन्य। ● अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** तकमियार में वन विभाग द्वारा कराए गए पौधरोपण को लेकर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। भाकियू धर्मेन्द्र गुट ने शीघ्र कार्रवाई न होने पर 12 फरवरी से जिला मुख्यालय पर बेमियादी प्रदर्शन की चेतावनी दी है। प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव के अनुसार बीते वर्ष ग्राम पंचायत की ओर से 81 हेक्टेयर भूमि वृक्षारोपण के लिए वन विभाग को प्रस्तावित की गई थी। आरोप है कि विभाग ने ग्राम समाज की जमीन पर खेती करने को लेकर कई किसानों के खिलाफ मुकदमे तक दर्ज करा दिए। इस वर्ष जब मौके की स्थिति का सत्यापन किया गया तो विभागीय दावों की पोल खुल गई। जिन स्थानों पर पौधरोपण दर्शाया गया था, वहां पौधों का कोई अस्तित्व नहीं मिला, जबकि उन्हीं खेतों में गेहूं, सरसों और गन्ने की फसलें लहलहा रही हैं। वन विभाग द्वारा पौधों की निराई-गुड़ाई, सिंचाई और रखवाली के नाम पर भुगतान किया गया है। जब मौके पर पौधे मौजूद नहीं हैं, तो इन कार्यों का भुगतान किस आधार पर किया गया।

### सिलाई मशीन, स्कूटी का झांसा दे लाखों की ठगी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री कौशल विकास मिशन के नाम पर ग्रामीण महिलाओं से लाखों रुपये ठग लिए गए। इन्हे सिलाई मशीन व स्कूटी का झांसा देने का लालच दिया गया। एक पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। असन्द्रा के नसीपुर मजरे मंशारा गांव की रहने वाली पूनम शर्मा ने पुलिस को बताया कि 24 अगस्त 2025 को दो अज्ञात युवक उसकी दुकान पर आए और खुद को पीएम कौशल विकास मिशन का कार्यकर्ता बताया। फ्री सिलाई मशीन योजना का फार्म बांटते हुए कहा कि रजिस्ट्रेशन कराने पर महिलाओं को निःशुल्क सिलाई मशीन और इनाम में स्कूटी मिलेगी। इसके लिए आधार कार्ड, दो फोटो और 254 रुपये जमा कराए गए। इसके बाद 28 अगस्त को एक महिला और दो पुरुष कार से दुकान पर पहुंचे। महिला ने अपना नाम कंचन बताया और खुद को मिशन का बड़ा अधिकारी बताते हुए करीब 100 महिलाओं से 255-255 रुपये, आधार कार्ड और फोटो लेकर रजिस्ट्रेशन किया और अपना कार्यालय अयोध्या बताते हुए रुपये लेकर चले गए। पीड़िता का कहना है कि 4 सितंबर को एक मोबाइल नंबर से फोन कर बताया गया कि फार्म अधिक होने के कारण उन्हें इनाम में स्कूटी और टैबलेट मिलेगा, जिसके रजिस्ट्रेशन के लिए 4806 रुपये मांगे गए। बारकोड भेजकर यह रकम भी जमा करा ली गई। इतना ही नहीं, 15 सितंबर को स्कूटी व टैबलेट कंटेनर से भेजने के नाम पर किराया भी वसूल लिया गया, लेकिन आज तक न सिलाई मशीन मिली और न ही स्कूटी व टैबलेट। इस तरह से आरोपियों ने योजना का झांसा देकर दर्जनों महिलाओं से हजारों रुपये ठग लिए।

### महिला से मारपीट व छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**सफदरगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना सफदरगंज क्षेत्र अंतर्गत एक महिला ने तीन लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट, छेड़खानी, और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस के कार्रवाई न करने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली, अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़िता के अनुसार, घटना 10 दिसंबर की है। वह अपनी पुत्री की दवा लेने के लिए सफदरगंज जा रही थी। उसके साथ ननद की पुत्री भी मौजूद थी। जैसे ही वह एक खेत के पास पहुंची, तभी गांव के ही मोहित निगम, सतीश निगम और शालिनी निगम ने उन्हें घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों व डंडों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि आरोपियों ने मौरंग चोरी की शिकायत का बदला लेने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान मोहित व सतीश निगम ने महिला के साथ छेड़खानी की, जबकि शालिनी निगम ने उसके कान के सोने के बाले नोच लिए। बचाने आई रानी के साथ भी मारपीट की गई। शोर-शराबा सुनकर राहगीरों के पहुंचने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम मित्तई निवासी मनोज कुमार (36) पुत्र गुरु प्रसाद की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बताया जा रहा कि बुधवार रात करीब 11 बजे वह अपने घर की छत पर चढ़ रहा था, तभी सीढ़ी से संतुलन बिगड़ने के कारण नीचे गिर पड़ा। हादसे के बाद परिजन गंभीर हालत में उसे एक निजी चिकित्सक के पास ले गए, जहां गुरुवार भोर में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी प्रभारी मित्तई अश्वनी कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों के अनुसार मनोज कुमार शराब के नशे में था और इसी वजह से वह सीढ़ी से गिर गया।

### लोक अदालत को सफल बनाने पर जोर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान 2.0 और राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार को लेकर बैठक आयोजित की गई। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय के विश्राम कक्ष में हुई बैठक की अध्यक्षता वन्दना सिंह ने की। बैठक में नालसा और सालसा की गाइडलाइनों के अनुसार अधिक से अधिक मामलों के चिन्हांकन और निस्तारण पर चर्चा की गई।

### 10 से 28 फरवरी तक ट्रिपल ड्रग थेरेपी अभियान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में 10 से 28 फरवरी तक आईडीए (ट्रिपल ड्रग थेरेपी) अभियान चलाया जाएगा। रॉयल ऑर्किड में मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में एसीएमओ डा. डीके श्रीवास्तव ने कहा कि फाइलेरिया के नए मामलों को पूरी तरह समाप्त करने के लिए हर पात्र व्यक्ति का दवा सेवन जरूरी है। कार्यक्रम में डब्ल्यूएचओ के स्टेट प्रतिनिधि नित्यानंद ठाकुर, पीसीआई के प्रतिनिधि खालिद, जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता, डीके श्रीवास्तव मौजूद थे।

### वार्षिकोत्सव व प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज पोखरा में वार्षिकोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर विधायक दिनेश रावत, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता राजू भैया, प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदरगढ़ पूनम कनौजिया, प्रधानाचार्य राकेश पांडे, प्रवक्ता श्वेता त्रिपाठी उपस्थित रहे। विधायक दिनेश रावत ने मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य राकेश पांडे ने आभार जताया।

### कार की टक्कर से घायल युवक की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गुरुवार को कार की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। मसौली के ग्राम डुबकी मजरे नेवला करसण्डा निवासी रामप्रसाद गौतम (40) आलम के साथ डीसीएम वाहन बनवाने के लिए सागर कालेज के सामने बुधवार को आधी रात के बाद पहुंचा था। इसी बीच उधर से गुजरी अज्ञात कार ने रामप्रसाद को जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

न्यूज ब्रीफ

## मिथिला पद्धति से हुआ श्रीराम का विवाह

**हरदोई, अमृत विचार।** भगवान श्री रामचंद्र जी के चरित्र में वृंदावन से आए हुए सुन्दर कलाकारों ने गुरुवार को राम विवाह की लीला का मंचन हुआ, जिसमें रामचंद्र जी का विवाह दिखाया गया। लीला में जनक महाराज ने नाई और ब्राह्मण को अयोध्या लग्न पत्रिका लेकर भेजा और राजा दशरथ जी को ज्ञात हुआ तो सभी बरात को सजाया और गुरु जी के साथ लेकर आए और जानवाशे में मिथिला की नारियां राम जी को लेने को विवाह मंडप तक पहुंची। राम जी और नारियों का सुंदर संवाद हुआ। सालियों ने गाली सुनाई, दुल्हन परीक्षण हुआ। मिथिला पद्धति से सुंदर श्री राम जी का विवाह हुआ और उसके बाद कुमर कलेवा दिखाया गया। सभी मिथिला की नारियों ने मिलकर दूल्हा दुल्हन दोनों को कलेवा कराया और गालियां भी सुनाई। परम पूज्य बक्सर वाले मामा जी श्री मननारायण जी महाराज की पद्धति से संपूर्ण हुआ सभी ने बड़ा आनंद किया। यह दृश्य देख सभी भक्त बड़े भावुक हुए।

# पत्रकार के उत्पीड़न पर हाईकोर्ट ने एसपी हरदोई को लगाई फटकार

## फर्जी केस में फंसाकर ईनाम घोषित करने व एनकाउंटर की धमकी देने का मामला

संवाददाता, लखनऊ


लखनऊ हाईकोर्ट बेंच।


एसपी आलोक मीणा।

- सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगाकर एसपी को गुमराह किया व आयोग में भी फर्जी रिपोर्ट प्रेषित कर दी

**अमृत विचार।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने हरदोई के एसपी आलोक मीणा को कड़ी फटकार लगाई है, हाईकोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि दिमाग़ खोलकर काम करें अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें। कोर्ट ने यह वार्निंग हरदोई पुलिस के एक ऐसे कारनामें पर जारी की है, जिसने क़ानून का खुला दुरुपयोग किया गया है।

दरअसल हरदोई के पत्रकार हरिश्याम बाजपेयी को वर्ष 2022 में कथित रूप से एक फर्जी केस में फंसा दिया गया था, जिसमें वे वर्ष 2024 से नियमित ज़मानत पर हैं, और प्रत्येक पेशी पर न्यायालय में स्वयं उपस्थित हो रहे हैं, बावजूद इसके हरदोई एसपी ने पत्रकार को केस में फरार बताते हुए वर्ष 2025 में 05 हजार का ईनाम घोषित कर दिया, जिसमें एनकाउंटर की भी लिखित रूप से धमकी दी गई, इसमें सीओ सिटी अंकित मिश्रा ने फर्जी एवं भ्रामक आख्या लगाकर न केवल पुलिस अधीक्षक को ही गुमराह किया बल्कि राज्य मानवाधिकार आयोग में भी अपनी फर्जी आख्या प्रेषित कर दी।

हालांकि आयोग में मामला अभी विचाराधीन है, किंतु हाईकोर्ट में वादी के अधिवक्ता तैफीक सिद्दीकी ने हरदोई पुलिस द्वारा क़ानून के खुला दुरपयोग करने पर मजबूती से बहस की और उच्च न्यायालय के उस आदेश का उलंघन बताया जिसके आधार पर पत्रकार को ज़मानत मिली है। हाईकोर्ट की जज बबिता रानी व मो. मोईन ने उक्त मामले की सुनवाई करते हुए हरदोई पुलिस को कड़ी फटकार लगाई। पुलिस को चेतावनी दी गई कि अपना दिमाग़ खोलकर काम करें भविष्य में पत्रकार के साथ कोई भी घटना होती है तो क़ानून के अनुसार पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस प्रकरण में वादी पत्रकार के अधिवक्ता ने यूपी के अपर मुख्य सचिव गृह, डीजीपी, एडीजी लखनऊ जोन, आईजी लखनऊ जोन, डीएम हरदोई एसपी, सीओ, एसएचओ, व चौकी इंचार्ज रेलवेगंज को पार्टी बनाया था।

# सड़क हादसों में तीन लोगों की मौत

संवाददाता, हरदोई


पायल, रजनीकांत व वेदराम की फाइल फोटो।

- कोतवाली देहात, बिलग्राम कोतवाली व साण्डी थाना क्षेत्र में हुईं दुर्घटनाएं

**अमृत विचार।** जिले में अलग-अलग सड़क हादसों में जीजीआईसी की छात्रा सहित तीन लोगों की मौत हो गई।

पहली घटना में कोतवाली देहात के खेतारी मजरा आशा निवासी गुड्डू की 16 वर्षीय पुत्री पायल जीजीआईसी में आठवीं की छात्रा था। इन दिनों उसकी परीक्षा चल रहीं थी। गुरुवार की सुबह पायल साइकिल से कालेज के लिए निकली, गांव से निकलते हुए मुरली पुरवा सीतापुर रोड की मोड़ पर पीछे से आ रही कार ने उसे ज़ोरदार टक्कर मार दी। जिससे पायल उछल कर सड़क पर जा गिरकर बुरी तरह ज़ख्मी हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर कार लेकर भाग गया। छात्रा को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। गुड्डू के दो बेटों हिमांशु व दीपांशु में पायल अकेली थी। इकलौती बेटी की मौत की खबर सुनते ही उसकी मां सुमन बदहवास हो गई।

दूसरी घटना बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र की है, जहां बेकाबू रफ्तार की चपेट में आए बाइक सवार की मौत हो गई। कोतवाली के झाला पुरवा मजरा बिरौरी निवासी रजनीकान्त (35) पुत्र ऊदन लाल पिता के साथ खेती-बाड़ी करता था। परिवार में पत्नी मीरा देवी, इकलौता बेटा अभिषेक है। पिता ऊदन लाल ने बताया कि बुधवार को वह बिलग्राम के बसहर गांव गया था, वहीं से देर शाम बाइक से वापस लौट रहा था। गांव से बाहर तेज़ रफ्तार गाड़ी की चपेट में आ गया। सिर में गहरी चोट पहुंचने से रजनीकांत बेहोश हो गया। उसी बीच पहुंची पुलिस उसे एम्बुलेंस-108 से ले कर सीएचसी पहुंची,लेकिन उसी बीच उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके पास मिले मोबाइल से उसके घर वालों को हादसे की सूचना दी।

तीसरी घटना साण्डी थाना क्षेत्र में साइकिल सवार राजमिस्त्री की ऑटो की टक्कर से मौत हो गई। साण्डी थाने के बखरियां निवासी वेदराम (48) पेशे से राजमिस्त्री था। उसके चाचा रजनीकांत ने बताया कि वेदराम का हरपालपुर कोतवाली के लमकन निवासी रामकिशन के यहां काम चल रहा था। उसके साथ गांव के ही प्रेम सागर और जीवाराम भी काम कर रहे थे। बुधवार की देर शाम तीनों लमकन गांव से लौट रहे थे। बखरिया मोड़ पर वेदराम को ऑटो ने टक्कर मार दी। उसे मेडिकल कालेज ले जाया गया लेकिन वहां पहुंचते ही वेदराम की मौत हो गई। परिवार में पत्नी निर्मला, दो बेटे और तीन बेटियां हैं।

# गंगा कटरी बचाओ अभियान तेज

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** कटरी क्षेत्र में गंगा की तेज धारा से उपजाऊ जमीन की कटान व विस्थापन की समस्या को लेकर बांगरमऊ गंगा कटरी बचाओ अभियान अब जन आंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इसके तहत बीते बुधवार गंगा तट पर स्थित गांव नया पुरवा में पीड़ित किसानों की बैठक हुई। इसमें केंद्र व प्रदेश सरकार से कटान की रोकथाम हेतु जल्द कारगर उपाय अमल में लाने की मांग की गई।

कटरी क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी संजीव त्रिवेदी एडवोकेट व संत फलाहारी बाबा भी बैठक में पहुंचे। इसमें किसानों ने अपनी पीड़ा बताई और गंगा कटान रोकने की मांग की। पीड़ित किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा गंगा की धारा मोड़ने के लिए लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस-वे से ट्रांस गंगा सिटी कानपुर तक फोरलेन का मजबूत तटबंध बनवाया जाए और कटान से गंगा में समा चुकी किसानों की जमीन का मुआवजा दिया जाए। बैठक में किसानों ने बताया कि हर वर्ष कटान से सैकड़ों बीघा कृषि भूमि नदी में समा जाती है और कई गावों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। शिक्षा, स्वास्थ्य व आवागमन की सुविधाएं भी कटान व बाढ़ में ध्वस्त हो चुकी हैं। पीड़ित किसानों का दर्द सुनने के बाद एडवोकेट संजीव त्रिवेदी ने कहा कि यह केवल सड़क या तटबंध का मुद्दा नहीं बल्कि हजारों लोगों के जीवन व भविष्य का सवाल है। फलाहारी बाबा ने इसे क्षेत्र के अस्तित्व की लड़ाई बता त किसानों से संगठित होकर इस मुद्दे को सरकार के समक्ष उठाने की अपील की। बैठक में राधेलाल, रामसेवक निषाद, नन्हेलाल निषाद, शिव गोपाल, सरजू प्रसाद, शिव शंकर व प्रेम यादव आदि किसान शामिल हुए।


लोधेश्वर महादेव के लिये जाते कांवड़ियां। अमृत विचार

## बम-बम भोले के उद्घोष के साथ लोधेश्वर महादेव के लिये निकले 300 कांवड़ियां

**परियर उन्नाव, अमृत विचार।** स्थानीय गंगातट से जल लेकर बाराबंकी जिले के लोधेश्वर महादेव में जलाभिषेक के लिए परियर गांव के 300 कांवड़ियों की टोली गुरुवार सुबह बम–बम भोले के उद्घोष के साथ डीजे व डोल की धुन पर पैदल निकली। टोली के महंत श्री राम रामकृष्ण प्रभु ने बताया कि इस बार यह 43वीं कांवड़ यात्रा है। यह लोग स्थानीय गंगातट से जल भरकर 170 किमी दूर बाराबंकी जिले में लोधेश्वर महादेव जलाभिषेक करने जाते हैं। कावरियों की टोली में शामिल भोले से यदि रस्ते में कोई गलती होती है तो महंत उन्हें दंड देते हैं। महंत का निर्णय सर्वमान्य होता है। कांवरिया प्रदीप कश्यप, शिवम, करन, बजरंगी, लाला व राकेश आदि ने बताया कि परियर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर महादेवा में जल चढ़ाने का संकल्प लेकर निकलते हैं और लोधेश्वर मंदिर तक पहुंचने में 40 से 45 घंटे लगते हैं। फिर वहां जलाभिषेक कर पूजा करने के बाद विश्राम करते हैं। दूसरे दिन टोली की ओर से महादेवा में भंडारा किया जाता हैं।

## पत्नी से विवाद के बाद युवक ने ससुराल में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** ससुराल आए युवक ने पत्नी से विवाद के बाद खेत में लगे पेड़ पर फांसी लगा जान दे दी। सूचना पर पहुंचे युवक के परिजन शव लेकर घर लौट गए। कानपुर नगर के थाना व गांव अरौल निवासी पिंटू (45) मजदूरी करता था। परिजनों के मुताबिक वह शराब का लती था। इससे उसका पत्नी से अक्सर विवाद होता था। बताते हैं कि वह नशे में पत्नी से मारपीट करता था। इससे आजिज होकर पत्नी सुषमा बेटे दीपू, रोहित व बेटी रिशु व सोनम को लेकर 2 साल से बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत मेला आलम शाह गांव स्थित मायके में थी। बताते हैं कि पिंटू नशे में ससुराल आया। जहां उसने घर चलने की बात को लेकर सुषमा से गाली–गलौज की। इसके बाद पिंटू देरशाम ससुराल से चला आया। रात में उसका शव ससुराल के बाहर एक खेत में लगे पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका देख लोगों ने इसकी सूचना पत्नी को दी। जानकारी पर अरौल से आए परिजनों ने शव फंदा काटकर नीचे उतारा और शव लेकर घर चले गए। कोतवाल अखिलेश चंद्र पांडेय ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। यदि तहरीर मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी भावभीनी विदाई

**पिहानी/हरदोई।** सेंट ज़ेवियर्स स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित विदाई समारोह (फेयरवेल पार्टी) हर्षोल्लास, उत्साह और भावुक पलों के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय प्रबंधन की गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे समारोह के दौरान खुशियों, यादों और भविष्य की उम्मीदों का अनोखा संगम देखने को मिला ।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं स्वागत भाषण के साथ हुई। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए विशेष रूप से आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां तैयार की थीं। मनमोहक नृत्य, समूह गीत, हास्य–व्यंग्य से भरपूर अभिनय एवं प्रेरणादायक नाटिका (स्किट) ने उपस्थित सभी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया और सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा ।नाटिका के माध्यम से विद्यार्थियों ने विद्यालय जीवन की यादों, संघर्षों और उपलब्धियों को भावपूर्ण अंदाज में प्रस्तुत किया, जिसे देखकर कई विद्यार्थी भावुक भी हो उठे ।समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं और प्रतिभा प्रदर्शन के आधार पर आकांक्षा सिंह को "मिस ज़ेवियर्स" तथा फैसल खान को "मिस्टर ज़ेवियर्स" के खिताब से सम्मानित किया गया।

## कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, रायबरेली।

पत्रांक: 4661/पं0/आर0जी0एस0ए0/डिजिटल लाइब्रेरी/निविदा/2025–26 दिनांक: 04.02.26

**निविदा**

जनपद रायबरेली की प्रथम चरण में अनुमन्य 178 पूर्व निर्धारित ग्राम पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना हेतु फर्नीचर के क्रय हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में रू0–70000/– की दर से कुल रू0–12460000/– धनराशि के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की गई है। नियम और शर्ते जेम पोर्टल पर उपलब्ध है।

(सौम्य शील सिंह)
जिला पंचायत राज अधिकारी,
रायबरेली।

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पॉलिसी सं0–233058812 में मेरा नाम श्री राजू अली पुत्र याकूब अली अंकित है। जबकि मेरे आधार व बैंक में मेरा नाम मो0 आसिफ पुत्र याकूब अली अंकित है। आज से मुझे राजू अली उर्फ मो0 आसिफ पुत्र याकूब अली दोनों नामों से जाना व पहचाना जाये। **राजू अली उर्फ मो0 आसिफ पुत्र याकूब अली नि0 मो0 125/44 ब्लाक एल, गोविन्द नगर, कानपुर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रदीप कुमार अग्रहरि पुत्र राम नारायण अग्रहरि नई बाजार, नगर पंचायत, पर0 व तहसील सलोन, जिला रायबरेली का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम हिमेश अग्रहरि व जन्मतिथि 10–08–1991 अंकित है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम प्रदीप कुमार अग्रहरि और जन्मतिथि 10.08.1982 है। जिसे आधार कार्ड में अंकित किया जाना है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि-पत्र**

"ई–निविदा सूचना सं.: DYCE-CON-LJN-11-2025, जिसकी टेण्डर क्लोजिंग दिनांक 06-02-2026 को 15:00 बजे थी, को आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर तकनीकि कारणों से निरस्त कर दिया गया है।"

उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण-I,
मुजाधि/डब्लू-450 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

धारा– 9 हिन्दू विवाह अधिनियम
पेशी– 07.03.2026

**प्रारूप संख्या–3**

**कुटम्ब न्यायालय श्रीमान प्रधान न्या0 महोदय परिवार न्यायालय हरदोई**

**याचिका संख्या 1100/ वर्ष 2024**

**याची नितिनपाल पुत्र सुधीर कुमार पाल निवासी ग्राम गुरसण्डा थाना टड़ियावां पोस्ट काला आम, तह0 व जिला हरदोई**

**बनाम**

**प्रत्युत्तरदाता श्रीमती शिवानीपाल पुत्री राम प्रतापपाल पत्नी नितिन पाल हाल निवासी– ग्राम वर्तमान पता– अहाता कप्तान हबीबपुर थाना रामकोट जिला सीतापुर व हुसैनगंज थाना– सिधौली पोस्ट– हुसैनगंज, तह0 व जिला सीतापुर**

चूंकि उक्त नामित याची ने आपके विरूद्ध याचिका संस्थित किया है। जैसा कि याचिका में वर्णित है। आपके एतद् द्वारा इस न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आप पर इस समन की तामीली से तीन सप्ताह के भीतर न्यायालय की अनुमति से वकालतनामा दाखिल करने की अपेक्षा की जाती है। और चूंकि वाद 07.03.2026 के 10 बजे दिन को न्यायाधीश के समक्ष निर्देश के लिए रखा जाएगा, इसलिए आपको एतद्वारा ...... के ...... ..दिन दोपहार पूर्व 11:00 बजे याची के दावा का उत्तर देने के लिए न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित के लिए समन किया जाता है। और यह और सूचना ग्रहण कीजिए कि यदि आप अपनी व्यक्तिगत उपस्थित या वकालतनामा में असफल, जैसा कि ऊपर निर्देश दिया गया है। या यदि आप पूर्व वर्णित दिन को न्यायाधीश के समक्ष उपस्थित रहने में असफल रहते है। तो यचिका को उस दिन किसी पश्चात्वर्ती दिन को अप्रतिरक्षित रूप में अमान्य किये जाने का आदेश दिया जा सकता है। और आप अपने विरूद्ध डिक्री या आदेश पारित किये जाने के लिये दायी होंगे। यह ........ के ........ दिन को पूर्वोक्त ........ प्रमुख न्यायाधीश से ....... लिखा गया।

**प्रधान न्यायाधीश**
**कुटम्ब न्यायालय**
**हरदोई**

**सूचना**

पहले मेरा नाम VASEE ROON NISHA था अब बदलकर VASHIRUN NISHA रख लिया है भविष्य में मुझे VASHIRUN NISHA के नाम से जाना व पहचाना जाये। W/0-RAFIQUL ISLAM ADD-QASBA,DEOGAON POST-P/S-DEOGAON DIST-AZAMGARH-276201(U.P.)

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटि के कारण AZIM AHAMD लिख गया है। जबकि हाई स्कूल के अंक पत्र में मेरा नाम AZIM AHMAD लिखा है और यही सही है। अत: अब मुझे AZIM AHMAD के नाम से ही जाना पहचाना जाय।

**सूचना**

पहले मेरा नाम OSAMA था अब मैने अपना नाम बदलकर OSAMA KHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। OSAMA KHAN S/0-YUNUS KHAN ADD-VILL-POST&HEMPUR SIRSIYA DIST-SHRAWASTI (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD MAROOF से बदलकर MOHD MAROOF रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। MOHD MAROOF S/0-MOHAMMAD KHALIL ADD-VILL AND POST-SAIDANPUR DIST-BARABANKI-225206 (U.P)

**सूचना**

मैंने अपनी पुत्री रुद्रांशी ठाकुर का नाम वाणी ठाकुर रख दिया है। अब इसे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। सरकारी अभिलेखों में भी वाणी ठाकुर ही लिखा व पढ़ा जाए। **एकता श्रीवास्तव पत्नी अर्पित कुमार ठाकुर, निवासी विनीत खंड, गोमती नगर लखनऊ।**

**Public Notice**

I have changed my name from IKBAL AHAMAD to IQBAL AHMAD. Henceforth, I should be known and identified by the name IQBAL AHMAD.IQBAL AHMAD (Ikbal Ahmad), son of Akbar Ali, resident of 41 Lalganj, District Balrampur.

**सूचना**

पहले मेरा नाम HARJEET था अब मैने बदलकर अपना नाम HARJEET NISHAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O TADAKNATH , SARAIYA MAFI PS BALDIRAI SULTANPUR UP 227812

**सूचना**

पहले मेरा नाम MOHAMMAD ASIF KHAN था अब मैने बदलकर अपना नाम MD ASIF KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे MD ASIF KHAN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- MOHAMMAD MUSHTAQ KHAN R/O- 544-K/639 SARDAR NAGAR BISMIL COLONY NEAR LAL MASJID BALAGANJ LUCKNOW

**सूचना**

पहले मेरा नाम ARSALA KHATOON था अब मैने बदलकर अपना नाम ARSALA BANO रख लिया है भविष्य में मुझे ARSALA BANO के नाम से जाना व पहचाना जाए। W/O- ABU TALHA R/O- VILL MUZASA MALIHABAD, LUCKNOW

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरा इंटरमीडिएट का अंक पत्र और प्रमाण पत्र गांव से शाहाबाद आने पर 04. 02. 2026 को वास्तव में कहीं खो गये है। **विपिन शर्मा निवासी मोहल्ला कटरा तहसील शाहाबाद जिला हरदोई**

**सूचना**

मेरा पुत्र अनुज कुमार उर्फ लकी मेरे कहने में नहीं है। मुझे परेशान करता है जिसके चलते मैंने उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है । अब मेरा उससे कोई वास्ता सरोकार नहीं है। अपने किए गए कार्यो का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मैं/ **सूर्य प्रसाद पुत्र स्वर्गीय सुंदरलाल निकट शीतला मंदिर सराफा मंडी लालगंज रायबरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SALEEM AHMAD S/O ABUL WAHID था जो कि मैने अपना नाम बदलकर MOHD SALEEM S/O ABUL WAHID रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **निवासी मोहल्ला मंसूरगंज थाना दरगाह शरीफ जनपद बहराइच यूपी।**

**सूचना**

मेरी यूपी बोर्ड हाईस्कूल वर्ष 2005 अनुक्रमांक 2423659 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2007 अनुक्रमांक 1383560 अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है। **लालमणि मौर्य पुत्र खेदूराम मौर्य निवासी ग्राम व पोस्ट कटरिया याकूबपुर, तहसील अकबरपुर, जिला – अंबेडकरनगर।**

**बेदखली सूचना**

मैं **वहीद अहमद सुत स्व0 सईद अहमद, निवासी ग्राम–कोटिया थाना–कुड़वार जिला–सुलतानपुर,** मेरा पुत्र अमीर उल्ला व उसकी पत्नी सायरा बानों हमेशा मुझसे व पास पड़ोस के लोगों से लड़ाई झगड़ा करती रहती है जिससे मेरी सामाजिक छवि धूमिल हो रही है। मेरे कहने सुनने में नहीं है। उपरोक्त लोगों के व्यवहार से परेशान होकर अपनी सम्पूर्ण चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ अगर मेरे पुत्र अमीर उल्ला व बहू सायरा बानों के द्वारा कोई भी आपराधिक कार्य किया जाता है तो मेरा व मेरे परिवार वालो से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम PARDEEP दर्ज हो गया है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं हाई स्कूल के मार्कशीट पर मेरा सही नाम PRADEEP है। मेरा नाम PRADEEP मेरे सभी दस्तावेज में मान्य होगा । प्रदीप (PRADEEP) पुत्र नंदलाल (NANDLAL) ग्राम व पोस्ट भगतपुर, थाना अतरौलिया, तहसील बूढ़नपुर जिला आजमगढ़ उत्तर प्रदेश

## कार्यालय नगर पंचायत सलोन जनपद–रायबरेली

पत्रांक: 689/अधि0अधि0न0प0स0/ई–टेण्डर/2025–26 दिनांक 03.02.2026

**संशोधित ई–निविदा सूचना**

एतद्वारा ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में पेयजल हेतु व्यवस्था के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि से नगर पंचायत सलोन में निम्नांकित कार्य हेतु यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स/ कान्ट्रैक्टर्स/बेन्डर्स से दिनांक– 04.02.2026 से 25.02.2026 सांय 05:00 बजे तक ई–निविदाएं आमन्त्रित की जाती है. जिसकी समस्त कार्यवाही www.etender.up.nic.in पर ही की जायेगी। दिनांक 26.02.2026 को पूर्वान्ह 11.00 बजे निविदाएँ खोली जायेगी। किसी एक अथवा समस्त टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। शासन के निर्देशानुरूप जी.एस.टी. भी मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। नोट–शासन द्वारा स्वीकृत प्रथम किस्त की धनराशि से नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी एवं अवशेष भुगतान द्वितीय किस्त प्राप्त/स्वीकृत होने पर नियमानुसार किया जायेगा।

**टेण्डर शेड्यूल (www.etender.up.nic.in पर)**

| क्र0 | नगर पंचायत | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Tender Release | | 04.02.2026 | - |
| 2. | | Tender Download | 05.02.2026 | 25.02.2026 |
| 3. | | Bid Submission | 05.02.2026 | 25.02.2026 सायं 05 P.M. |
| 4. | Bid Opening | | 26.02.2026 पूर्वान्ह 11 A.M. | |

**''कार्य–विवरण''**

| क्र0 सं0 | कार्य स्थल का विवरण | अनुमानित लागत (GST रहित) | जमानत राशि 10 प्रति0 | निविदा फार्म शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगर पंचायत सलोन में रम्मा का पुरवा से बाबू के पुरवा तक पाइप लाइन का कार्य। | 1707050 | 170750 | 2050 | 01 माह |
| 2. | नगर पंचायत सलोन में रऊजा से पम्प हाउस तक पाइप लाइन का कार्य। | 1451340 | 145150 | 1750 | 01 माह |
| 3. | नगर पंचायत सलोन में प्राइमरी स्कूल से रम्मा का पुरवा तक पाइप लाइन का कार्य । | 1732380 | 173250 | 2050 | 01 माह |
| 4. | नगर पंचायत सलोन में वार्ड नं0 02 में प्रतापगढ़ मेन रोड़ से पाइप लाइन का कार्य। | 2329120 | 232950 | 2750 | 01 माह |
| 5. | नगर पंचायत सलोन में पेयजल व्यवस्था हेतु विभिन्न स्थानों पर 10 एच0पी0 मिनी ट्यूबवेल अधिष्ठापन का कार्य। | 1658040 | 165850 | 2000 | 01 माह |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

प्रशासक
नगर पंचायत सलोन
रायबरेली

## कार्यालय नगर पालिका परिषद रायबरेली

पत्रांक: 61/न0पा0परि0/ज0क0/2025–26/ दिनांक: 03/02/2026

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर पालिका परिषद रायबरेली द्वारा पंजीकृत फर्मो/नगर पालिका परिषद मे अधिकृत निर्माताओं/ अधिकृत विक्रेताओं/फर्म/डीलरों से राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फन्ड के अन्तर्गत कराये जाने वाले कार्यो के बाबत दिनाक 09.02.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन उपस्थित निविदा दाताओं/ प्रतिनिधियों के समक्ष अपरान्ह 4:00 बजे खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनाक 11.02.2026 को प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह 3:00 बजे तक जलकल कार्यालय कैनाल रोड से निर्धारित मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है, जो बिकने के पश्चात वापस नही होगे। निविदा पडने व बिकने के दिन यदि अवकाश पड़ जाता है तो सम्बन्धित कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जायेगी। सभी निविदाओ के साथ 2% प्रतिशत जमानत धनराशि एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/के0वी0पी0/टी0डी0आर0 के रूप में लगाना अनिवार्य होगा जा अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद रायबरेली के नाम बन्धक हो, मान्य होगा। बिना जमानत धनराशि वाली निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा0 अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद रायबरेली में निहित है। कार्य से सम्बंधित विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में जलकल अभियन्ता कार्यालय नगर पालिका परिषद कैनाल रोड रायबरेली से प्राप्त की जा सकती है। विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | मात्रा | अनुमानित आगणन रू0 +(18%) जी0एस0 टी0 सहित | धरोहर धनराशि 2% | निविदा प्रपत्र का मूल्य +(18%) जी0एस0टी0 सहित | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न शिरोपरि जलाशयों की सफाई का कार्य कराया जाना है। 1. राजकीय कालोनी टंकी, 2. आवास विकास टंकी, 3. इन्दिरा नगर टंकी, 4. आनन्द नगर टंकी, 5. एम.जी.आई.सी.टंकी, 6. नयापुरवा टंकी 7. गुलाब रोड टंकी. 8. प्रगतिपुरम टंकी, 9. आनन्दर नगर सी.डब्लु. आर. 10. शिवाजी नगर सी डब्लु आर. 11. तिलक नगर टंकी, 12. टाऊन हॉल टंकी 13. शिवाजी नगर टकी, 14. अलीमियाँ कालोनी, 15. किलासीवर टंकी, 16. चकधौरहरा गडरियन का पुरवा खसपरी टंकी | 16 अदद | 733370.00 | 14667.00 | 1180.00 | एक माह |

नियम व शर्ते :– 1– निर्धारित अभिलेख व शर्ते पूरा न करने पर प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
2– कार्य संतोषजनक होने पर भुगतान आदि की प्रकिया की जायेगी।

(स्वर्ण सिंह)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद रायबरेली

(शत्रोहन सोनकर)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद रायबरेली

# रोडवेज की घटती आय पर विभाग चिंतित

## क्षेत्रीय प्रबंधक ने एआरएम व डिपो इंजार्ज के साथ बैठक कर सुधार करने के दिए कड़े निर्देश

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राज्य सड़क परिवहन निगम के क्षेत्रीय कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक इंजीनियर रमेश कुमार ने की। बैठक में क्षेत्र के सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक (एआरएम) और डिपो इंचार्ज मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य निगम की आय में आ रही गिरावट की समीक्षा करना और संचालन व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर देना रहा। बैठक के दौरान क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश कुमार ने निगम की कम होती आमदनी पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी और सक्रियता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि किसी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही सामने आई तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।


अधिकारियों को निर्देश देते क्षेत्रीय प्रबंधक इं. रमेश कुमार।

### समय-समय पर बसों की औचक जांच करें

**हरदोई।** यातायात निरीक्षकों की बैठक करते हुए विशेष निर्देश दिए गए कि वे समय-समय पर बसों की औचक जांच करें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि बसें निर्धारित स्टॉपेज और तय स्थानों से ही संचालित हों। यात्रियों को अनावश्यक असुविधा न हो, इसके लिए बस संचालन की निगरानी और मजबूत की जाए। क्षेत्रीय प्रबंधक ने यात्रियों से फीडबैक लेने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से लिया जाए, ताकि सेवा गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। साथ ही बसों में तैनात ड्राइवर और कंडक्टर के व्यवहार पर भी नजर रखने के निर्देश दिए गए,



जिससे यात्रियों के साथ शालीन और बेहतर व्यवहार सुनिश्चित हो सके। बैठक के अंत में उन्होंने कहा कि निगम की आय बढ़ाने और सेवा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे जमीनी स्तर पर निगरानी बढ़ाएं और परिवहन व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# आज से 8 तक सजेगा ज्योतिष का दरबार, विनोद दुबे बताएंगे भविष्य

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में आज से आठ फरवरी तक ज्योतिष का भव्य दरबार सजेगा। जबलपुर से पधारे प्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य पंडित विनोद दुबे इस दौरान पर्ची वाले व्यक्ति के भविष्य का हाल बताएंगे। आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन लगभग 50 पर्चियां निकाली जाएंगी, जिनके माध्यम से देश भर से आए लोगों को ज्योतिषीय मार्गदर्शन दिया जाएगा।

इसी कार्यक्रम के उपलक्ष्य में नघेटा रोड स्थित एक लॉन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए ज्योतिष आचार्य पंडित विनोद दुबे ने बताया कि यह आयोजन पूरी तरह जनकल्याण और आध्यात्मिक उद्देश्य से किया जा रहा है। प्रेस वार्ता में आरएसएस के नि. जिला कार्यवाह संजीव खरे, भाजपा के पू जिलाउपाध्यक्ष अजय अवस्थी, भाजपा के मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, भाजपा नेत्री पारिषा तिवारी, अमित दीक्षित, रोहित मिश्र मौजूद रहे।


जानकारी देते पं. विनोद दुबे।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रद्धांजलि सभा में याद किए गए अरुणेश वाजपेयी

**हरदोई, अमृत विचार।** गांधी जनकल्याण समिति सहित विभिन्न संस्थाओं की ओर से गांधी भवन प्रार्थना सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारिता क्षेत्र से जुड़े रहे सामाजिक एवं सांस्कृतिक व्यक्तित्व स्मृतिशेष अरुणेश वाजपेयी को शिक्षा, साहित्य, मीडिया सहित विभिन्न क्षेत्रों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को सराहा। बताया कि स्व.वाजपेयी की सामाजिक यात्रा को याद करने के लिए 8 फरवरी को विभिन्न संस्थाओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित होगी।

### लखनऊ पैंथर्स का हिस्सा बने श्रवण

**हरदोई।** हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के सीनियर खिलाड़ी



श्रवण गुप्ता जल्द ही लखनऊ प्रीमियर लीग में लखनऊ पैंथर्स के तरफ से खेलते नजर आएंगे। हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा व कोषाध्यक्ष अतुल मिश्रा ने श्रवण बधाई दी।

### कथावाचक व कवि श्याम सुन्दर का निधन

**हरदोई, अमृत विचार।** कथावाचक एवं कवि श्याम सुन्दर त्रिपाठी "श्याम" का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने



लखनऊ के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके पार्थिव शरीर को उनके गांव कछौना लाया गया है। महाकवि कालिदास के अभिज्ञान शाकुन्तलम् का पद्यानुवाद करके उन्हें अधिक ख्याति मिली। मुरादाबाद मंडल में उन्होंने रेलवे को अपनी सेवाएं दीं थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को प्रात: 11 बजे कछौना में किया जाएगा।


बैठक करते राज्य सूचना आयुक्त पद्म नारायण द्विवेदी। अमृत विचार

# शिकायतों का समय से और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें : पद्म नारायण

**हरदोई, अमृत विचार।** राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश पद्म नारायण द्विवेदी ने पीडब्लूडी गेस्ट हाउस में राजस्व, गृह, ग्राम विकास, समाज कल्याण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य विभागों के जन सूचना अधिकारियों एवं प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लम्बित शिकायतों की समीक्षा की। आयुक्त ने अधिकारियों से कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त समस्त अपीलों एवं शिकायतों का ससमय गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें और शिकायत निस्तारण की सूचन संबंधित आवेदनकर्ता को भी उपलब्ध करायें। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली गई कलश यात्रा

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** ब्लाक शाहाबाद अंतर्गत ग्राम विलालपुर शर्मा हाल्ट में 38वें श्री गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव की महिलाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। गांव की महिलाएं अपनी पारंपरिक वेश- भूषा में सज कर सिर पर और हाथों में कलश लेकर भजन गाते हुए इस कलश यात्रा में शामिल हुई। श्री गायत्री यज्ञ समिति के सदस्य कवि डॉ. रोहित सिंह गौर के अनुसार श्री गायत्री महायज्ञ का 38 वां आयोजन किया गया है। इसकी शुरुआत सन 1987 से परम पूज्य श्री रामस्वरूप ब्रम्हचारी जी के तत्वावधान में हुई थी। तब से यह कार्यक्रम अनेक उतार-चढ़ावों के साथ अनवरत रुप से प्रति वर्ष फाल्गुन मास में आयोजित होता आ रहा है।

# परिषदीय विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में किया जाए विकसित : डीएम

संवाददाता, हरदोई

**अ मृत विचार।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित विवेकानंद सभागार में जनपद के विभिन्न अधिकारियों द्वारा गोद लिए गए परिषदीय विद्यालयों के कायाकल्प और वहां की शैक्षणिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक गोद लिया गया विद्यालय जनपद के लिए एक 'मॉडल विद्यालय' के रूप में उभरना चाहिए। जिलाधिकारी ने डिजिटल प्रेजेंटेशन के माध्यम से एक-एक विद्यालय की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से उनके द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों में कराए गए कार्यों का विवरण मांगा और अब तक हुई प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने को कहा। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विद्यालयों में हो रहे किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शौचालय एवं स्वच्छताः छात्राओं और छात्रों के लिए अलग-अलग क्रियाशील शौचालयों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. अजीत सिंह, डीडीओ और अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।


विद्यालयों की समीक्षा बैठक करते डीएम व सीडीओ। अमृत विचार

# इतिहास से वर्तमान व ज्ञान से जाना भविष्य

**हरदोई, अमृत विचार।** नवाचार के तहत पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर के बच्चे इतिहास से वर्तमान और ज्ञान से भविष्य से रू-ब-रू हुए। नवाचार के तहत पीएम श्री विद्यालय के बच्चों को ज्ञानवान,जागरूक और उन्हे भविष्य के लिए सक्षम बनाया जा रहा है। बावन ब्लाक के पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर में प्रातः कालीन सभा के दौरान बच्चों को नवाचार के तहत सामान्य ज्ञान के इतिहास के बारे में बताया गया। पूरे विश्व और अपने देश कब क्या-क्या हुआ? उसकी जानकारी साक्षा की गई। दल बदल निरोधक कानून को 1985 में राज्यसभा ने मंजूरी दी थी, 1963 में मोर को राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया था। प्रधानाध्यापक हेमंत कुमार पाण्डेय ने बताया कि सरकार नवाचार के माध्यम से बच्चों को ज्ञानवान, जागरूक और उन्हे भविष्य के लिए सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

# ग्राम समाज की भूमि पर हो रहा निर्माण रोकवाया

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- जेसीबी लगाकर ग्राम प्रधान करा रहा था नींव की खोदाई
- एसडीएम के आदेश पर पहुंचे लेखपाल ने कार्य बंद कराया

**अमृत विचार।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत सहोरा के प्रधान राजीव कुमार द्वारा गुरुवार को सुबह 10 बजे जेसीबी मशीन के माध्यम से ग्राम समाज की जमीन पर नींव खोदने का कार्य किया गया। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल किया। ग्राम प्रधान का दावा है कि यह जमीन उसकी है। फिलहाल तहसील प्रशासन ने नींव खुदाई का कार्य रुकवा दिया है।

ग्राम पंचायत सहोरा में प्रधान ने अपनी जमीन बता कर ग्राम समाज की जमीन पर जेसीबी लाकर नींव खोदने का कार्य प्रारंभ किया। प्रधान द्वारा ग्रामीणों को गुमराह किया गया कि यह उसकी अपनी जमीन है। ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद एसडीएम के आदेश पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर प्रधान द्वारा किया जा रहे अवैध निर्माण कार्य को रुकवा दिया। इस संबंध में आरोपी ग्राम प्रधान का कहना है कि उक्त जमीन उसकी है। राम रूप प्रधान ने उसे रसीद काट कर दी थी।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान दो पक्षों में मारपीट

**हरदोई, अमृत विचार।** सण्डीला कस्बे में अतिक्रमण हटाने के दौरान दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई,जिसका लाइव सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही सनसनी फैल गई है। पुलिस का कहना है कि वीडियो से उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। मामला बुधवार का है, सण्डीला कस्बे में राधा कृष्ण मंदिर के पास अतिक्रमण विरोधी अभियान चल रहा था, वहीं अतिक्रमण हटाने को लेकर दो पक्षों में कहासुनी शुरु हुई और देखते ही देखते ऐसा तूल पकड़ा कि झगड़ा हो गया। वहां लगे सीसीटीवी में सारा कुछ कैद हो गया। कुछ ही देर बाद वही लाइव वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की पड़ताल करते हुए उपद्रवियों की पहचान की जा रही है, ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# हमारा आंगन हमारे बच्चे में निपुण लक्ष्य पर दिया जोर

**पिहानी, हरदोई अमृत विचार।** गुरुवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र पिहानी पर खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह की अध्यक्षता में पूर्व प्राथमिक शिक्षा के तहत हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के विकास खण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि गौरव गुप्ता ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों व बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षकों द्वारा बच्चों को निपुण बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि अमित सिंह ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शिक्षा के लिए नगर पालिका परिषद हर संभव सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहेगी। साथ ही अविका मौर्या (प्रा.वि. भरौना), आशुतोष पाल (प्रा.वि. शाहपुर सैदान), सर्वजीत (प्रा.वि. गदनहिया), नेहल (प्रा. वि. नेवदिया) सहित अनेक बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।


कार्यक्रम में अतिथियों के साथ सम्मानित बच्चे। अमृत विचार

# एक मंच पर दिखीं विभिन्न प्रांतों की दुल्हनें


विभिन्न प्रांतों के परिधानों में दुल्हन के रूप में सजीं छात्राएं। अमृत विचार

**हरदोई, अमृत विचार।** युवा महोत्सव का चतुर्थ दिन बहुत ही हर्षोल्लास के साथ शुरू किया गया। डॉ स्मृति सिंह के निर्देशन में अंग्रेजी विषय विषय में वाक् प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में राजस्थानी, ईसाई, मुस्लिम, दक्षिण भारतीय, पंजाबी, पाकिस्तानी विभिन्न प्रांतों एवं जगहों की दुल्हनों ने रंगीन छटा बिखेरी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका मे डॉ सुमन वर्मा और प्रो. सरिता यादव रहीं। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर इशिता, द्वितीय स्थान पर रिया शुक्ल तथा तृतीय स्थान पर रिद्धिमा रहीं। डॉ. जायरा जैदी के निर्देशन में ब्राइडल मेकअप सज्जा प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने मनमोहन तरीके से रंगोली सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल की भूमिका में नीता आर्या, प्रो. सरिता यादव, डॉ अंजू रहीं जिसमें प्रथम स्थान पर वैष्णवी गुप्ता, द्वितीय स्थान पर तोषी चतुर्वेदी और तृतीय स्थान पर स्तुति सांत्वना अनम और महविश को मिला। युवा महोत्सव की अंतिम दिन की अंतिम प्रस्तुति डॉ श्वेता यादव के निर्देशन में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

# महिला की पीटकर हत्या पति, जेठ व देवर पर आरोप

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** ससुराल में महिला की पीटकर हत्या कर दी गई। पिता का आरोप है कि पति के अलावा जेठ व देवर ने उसकी पुत्री की हत्या की और शव छोड़कर भाग गए। पहले आत्महत्या का मामला बताया जा रहा था, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की बात सही निकली।

लखीमपुर ज़िले के मुजफ्फरपुर थाना पसगवां निवासी जगतपाल ने साल 2016 में अपनी पुत्री लक्ष्मी (30) की शादी मझिला थाने के समुदा निवासी महेश के साथ की थी, उसके दो बेटियां हैं। जगत पाल ने बताया कि दामाद रोहतक (हरियाणा) में रहकर मेहनत-मज़दूरी करता था, लक्ष्मी भी वहीं रहती थी। इधर एसआईआर 2.0 में शामिल होने के लिए लक्ष्मी 2 फरवरी को पति के साथ गांव पहुंची थी। बुधवार की शाम लक्ष्मी की मौत की खबर सुनकर समुदा पहुंचे जगतपाल का कहना है कि लक्ष्मी का शव कमरे में जमीन पर पड़ा था। उसके कपड़े फटे और कमरे में टूटी चूड़ियां बिखरी पड़ी थी। पिता ने दामाद और उसके छोटे और बड़े भाई पर हत्या का आरोप लगाते हुए सूचना पुलिस को दी। गुरुवार की देर शाम लक्ष्मी की पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई,जिसमें उसके सिर में लाठी-डंडों की चार गहरी चोट देखी गई, साथ ही दोनों कंधों और गर्दन पर भी चोंट थी, रिपोर्ट में सिर में गहरी चोंट पहुंचने से मौत होने की बात कही गई है। पुलिस ने अब आगे की कार्रवाई शुरु कर दी है।

# दबंगों ने सड़क पर निर्माण कर बंद किया रास्ता परेशान महिला तहसील परिसर में धरने पर बैठी

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका की उदासीनता से आहत महिला गुरुवार को बिलग्राम तहसील में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गई। इससे अधिकारियों में हड़कंप मच गया, बाद में एसडीएम ने महिला को न्याय दिलाने का भरोसा देकर धरना खत्म कराया।

सांडी नगर पालिका क्षेत्र के मोहल्ला नौशहरा पश्चिमी निवासी वंदना अवैध निर्माण की शिकायत लेकर तहसील पहुंचीं और दरी बिछाकर बैठ गईं। हालांकि उपजिलाधिकारी के पहुंचते ही महिला धरने से उठ गईं और उनसे मुलाकात कर अपनी समस्या दोबारा रखी। पीड़िता का आरोप है कि नगर पालिका की सार्वजनिक सड़क पर कुछ लोगों द्वारा शौचालय व टैंक का अवैध निर्माण कर लिया गया है, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। महिला ने बताया कि इस अवैध निर्माण के खिलाफ मोहल्लेवासियों ने भी विरोध दर्ज कराया, लेकिन नगर पालिका प्रशासन ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। नगर पालिका सांडी के अधिशासी अधिकारी से लेकर एसडीएम तक कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें कीं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। जिससे उसे मजबूर होकर धरने पर बैठना पड़ा। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम एन. राम ने महिला को कार्यालय में बुलाकर उसकी बात सुनी और मामले की जांच कर नगर पालिका सड़क से अवैध कब्जा जल्द हटवाने का भरोसा दिया। एसडीएम के आश्वासन के बाद महिला ने धरना समाप्त कर दिया।


एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठी पीड़िता वंदना।

- एसडीएम ने महिला को बुलाकर सुनी समस्या, दिया न्याय का भरोसा

मनमानी | बीएसए ने संबद्ध कर्मचारियों को बीएसए कार्यालय में किया तैनात

# शिक्षा निदेशक के निर्देशों की हो रही अनदेखी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शासन स्तर से संबद्ध कर्मचारियों को लेकर स्पष्ट निर्देश जारी होने के बावजूद बेसिक शिक्षा विभाग में नियमों की अनदेखी का मामला सामने आया है।

शिक्षा निदेशक (बेसिक) द्वारा बीएसए को निर्देश दिए गए थे कि शासन की अनुमति लिए बिना कार्यालयों में संबद्ध रूप से कार्यरत कर्मचारियों का समृद्धिकरण समाप्त किया जाए। इसके लिए 24 दिसंबर 2025 को जारी आदेश में यह भी कहा गया था कि यदि समृद्धिकरण समाप्त करने से किसी शिक्षण संस्था के बंद होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो ऐसी दशा में बिना शासन अनुमति के समृद्धिकरण समाप्त न किया जाए। बल्कि ऐसी स्थिति में प्रस्ताव तैयार कर शिक्षा निदेशक, महानिदेशक स्कूल शिक्षा को एक जनवरी तक भेजे जाने के निर्देश दिए गए थे। निर्देशों में यह भी उल्लेख किया गया था कि यदि किसी प्रकार की अनुमति आवश्यक प्रतीत होती है तो बीएसए कार्यालय को अटैच कर्मचारियों का विवरण व औचित्य सहित प्रस्ताव निर्धारित तिथि से पहले उपलब्ध कराना होगा, लेकिन कि बीएसए डॉ. अजीत सिंह ने शिक्षा निदेशक के निर्देशों का अनुपालन नहीं किया। बताया गया कि बीएसए ने 30 जनवरी को आदेश जारी करते हुए बीएसए कार्यालय में अटैच कर्मचारियों को प्रशासनिक जिम्मेदारियां आवंटित कर दीं। आदेश के अनुसार ब्लॉक बाबू, कार्यालय सहायक मनोज मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, पवन कुमार, अजय कुमार, गुलशन और गार्गी को अब अपने मूल कार्यस्थल यानी बीआरसी/खंड शिक्षा कार्यालय में कार्य न करके सीधे बीएसए कार्यालय में सेवाएं देने के निर्देश दिए गए हैं। इस निर्णय से संबंधित ब्लॉकों के बीआरसी कार्य प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार इन कर्मचारियों के बीएसए कार्यालय में स्थानांतरण से ब्लॉक स्तर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यालयों से जुड़े कार्यों में बाधा आएगी। शिक्षकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अब खंड शिक्षा कार्यालय की बजाय बीएसए कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ेंगे। इससे शिक्षकों और कर्मचारियों दोनों को अनावश्यक परेशानी झेलनी पड़ सकती है।

इतना ही नहीं, विभाग में चर्चा है कि जिन लिपिकों को कार्यालय में पटल आवंटित किया गया है, उनमें से कुछ कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में स्पष्ट रूप से अंकित है कि उन्हें कोई विशेष पटल न दिया जाए। इसके बावजूद उन्हें महत्वपूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारियां सौंपे जाने पर सवाल उठने लगे हैं। अब यह मामला विभाग में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# हज़रत हकीम अब्दुल हमीद शाह का उर्स संपन्न

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** कस्बा के मोहल्ला मंगल बाज़ार स्थित खानकाहे साग़रया चिश्तिया में हज़रत हकीम अब्दुल हमीद शाह मुमताज़ आलम रह०का दो दिवसीय सालाना उर्स पूरी अकीदत, एहतराम और रूहानी माहौल के बीच सम्पन्न हुआ। उर्स के मौके जुमेरात को सज्जादा नशीन मुईज़उद्दीन अहमद साग़री चिश्ती की मौजूदगी में मज़ार का ग़ुस्ल कराया गया। इसके बाद गुलपोशी और चादरपोशी की रस्म अदा की गई। महफ़िले समां का आयोजन हुआ, जिसमें सूफ़ियाना कलाम और कव्वाली पेश की गई। परंपरागत कुल की रस्म के दौरान दूर-दराज़ से आए अकीदतमंदों ने मजार पर चादरें चढ़ाईं और मुल्क में अमन-चैन, भाईचारे व खुशहाली की दुआएं मांगीं।

# यूजीसी नीट परीक्षा में जिले की आस्था त्रिवेदी ने हासिल की बड़ी सफलता

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट परीक्षा में जिले की आस्था त्रिवेदी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संगीत विषय में आस्था त्रिवेदी ने 300 में से 242 अंक प्राप्त किए और 100 पर्सेंटाइल स्कोर हासिल किया। इस प्रदर्शन के आधार पर उन्हें जेआरएफ (जूनियर रिसर्च फ़ेलोशिप) और असिस्टेंट प्रोफेसर दोनों के लिए योग्य घोषित किया गया है। परीक्षा में संगीत विषय के लिए कुल 5406 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 4228 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। आस्था त्रिवेदी ने मास्टर डिग्री के आधार पर आवेदन किया था और सामान्य श्रेणी से परीक्षा दी। आस्था ने सेंट जेम्स से कक्षा 12 तक की शिक्षा प्राप्त की है। संगीत के क्षेत्र में आस्था की पहचान लगातार मजबूत होती रही है। दूरदर्शन के प्रतिष्ठित शो वाह उस्ताद सहित कई रियलिटी शोज़ में उन्होंने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है और वर्तमान में दूरदर्शन की स्थापित कलाकार हैं। अंतर्ध्वनि, गजानन सेवा समिति, हरदोई मेला महोत्सव के विभिन्न कार्यक्रमों सहित जनपदीय, प्रादेशिक व राष्ट्रीय मंचीय कार्यक्रमों में जीत हासिल करते हुए वे इस मुकाम तक पहुंची हैं। आस्था की सफलता पर उनकी माता अंजू त्रिवेदी और पिता श्याम नारायण त्रिवेदी ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस उपलब्धि को संगीत क्षेत्र में करियर की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


आस्था त्रिवेदी।

# कोर्ट के आदेश पर तालाब की भूमि पर बनीं तीन दुकानें ध्वस्त

## सदरपुर में तालाब की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला, पुलिस और पीएसी बल की तैनाती में हुई कार्रवाई

सदरपुर, सीतापुर।

- समाजसेवी की पीआईएल पर हाईकोर्ट ने दिए थे सख्त निर्देश
- 55 साल पुरानी तीन दुकानों पर जेसीबी से कार्रवाई

**अमृत विचार :** महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के सदरपुर कस्बे में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश पर गुरुवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तालाब की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाया। तहसील प्रशासन ने जेसीबी की मदद से तीन सगे भाइयों की करीब 55 वर्ष पुरानी तीन दुकानों को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ पीएसी बल तैनात रहा। प्रशासन और दुकानदारों के बीच नोकझोंक भी हुई, हालांकि पुलिस की सख्ती के चलते कार्रवाई पूरी कराई गई।



ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कराती प्रशासनिक टीम। अमृत विचार

सदरपुर कस्बे में तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर समाजसेवी रौशन खां ने बीते वर्ष 19 दिसंबर को इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में जनहित याचिका (पीआईएल) दाखिल की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने पाया कि गाटा संख्या 379, रकबा 0.746 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में तालाब के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर कस्बे के असगर अली, इमरान और फुरकान द्वारा अवैध कब्जा कर दुकानें निर्मित की गई थीं।

याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अतुल कुमार सिंह ने अदालत को अवगत कराया कि वर्ष 2002 में कुछ निजी व्यक्तियों के बीच सिविल वाद दाखिल हुआ था, जिसमें अस्थायी निषेधाज्ञा पारित की गई थी, लेकिन उस वाद में न तो राज्य सरकार, न ग्रामसभा और न ही राजस्व विभाग को पक्षकार बनाया गया था। बाद में तालाब की भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर तहसीलदार महमूदाबाद ने वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत बेदखली के आदेश पारित किए थे, जिनका अब तक क्रियान्वयन नहीं हो सका था। ऐसे में हाईकोर्ट ने स्पष्ट टिप्पणी करते हुए प्रशासन को शीघ्र अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। इसी आदेश के अनुपालन में गुरुवार को तहसीलदार अनिल कुमार राम राजस्व टीम के साथ बुलडोजर लेकर मौके पर पहुंचे। उनके साथ सीओ वेद प्रकाश श्रीवास्तव, आसपास के थानों की पुलिस फोर्स और पीएसी बल मौजूद रहा। नापजोख के बाद जेसीबी से रिजवान, फुरकान और इमरान की दुकानों को ढहा दिया गया। कार्रवाई के दौरान दुकानदारों ने विरोध जताया और तहसील प्रशासन पर आरोप लगाए। एसडीएम बीके सिंह ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन किया गया है।

### गेहूं का समर्थन मूल्य जारी, पंजीकरण शुरू

**सीतापुर। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन ने रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य घोषित कर दिया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी के अनुसार, इस वर्ष गेहूं रुपये 2585 प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जाएगा, जो पिछले वर्ष से एक सौ साठ रुपये अधिक है। जनपद में कुल 78 क्रय केंद्र खाद्य विभाग, पीसीएफ, पीसीयू आदि स्वीकृत किए गए हैं। किसान विभागीय वेबसाइट fcs.up.gov.in पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पुराने किसानों को नया पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं है, लेकिन विवरण संशोधित कर उसे 'लॉक' करना अनिवार्य होगा।

### न्यूज ब्रीफ

#### रंजिश में बुजुर्ग की पिटाई, गंभीर

**लहरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसुरा बेलवा में पुरानी रंजिश के चलते एक बुजुर्ग की जमकर पिटाई की गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसुरा बेलवा निवासी संजय पुत्र श्रीधर के मुताबिक, उसके पिता श्रीधर पुत्र कुंदन देर शाम अपने पोते को खिलाते हुए घर की तरफ आ रहे थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव का लंकेश उर्फ उपेंद्र पुत्र कामता ने अपने घर के पास में मेरे पिता को गंदी-गंदी गालियां देने लगा और विरोध करने पर नल के लोहे के डंडे से मेरे पिता को मारा- पीटा। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि संजय की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

#### ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने बांटी स्टडी टेबल

**सीतापुर।** सिधौली स्थित शहीद भगत सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय, बेहमा चौकी में अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शीर्ष चार विद्यार्थियों को स्टडी टेबल भेंट कर पुरस्कृत किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उपेंद्र यादव और विद्यालय के प्रबंधक कुलदीप सिंह ने विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आसिम, दुर्गेश सिंह, महेंद्र सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

#### तय समय पर कार्य न होने पर होगी कटौती

**इमलिया सुल्तानपुर, सीतापुर, अमृत विचार :** ऐलिया ब्लॉक स्थित प्राचीन भीरानाथ मंदिर के पास विकसित किए जा रहे पर्यटन स्थल का जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी गति और गुणवत्ता में खामियां मिलने पर उन्होंने जिम्मेदारों को कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने 15 दिनों के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए समय सीमा के उल्लंघन पर भुगतान में कटौती की चेतावनी दी। निरीक्षण के दौरान कार्यदाई संस्था के एपीएम इरफान सिद्दीकी, जेई प्रतीक सिंह, ठेकेदार जयकरन सिंह व इंजीनियर सुशील यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

#### प्रभु राम ने किया ताड़का और खर-दूषण का वध

**औरंगाबाद।** स्थानीय मेला मैदान में आयोजित श्रीरामलीला के तीसरे दिन कलाकारों ने ताड़का वध और खर-दूषण संहार का जीवंत मंचन किया। मंचन की शुरुआत में महर्षि विश्वामित्र द्वारा राजा दशरथ से राम-लक्ष्मण को मांगने और राजगुरु वशिष्ठ के समझाने पर दशरथ द्वारा सहर्ष विदा करने के दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात, महर्षि के साथ सिद्धाश्रम जाते समय भगवान राम ने निर्भीकता का परिचय देते हुए भयंकर राक्षसी ताड़का का वध किया। लीला के अगले चरण में यज्ञ की रक्षा करते हुए प्रभु राम ने उत्पाती राक्षस खर और दूषण का संहार कर ऋषि-मुनियों के भय को दूर किया। यज्ञ की निर्विघ्न पूर्णता और राक्षसों के अंत पर उपस्थित दर्शकों ने जय श्रीराम के जयघोष से समूचा पंडाल गुंजायमान कर दिया।

#### नैमिषारण्य में नेटवर्क सिग्नल की बाधा

**नैमिषारण्य।** डिजिटल इंडिया के इस दौर में जहां दुनिया तेज नेटवर्क की रफ्तार से जुड़ रही है, वहीं सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड के उपभोक्ता आज भी सिग्नल के लिए छतों की खाक छान रहे हैं। जनपद में विशेषकर नैमिषारण्य क्षेत्र में बीएसएनएल की सेवा लगभग ठप है। ऑनलाइन पढ़ाई कर रहे प्रतियोगी छात्रों के लिए यह नेटवर्क बड़ी बाधा बन गया है। अभ्यर्थी राहुल, रमेश, सुरेश, कामता प्रसाद आदि का कहना है कि घंटों इंतजार के बाद भी एक पेज डाउनलोड नहीं होता, जिससे उनका कीमती समय बर्बाद हो रहा है।

#### लटका मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नेरी।** महोली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमिर्ता में युवक का शव लटका मिला। खेत की मेड़ पर लगे पेड़ से लटकी लाश को लेकर परिजनों ने संदेह जताया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। महोली कोतवाली क्षेत्र का चकडेरा गांव वासी मुकेश (25) पुत्र रामसेवक जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत था। परिजनों के मुताबिक, घर से निकलकर के बाद वापस नहीं लौटा, बाद में उसका शव खेत की मेड़ पर लगे शहतूत के पेड़ से लटकते हुए मिला, सूचना मिलने के बाद पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू की। प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर पांडेय ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका है। मामले में जांच की जा रही है।



प्राधिकरण की बैठक में मौजूद अधिकारी।

### शिविर की तैयारियों को लेकर बैठक

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं प्रभारी जनपद न्यायाधीश श्री ज्ञान प्रकाश-तृतीय के मार्गदर्शन में आज जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दो महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया। सचिव विजय भान ने दोपहर एक बजे मध्यस्थ अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। इसमें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा संचालित 'विशेष मध्यस्थता अभियान दो' के तहत लंबित वादों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। साथ ही, आगामी चौदह मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने की रणनीति साझा की गई। दोपहर डेढ़ बजे नोडल अधिकारी/अपर जिला जज श्री भगीरथ वर्मा की अध्यक्षता में 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा शिविर की तैयारियों की समीक्षा की गई।

## जिलाधिकारी ने महोली-ऐलिया ब्लॉक का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

अमृत विचार IMPACT

**सोलर लाइटों पर डीएम की दो टूक**

- प्रकाश व्यवस्था को लेकर जताई नाराजगी, दिए कड़े और स्पष्ट निर्देश, अमृत विचार ने उठाया था मुद्दा

**अमृत विचार:** निर्माण कार्य और प्रकाश व्यवस्था की कलई खुलने पर जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कड़े निर्देश दिए। महोली और ऐलिया ब्लॉक क्षेत्र में हुए निरीक्षण के दौरान मिली अनियमितता के चलते विभागीय अधिकारियों को फटकार का सामना करना पड़ा।

अमृत विचार ने महोली तहसील क्षेत्र की प्रकाश व्यवस्था और निर्माण कार्य को लेकर सिलसिलेवार मुद्दे उठाए। जिसे डीएम राजा गणपति आर. ने गंभीरता से लिया। डीएम ने सबसे पहले उप निबंधक कार्यालय महोली के भवन निर्माण कार्य को देखा, पिलर और शौचालय निर्माण में पारदर्शिता को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए। बाद में विकास खण्ड ऐलिया के ग्राम रोजहा पोस्ट धौरेमऊ स्थित प्राचीन शिव मंदिर की इंटर लाकिंग और सोलर लाइट का हाल जाना तो अनियमितता पाई गई, प्रकाश व्यवस्था में पाई गई अनियमितता को लेकर विभागीय अधिकारियों को खरी-खरी का सामना करना पड़ा। इस दौरान तहसील और ब्लॉक के अधिकारी मौजूद थे।



इंटरलाकिंग का मौका मुआयना करते जिलाधिकारी। अमृत विचार



कनेक्शन न बिल फिर भी जली स्ट्रीट लाइट

गुरुवार के अंक में प्रकाशित खबर।

### पुलिस की प्रभावी पैरवी से दोषियों को जेल

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में की गई गुणवत्तापूर्ण विवेचना और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी के चलते अलग-अलग मामलों में न्यायालय ने पांच अभियुक्तों को कड़ी सजा सुनाई है। थाना रामकोट क्षेत्र के एक पुराने मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्ता करुणा सिंह और कामिनी सिंह द्वारा पांच-पांच वर्ष के कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई गई। उधर, थाना संदना क्षेत्र के अभियुक्त मुन्ना को पॉक्सो एक्ट और एससी / एसटी एक्ट के तहत तीन वर्ष के कारावास व अठ्ठारह हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। थाना मछरेहटा में दर्ज बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ बुद्धा को तीन वर्ष की कैद और दस हजार रुपये जुर्माने की सजा दी है साथ ही एक अन्य मामले में अभियुक्त रामखेलावन को एससी / एसटी एक्ट के तहत तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई।

## भाषा और गणित के अनुभव किये साझा

संवाददाता, लहरपुर।

**अमृत विचार :** समग्र शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर आउट आफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए शिक्षकों को दिए जा रहे तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण का समापन किया गया।

प्रशिक्षण में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों के नोडल शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में आउट आफ स्कूल एवं ड्राप आउट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने एवं उन्हें विशेष रोचक और प्रेरणा दायक शिक्षण विधियों के बारे में जानकारी दी गई एवं कक्षा शिक्षण का अभ्यास भी कराया गया। प्रशिक्षण में संदर्भ दाता के रूप में एआरपी ऋषिकेश बाजपेई, अंकुर शुक्ला, सुरेश कुमार, संदीप कुमार ने अपने विचार प्रस्तुत किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक और प्रशिक्षक अनवर अली ने भी भाषा और गणित विषय के शिक्षण के बारे में अपने अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण में रामचंद्र वर्मा, मोहम्मद आमिर, राजेश कुमार, सरोज कुमार वर्मा, महफूज खां, जितेन्द्र सिंह, मोहम्मद रफीक सहित सभी नोडल शिक्षक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक। अमृत विचार

## रेउसा पुलिस ने गिरफ्तार किया अंतर्जनपदीय हिस्ट्रीशीटर

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत रेउसा पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक शातिर अंतर्जनपदीय अपराधी को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है, जिस पर विभिन्न जनपदों में करीब पैंतालिस आपराधिक मामले दर्ज हैं।

हिस्ट्रीशीटर के पास से असलहा बरामद पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशानुसार और क्षेत्राधिकारी बिसवां अमन सिंह के निगरानी में थाना रेउसा पुलिस द्वारा सघन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर शर्मा लोनिया निवासी ग्राम ढेनुआ, रेउसा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

वहीं, पकड़ा गया अभियुक्त थाना रेउसा का हिस्ट्रीशीटर है। उस पर सीतापुर के अलावा बहराइच, बाराबंकी, खीरी और लखनऊ सहित कई जिलों में चोरी, नकबजनी और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर धाराओं में पैंतालिस मुकदमे दर्ज हैं। इस गिरफ्तारी में रेउसा थाने के उप-निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल राहुल कुमार और आरक्षी विशेष भाटी की मुख्य भूमिका रही।



सीतापुर-बहराइच मार्ग पर सुबह घने कोहरे के बीच विद्यालय जाते छात्र।

### सुबह-शाम कोहरे और शीतलहर का कहर

**संवाददाता, सीतापुर।** जनपद में दिन की गुनगुनी धूप के बाद सुबह-शाम होने वाली कड़ाके की ठंड और घने कोहरे ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आठ किमी/घंटा की रफ्तार से चली ठंडी हवाओं ने परेशानी बढ़ा दी। सुबह के समय दृश्यता घटकर महज उन्नीस मीटर रह गई। हाईवे और ग्रामीण मार्गों पर वाहन चालक दिन में भी हेडलाइट जलाकर रेंगने को मजबूर रहे। दिन में निकली हल्की धूप शीतलहर के आगे बेअसर साबित हुई। शाम होते ही बाजारों में सन्नाटा पसर गया और लोग अलाव व हीटर के सहारे नजर आए। स्कूल जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले कर्मचारियों को भीषण ठंड के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम वैज्ञानिक एके सिंह के अनुसार, आने वाले दिनों में पारा और गिर सकता है। कोहरे और शीतलहर से फिलहाल राहत मिलने की उम्मीद फरवरी माह में नहीं है, जिससे ठंड का प्रकोप और गहरा सकता है।

## 'मिशन रोजगार' के तहत रोजगार मेलों का आगाज

संवाददाता, सीतापुर।

**कसमंडा में जुटे युवा**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन रोजगार अभियान को गति देते हुए जनपद सीतापुर के विभिन्न विकास खंडों में एक दिवसीय रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को विकासखंड कार्यालय, कसमण्डा में सुबह दस बजे से भव्य रोजगार मेले का आयोजन होगा।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए जनपद की विभिन्न विधानसभाओं में मेले आयोजित किए जा रहे हैं। रोजगार मेले में 18 से 35 वर्ष की आयु के बेरोजगार अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। जिसमें हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, परास्नातक एवं आईटीआई/डिप्लोमा उत्तीर्ण अभ्यर्थी सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, स्टोरकीपर, सेल्स ऑफिसर आदि पदों के लिए दस हजार से बीस हजार प्रति माह तक की नौकरी के लिए rojgaarsangam.up.gov.in पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं प्रशासन ने आगामी दिनों के लिए भी कार्यक्रम निर्धारित किया है ताकि जिले के कोने- कोने से युवा इसका लाभ उठा सकें।



कोतवाली में खड़े सीज किये वाहन। अमृत विचार

### ट्रैक्टर-ट्राली और पांच ऑटो सीज

**संवाददाता, लहरपुर। अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में परिवहन विभाग ने जांच अभियान चलाया। विभागीय कार्रवाई में ट्रैक्टर ट्राली व पांच सीएनजी ऑटो सीज कराए गए। नगर क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाकर 5 सीएनजी रिक्शा व एक ट्रैक्टर ट्राली को उचित प्रपत्र ना दिखा पाने पर कोतवाली में सीज करा दिया गया। परिवहन विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई की भनक लगते ही भारी संख्या में संचालित होने वाले ई रिक्शा मुख्य मार्ग को छोड़कर संपर्क मार्गों के भाग निकले, यही नहीं कृषि कार्य को छोड़कर समानांतर ट्रांसपोर्ट व्यवसाय को चला रहे ट्रैक्टर ट्राली भी सड़क से गायब हो गये केवल एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ही परिवहन विभाग के हाथ लगी। अपराध निरीक्षक साबिर अली ने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा 5 सीएनजी ऑटो व एक ट्रैक्टर ट्राली को कोतवाली में सीज कराया गया है।

## चुनाव आयोग को भेजे भाजपा के झंडे

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

- 757 फर्जी फॉर्म-सात जमा करने का दावा, एफआईआर की मांग
- महोली से मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर गरमाई सियासत

**अमृत विचार:** जनपद की महोली विधानसभा सीट पर मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर सियासी पारा गरमा गया है। समाजवादी पार्टी ने सत्तारूढ़ दल पर गंभीर आरोप लगाते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या का प्रयास बताया है।

सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर को शिकायती पत्र सौंपकर महोली विधानसभा में बड़े स्तर पर धांधली का दावा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब दस गांवों के सात सौ सत्तावन वैध मतदाताओं के नाम काटने के लिए फर्जी हस्ताक्षरों से फॉर्म-सात जमा किए गए हैं। अनूप गुप्ता के अनुसार, मृत या बाहरी बताकर पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग के जीवित मतदाताओं को सूची से बाहर करने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि फर्जी फॉर्म भरने वालों से शपथ पत्र लिया जाए या उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए।



भाजपा के झण्डे लिफाफे में रखते सपा छात्र सभा जिलाध्यक्ष शिवम सिंह।

### सपा छात्र सभा ने कड़ा रूख अख्तियार किया

सपा छात्रसभा ने भी इस मुद्दे पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। जिलाध्यक्ष शिवम सिंह ने भारतीय डाक के जरिए चुनाव आयोग को भाजपा के झंडे भेजे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि आयोग को सत्तारूढ़ दल के इशारे पर ही काम करना है, तो उसे अपने दफ्तर पर भाजपा का झंडा लगा लेना चाहिए।

> मतदाता सूची प्रकाशन से पहले आपत्तियां ली जा रही हैं। फर्जी हस्ताक्षरों की शिकायतों की पृथक जांच होगी और बिना ठोस कारण के किसी भी मतदाता का नाम विलोपित नहीं किया जाएगा। **-महेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार महोली**

## वार्षिक खेलकूद में काजल-मनीष चमके

संवाददाता, महमूदाबाद।

- जेएलएन पालीटेक्निक में तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुरू

**अमृत विचार :** नगर के जवाहर लाल नेहरू पालीटेक्निक में शैक्षिक सत्र के तीन दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. अम्मार रिज़वी ने पंडित नेहरू की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद मार्चपास्ट की सलामी लेकर प्रतियोगिताओं का उद्घाटन किया।

संस्थान के खेल मैदान पर आयोजित इस समारोह में छात्र-छात्राओं ने खेल भावना और देशभक्ति का अद्भुत प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य सी.पी. त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की और खेलों को व्यक्तित्व विकास के लिए अनिवार्य बताया। छात्राओं के स्वागत गीत और छात्रों के देशभक्ति गीतों ने उपस्थित जनसमूह में जोश भर दिया। आठ सौ मीटर दौड़ में बालकों ने मनीष कुमार प्रजापति ने प्रथम, शिवम भारती ने द्वितीय और आर्यन सिंह चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आठ सौ मीटर दौड़ बालिकाओं ने काजल वर्मा और पूजा देवी ने शानदार प्रदर्शन कर बाजी मारी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में रमेश बाजपेई, चंद्र भूषण शुक्ला, राजेश सिंह और पूर्व नपा अध्यक्ष सुरेश वर्मा सहित कई गणमान्य नागरिक और शिक्षक उपस्थित रहे।





वार्षिकोत्सव में मंचासीन डॉ. अम्मार रिजवी। अमृत विचार

### वान्या ने बढ़ाया जिले का मान, नेट परीक्षा पास की

**महमूदाबाद, सीतापुर।** सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के पुरातन विद्यार्थियों ने यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र के साथ कालेज का मान बढ़ाया है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन की 2018 बैच की मेधावी छात्रा महमूदाबाद के बेलदारी टोला के गिरीश चंद्र मिश्र की बेटी विदुषी मिश्रा ने पहले अटेम्प्ट में नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसी कालेज की पुरातन छात्रा बेलदारी टोला के स्व. लक्ष्मी नारायण गुप्त की पुत्री वान्या गुप्ता ने यूजीसी नेट की परीक्षा पहले प्रयास में उत्तीर्ण की। कालेज के छात्र सुमली नगर सरैंया राजा साहब के आनंद यादव ने यूजीसी नेट जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की। कालेज की छात्रा बेलदारी टोला की अशोक नाग की पुत्री आयुषी नाग ने यूजीसी नेट कामर्स की परीक्षा उत्तीर्ण की है।



विदुषी मिश्रा

## विषम परिस्थितियों में धैर्य आवश्यक

महमूदाबाद, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जीवन की जटिल गॉठों को सुलझाकर सयंमित, सीमित संसाधनों में प्रसन्नता पूर्वक रहने की कला का नाम है स्काउट-गाइड। मन में दृढ़ता से लिया गया संकल्प अवश्य पूरा होता है। स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण का प्रमुख उद्देश्य बच्चों को संस्कारवान बनाने के साथ विषम परिस्थितियों में धैर्य के साथ अपनी व अन्य लोगों की सहायता करना है।

उक्त बातें सीनियर प्रशिक्षक अनिल बंशवार ने सीता ग्रुप आफ एजूकेशन की श्यामदासपुर में संचालित आशुतोष बृजमोहन लाल मेमोरियरल कालेज में चल रहे त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन मौजूद प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुए कही। तीन दिवसीय स्काउट-गाइड के शिविर में शिविरार्थियों को अल्प संसाधनों से जीवन जीने की जानकारी दी गयी। स्काउट-गाइड प्रशिक्षकों में दीपक राठौर, अनिल बंशवार, संजय कुमार व पूजा वर्मा, प्रतिभा ने स्काउड व गाइडों को प्रशिक्षण प्रदान किया। शिविर में ध्वजारोहण के पश्चात प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, ध्वज शिष्टाचार, स्काउट गाइड का संक्षिप्त इतिहास, स्काउट व गाइड का आयुवार वर्गीकरण के बाद छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षकों ने टोली विधि, साटी व हाथ के संकेत, प्राथमिक सहायता व हाइक के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष वाजपेयी, ऋतुजा वाजपेयी, प्रिंसिपल आलोक सिंह, स्काउट टीचर आशुतोष शुक्ल, गाइड टीचर दीक्षा तिवारी व क्रीडा प्रभारी पुष्पराज सिंह मौजूद रहे।



प्रशिक्षण में सम्मिलित छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### घर में घुसा घायल बारहसिंघा, वन विभाग ने पहुंचाया अस्पताल

**अटौरा :** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे लाला का पुरवा गांव में एक घायल बारहसिंगा घर में घुस गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बारहसिंघा को रेस्क्यू कर नजदीकी पशु उपचार केन्द्र भेजा है। ग्रामीणों ने बताया कि मोहल्ले के बच्चे खेल थे तभी एक बारहसिंघा दौड़ते हुये हरिशंकर विश्वकर्मा के मकान में घुस गया। घर में हिरण देख महिलाऐं व बच्चे चिल्लाते हुए बाहर आ गए। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने काफी मशक्तत के बाद हिरण को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। उसे पशु चिकित्सालय अटौरा उपचार के लिए ले जाया गया। डॉ. वीके त्रिपाठी ने बताया हिरण का उपचार किया जा रहा है।

### ब्लैकमेल करने का महिला पर आरोप

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के इतुली के रहने वाले शिवभवन दीक्षित पुत्र हरिश्चंद्र दीक्षित ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि लालापुरी मजरे गौरा खसपरी की रहने वाली एक महिला मेरे भाई रमाकांत दीक्षित को आए दिन फर्जी छेड़खानी और ढाई लाख रुपए की मांग करती थी। पैसे देने से मना करने पर महिला द्वारा पीड़ित के भाई की बाइक रखवा ली और कहा कि जब पैसा दोगे तभी बाइक देंगे। उसके बाद फर्जी धमकी देकर जेल भेजवाने की बात कह रही थी। समाज की भय और लज्जा के कारण रमाकांत दीक्षित ने आत्महत्या कर ली। शिव भवन दीक्षित की तहरीर पर प्रेमवती पत्नी सज्जन पासी निवासी ग्राम लालापुरी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

### लड़की भगाने का मुकदमा दर्ज

**लालगंज :** कोतवाली क्षेत्र के ठकुराइन खेड़ा मजरे यूसुफपुर गांव की एक महिला ने अपनी भतीजी को बहला फुसला कर भगाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने अपने शिकायती पत्र में कहा है कि बीती 31 जनवरी को सीताराम का पुरवा थाना रायबरेली निवासी नीरज उसकी नाबालिक भतीजी को भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है।

### मारपीट का मामला पंजीकृत

**लालगंज :** कोतवाली क्षेत्र के बहाई गांव में मारपीट की घटना हुई है। घायल रोजी उर्फ तरुन्नम बानो पत्नी मोहम्मद शीबू ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही पड़ोसी मोहम्मद सफी और सद्दाम गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर मेरे पति मोहम्मद शीबू, मुझे और मेरे देवर सगीर को मारपीट कर घायल कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच चौकी इंचार्ज बहाई अजय कुमार मिश्रा को सौंपी गई है।

### दहेज की मांग के नाम पर नहीं आई बारात

**ऊंचाहार :** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गायत्री नगर निवासी अनुज अग्रहरी पुत्र अशोक की मोहल्ले की ही एक लड़की के साथ शादी तय हुई थी। 5 फरवरी को बारात आनी थी। घर में खुशियों का माहौल था और मेहमानों का आना-जाना शुरू हो चुका था। लेकिन इसी बीच दूल्हा पक्ष ने दहेज की मांग को लेकर शादी से हाथ पीछे खींच लिए। पीड़ित ने बताया कि शादी की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, लेकिन ऐन वक्त पर दूल्हे और उसके परिवार ने दहेज की डिमांड रख दी। पीड़ित ने तहरीर देकर न्याय की मांग की है।

## वन ट्रिलियन डॉलर पर जिम्मेदार उठाएं ठोस कदमः डीएम

संवाददाता, रायबरेली

**निर्देश**

- नियोजन विभाग द्वारा संचालित ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) पर जिला स्तरीय बैठक

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में गठित ओटीडी सेल की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें जनपद स्तर पर वन ट्रिलियन डॉलर योजना के अन्तर्गत किये जा रहे प्रयासों तथा ओटीडी सेल के गठन के उद्देश्य पर जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को ठोस कदम उठाने के लिए कहा। उन्होंने निर्देशित किया गया कि जनपद की कुछ महत्वपूर्ण योजनाओ को चिन्हित किया जाये, जिससे उनकी प्रगति के लिए प्रयास कर वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य कि प्राप्ति के लिए जनपद का योगदान दिया जा सके।

जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये जिले स्तर से किये जा रहे प्रयास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को प्रतिविम्बित करेंगे। इसके लिये आवश्यक है कि जिले स्तर के आंकडे उच्च गुणवत्ता पूर्ण हो। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने के लिये जिला स्तर पर अर्थव्यवस्था के प्राथमिक, द्वितीय, एवं तृतीय, क्षेत्र में जिले के योगदान को परिलक्षित करने के लिये आवश्यक है कि सभी सम्बन्धित विभाग आंकड़ो की गुणवत्ता की स्वतः समीक्षा करते हुये अपने विभागीय पोर्टल पर गुणवत्तापूर्ण आंकड़ों को फीड करना सुनिश्चित करें, जिससे जिले का वास्तविक योगदान परिलक्षित हो।

बैठक में प्राथमिक क्षेत्र के कृषि विभाग से दलहन एवं मिलेटस की उत्पादकता कम परिलक्षित होने के कारण, इनकी उत्पादकता को बढ़ाने के सम्बन्ध में आवश्यक प्रयास किये जाने हेतु चर्चा की गयी। साथ ही अन्य संबंधित अधिकारीयों को निर्देशित किया गया कि राज्य की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर बनाने के लिये जिले स्तर पर सकरात्मक प्रयास किये जाए।सीडीओ अंजू लता, उप कृषि निदेशक विनोद कुमार, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सिंह, डीएसटीओ सुधीर गिरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह आदि उपस्थित रहें।

## भूमि पर कब्जा करने का आरोप, प्रदर्शन

ऊंचाहार, रायबरेली


तहसील परिसर में प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील से भ्रष्टाचार और भू-माफियाओं के गठजोड़ का एक गंभीर मामला सामने आया है। एक गरीब परिवार ने स्थानीय राजस्व अधिकारियों और दबंगों पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला, तो आत्मदाह कर लेंगे। पीड़ित परिवार ने कोतवाली में प्रदर्शन किया है।

मामला क्षेत्र के ग्राम कोटरा बहादुरगंज का है। पीड़ित विजय पासी ने गांव लोगों के साथ गुरुवार को तहसील प्रांगण पहुंचकर कानूनगो के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। आरोप लगाया है कि उनकी पुस्तैनी जमीन जो पिछले 50 वर्षों से उनके नाम दर्ज है, उसे भू-माफियाओं द्वारा कब्जाया जा रहा है। इस भूमि पर उपजिलाधिकारी की अदालत में बंटवारे का वाद विचाराधीन है। पीड़ित ने बताया कि वे 12 हिस्सेदार हैं और बेहद गरीब हैं। जांच कराकर उचित कार्रवाई की मांग की है।

# खाद की कालाबाजारी पर रखें नजर : जिलाधिकारी

**▶ डीएम ने कलेक्ट्रेट में धरती माता बचाओ समिति की बैठक में कहा-दोषियों पर करें सख्त कार्रवाई**

संवाददाता, रायबरेली


कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में मौजूद डीएम हर्षिता माथुर व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय धरती माता बचाओ समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि किसानों को खाद की कमी नहीं होनी चाहिए। जिले में कालाबाजारी करने वाले दुकानदारों पर नजर रखें और सख्त कार्रवाई करें।

जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पांडेय ने बताया कि जनपद स्तर तहसील स्तर एवं ग्राम स्तर पर गठित की गई उक्त समितियों के माध्यम से उर्वरकों की विशेष निगरानी की जा रही है, यदि किसी भी स्तर पर उर्वरकों के औधोगिक इकाइयों में डायवर्जन, होर्डिंग, तस्करी, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग का मामला संज्ञान में आता है तो सम्बन्धित कि विरुद्ध उर्वरक (अकार्बनिक, कार्बनिक या मिश्रित) (नियंत्रण) आदेश, 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही सन्पदित की जायेगी। जिला कृषि अधिकारी ने बताया गया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार उर्वरकों के अंधाधुंध/अत्यधिक प्रयोग को नियंत्रित करने तथा औद्योगिक इकाइयों में उर्वरकों के अवैध परिसंचलन, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग एवं तस्करी को रोकने के साथ ही मृदा स्वास्थ्य में अनुकूल परिवर्तन लाने के उद्देश्य से धरती माता बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है जिसमें जनपद स्तर पर जिलाधिकारी, तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी तथा ग्राम स्तर पर ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में धरती माता बचाओ निगरानी समितियों का गठन किया गया है।


### डीएम ने आधार अनुश्रवण समिति को दिए निर्देश

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर आधार सम्बन्धी गतिविधियों के अनुश्रवण एवं क्रियान्वयन के लिए जनपद स्तरीय आधार अनुश्रवण समिति की बैठक की। कहा कि जनपद में अध्यासित परिवारों हेतु फैमिली आई0डी0-एक परिवार एक पहचान संचालित किया जाना शासन की एक महत्वपूर्ण योजना है, इस योजना के माध्यम से विभिन्न लाभार्थीपरक, योजनाओं के लाभार्थियों का आधार प्रमाणीकरण कर योजनाओं से वंचित परिवारों को योजनाओं का लाभ तथा रोजगार के अवसर प्रदान करना है। समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शतप्रतिशत आधार कार्ड बनवाये जाने हेतु कैम्प आयोजित किए जाए। इसका एक रोस्टर तैयार कराकर कैम्प लगवाये जायें। बेसिक शिक्षा के विद्यालयों व आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कैम्प का आयोजन कराए।

जिलाधिकारी ने उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कहा कि कृषकों को उनके मृदा स्वास्थ कार्ड के आधार पर संस्तुत/संतुलित मात्रा में रसायनिक उर्वरकों का उपयोग करने, रसायनिक उर्वरकों के स्थान पर जैविक उर्वरकों का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया जाए तथा अधिक मात्रा में रसायनिक उर्वरको का प्रयोग करने वाले किसानों को चिन्हित कर उन्हें संतुलित मात्रा में उर्वरकों का प्रयोग करने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों में अनुदानित उर्वरकों का डायवर्जन, अवैध तस्करी, कालाबाजारी, ओवर रेटिंग रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिये।उप कृषि निदेशक विनोद कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता विवेक कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

### युवक ने खंभे पर चढ़कर किया हाई वोल्टेज ड्रामा

**डीह (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र में अपनी पत्नी दूसरे के साथ जाने से खफा एक युवक हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ गया। इससे हड़कंप मच गया। परिजनों के कहने का बावजूद युवक बार बार यही कहता रहा कि जब तक पत्नी नही आयेगी नीचे नही उतरेगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काफी मान मनौव्वल के बाद युवक नीचे उतरा। मामला पूरे फुर्सत मजरे डीह निवासी रवींद्र कुमार की पत्नी चार माह पूर्व अपने छोटे बच्चे के साथ दूसरे व्यक्ति के साथ चली गयी। काफी प्रयास के बाद वह नहीं आई तो गुरुवार को युवक गांव के पास से निकले हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ गया और कहा कि पत्नी को बुलाओ नहीं तो जान दे दूंगा। परिजनों ने समझाने का प्रयास किया लेकिन वह नही माना। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा बुझाकर किसी तरह नीचे उतारा। इसके बाद परिजनों ने राहत की सांस लिया।


हाईटेंशन लाइन के खंभे पर चढ़ा युवक। अमृत विचार

### प्रबंध समिति व प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण संपन्न

**महराजगंज (रायबरेली) अमृत विचार।** राजकीय बालिका इंटर कालेज के सभागार में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के अध्यक्षों, सदस्यों और विकास खंड के सभी प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के सुचारु संचालन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और विद्यालय व समाज के बीच सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना था। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी राम मिलन यादव ने कहा कि विद्यालय प्रबंध समिति शिक्षा व्यवस्था की रीढ़ होती है। समिति के सक्रिय सहयोग से ही परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में अपेक्षित सुधार संभव है। वहीं प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष विनोद अवस्थी ने प्रशिक्षण के दौरान समिति की भूमिका, दायित्वों और अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने, बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, स्वच्छता, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता तथा सकारात्मक शैक्षिक वातावरण तैयार करने में एसएमसी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में उपस्थित जूनियर शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिव बालक ने प्रधानाध्यापकों और विद्यालय प्रबंध समिति के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्राथमिक विद्यालय राघवपुर के एसएमसी अध्यक्ष अरविंद मौर्य ने आए हुए प्रधानाध्यपकों व एसएमसी अध्यक्षों से पारदर्शिता, जवाबदेही और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया एआरपी विकास चौधरी, मीनाक्षी पाण्डेय, सरोज कुमार ने सभी को प्रशिक्षित किया। इस मौके पर दिनेश शुक्ला, सुरेंद्र शर्मा, मनीष सिंह, दयाशंकर अवस्थी, नीता पाण्डेय, उषा सिंह आदि मौजूद रहे।

### विश्व मिर्गी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम 8 को

**डलमऊ (रायबरेली)।** आठ फरवरी मिर्गी दिवस पर अंकल जी हेल्थ केयर सर्विस की ओर से डलमऊ कस्बे के प्रवाह नाल डलमऊ रोड पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राजधानी के विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं उनकी टीम द्वारा मिर्गी रोग के प्रति फैली भ्रांतियां एवं मिथकों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह वॉकथन (पैदल मार्च) का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में डॉ. प्रदीप गुप्ता एसोसिएट डायरेक्टर न्यूरोलॉजी अपोलो मेडिकल हॉस्पिटल लखनऊ तथा विशिष्ट सहयोगी शीतला प्रसाद गुप्ता एवं एमपी यादव उपस्थित रहेंगे।

### नवोदय में प्रवेश परीक्षा सात को

**महराजगंज (रायबरेली)।** स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बल्ला के प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी ने बताया कि आगामी सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 9 एवं कक्षा 11 में प्रवेश हेतु लेटरल एंट्री परीक्षा के पंजीकृत क्रमश: 438 एवं 82 आवेदकों के प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति द्वारा जारी कर दिए गए है। प्रवेश पत्र को ऑनलाइन माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी 2026 को पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बल्ला में आयोजित की जाएगी।

### ब्लॉक प्रमुख ने सदस्यों को बांटे कंबल

**सरेनी (रायबरेली)।** गुरुवार को ब्लॉक प्रमुख विभा सिंह ने तेजगांव में सरेनी ब्लॉक के समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यों को पांच-पांच कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि समाजहित में अपनी प्रजा व सेवकों की रक्षा करना ही एक सच्चे व ईमानदार राजा की बेहतर कार्यकुशलता की पहचान होती है। इस मौके पर पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह, डॉ. अनिल सिंह, पूर्व प्रधान रामबहादुर, नईम खान, अतुल त्रिवेदी आदि लोग मौजूद रहे।


सरेनी ब्लॉक के तेजगांव में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार

## वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**परिजनों में कोहराम**

- घुरवारा-डलमऊ मार्ग के चौदहमील के पास हुआ हादसा




डलमऊ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** घुरवारा-डलमऊ मार्ग के चौदहमील के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भदोखर थाना क्षेत्र के खनुवा निवासी राजेश कुमार (40) पुत्र रामकुमार अपनी बुआ के घर कोदऊ का पुरवा पखरौली गया था। बुधवार रात करीब 11 बजे वह बाइक से वापस अपने घर खनुवा लौट रहा था। जैसे ही वह चौदहमील के समीप पहुंचा, तभी किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मार दी। रात का सन्नाटा होने के कारण काफी देर तक किसी को दुर्घटना की भनक नहीं लगी। लगभग डेढ़ बजे जब पुलिस गश्त कर रही थी तो युवक को घायलावस्था में सड़क पर देखा तो तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डलमऊ ले कर गई, जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने शिनाख्त कर मृतक के परिजनों को सूचना दी। जैसे ही राजेश की मौत की खबर घर पहुंची परिवार में कोहराम मच गया। घर वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। चौकी प्रभारी विनय पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### इंटरसिटी ए. के इंजन में फंसी साइकिल, केस दर्ज

**रायबरेली।** वाराणसी - रायबरेली रेल खंड उस समय इंटरसिटी एक्सप्रेस डीरेल होने से बच गई, जब इंजन में एक साइकिल फंस गई। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना रूपामऊ-रायबरेली स्टेशन के बीच की घटना वाराणसी जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में हुआ। साइकिल के फंसने पर चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दिया। इस दौरान करीब 10 मिनट तक ट्रैक पर ट्रेन खड़ी रही। ट्रेन रेल पथ टीम ने मौके पर पहुंच साइकिल को इंजन से बाहर निकाला। इसके बाद ट्रेन रवाना हुई। वहीं रेलवे सुरक्षा बल रायबरेली में मुकदमा अपराध संख्या 57/ 2026 अंतर्गत धारा 153,147 रेलवे एक्ट बनाम अज्ञात वास्ते जांच पंजीकृत किया गया है।

### दंपति को कार ने मारी टक्कर, हालत गंभीर

**जगतपुर (रायबरेली) अमृत विचार।** बुधवार की देर रात्रि अलावलपुर निवासी छंगालाल (60) अपनी पत्नी सरजू देवी (58) के साथ घर के बाहर अलाव ताप रहे थे। इसी दौरान रायबरेली की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर दोनों को टक्कर मारी दी। टक्कर के बाद कार सड़क किनारे एक खंभे से जा टकराई, जबकि चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया। घटना में छंगालाल के बाएं पैर में फ्रैक्चर और सिर में गंभीर चोट आई, जबकि पत्नी सरजू देवी के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को जगतपुर सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। सीएचसी के डॉ. लईक अहमद ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल दंपति की स्थिति नाजुक होने के कारण जिला अस्पताल भेजा गया है। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद अभियोग पंजीकृत किया जाएगा।

### बाइक-स्कूटी की टक्कर में दो युवक घायल

**जगतपुर (रायबरेली)।** थाना क्षेत्र के शंकरपुर नहर के पास बुधवार देर रात बाइक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बाइक सवार शिव बहादुर पुत्र दुखी दीन निवासी पुरे भोजराज के पैर में गंभीर चोट आई, जबकि उनके साथी लवकुश पुत्र रामखेलावन निवासी पूरे तारा, गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को जगतपुर सीएससी पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने शिव बहादुर को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत, हत्या का आरोप

राही (रायबरेली)


घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भदोखर थाना के परोरा गांव में घर से कुछ दूरी पर संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे लटकता मिला। इससे कोहराम मच गया।सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। परिजनों ने गांव के ही एक परिवार पर हत्या की आशंका जताई है।

बुधवार को अनुज कुमार पुत्र सुखराज का गांव में निमंत्रण था। गुरुवार की सुबह घर से करीब 50 मीटर दूर नीम के पेड़ से रस्सी के सहारे उसका शव लटका मिला। इससे गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची भदोखर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। परिजनों ने गांव के ही एक परिवार पर हत्या की आशंका जताई है। सीओ अरुण नौहवार, थानाध्यक्ष राकेश चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पिता सुखराज ने गांव के ही आधा दर्जन लोगों पर हत्या में शामिल होने की बात कही है। क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि पुलिस सारे पहलुओं पर गहनता से मामले की जांच कर रही है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**किशोर ने जहर खाकर तो युवक ने फंदे पर लटक कर किया आत्महत्या का प्रयास, बछरावां:** थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में आत्महत्या का प्रयास करने का मामला प्रकाश में आया है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत इचौली गांव निवासी अजय पुत्र सियाराम (16) ने गुरुवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। बताया जाता है कि वह किसी बात से परेशान था। युवक की हालत बिगड़ती देख परिजनों द्वारा एंबुलेंस से उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने इलाज किया। उधर, थाना क्षेत्र की थुलेडी चौकी अंतर्गत राघवपुर गांव निवासी राहुल कुमार पुत्र दिलीप कुमार (26) ने परिजनों की किसी बात से नाराज होकर आत्महत्या का प्रयास किया। युवक की चीख पुकार सुनकर परिजन एवं पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और उसे नीचे उतारा। इसके बाद उसे सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक उपचार करने के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

**एसआईआर अभियान** — लंबी कतारों और कागजातों के कारण अफरा-तफरी का बना रहा माहौल

## सुनवाई में उमड़ी भीड़, दस्तावेज जुटाने में परेशानी

महराजगंज (रायबरेली)


एसआईआर नोटिस सुनवाई में लगी भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बछरावां विधानसभा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) नोटिसों की सुनवाई गुरुवार को तहसील सभागार और ब्लॉक कार्यालयों व स्कूलों में बनें बूथों पर हुई। फार्म में नाम, पता, उम्र और अन्य विवरणों में त्रुटियों के कारण सुबह से ही लोग नोटिस का जवाब देने और नाम कटने से बचाने के लिए तहसील और ब्लॉक कार्यालय पहुंचे। सुबह से ही तहसील व ब्लाक परिसर में भारी भीड़ उमड़ी रही। लोग जरूरी दस्तावेज लेकर तो आए, लेकिन पुराने रिकॉर्ड जुटाने में दिक्कतें आने से कई बार लौटना पड़ा। तहसील प्रशासन ने सुविधा के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए थे, लेकिन लंबी कतारों और कागजातों के कारण अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत शादी के बाद दूसरे राज्य या जनपद से आई महिलाएं और बुजुर्ग इस प्रक्रिया में सबसे अधिक परेशान दिखे। कई महिलाओं को मायके से 2003 की वोटर लिस्ट और परिवार रजिस्ट्री की प्रतियां जुटानी पड़ीं। कुछ महिलाओं ने बताया कि मायके में उनके माता-पिता नहीं हैं, जिससे फॉर्म जमा करने में भारी परेशानी आ रही है। छोटे बच्चों को साथ लाकर महिलाएं घंटों लाइन में खड़ी रहीं। बुजुर्गों के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने से भी नाराजगी देखने को मिली। एसआईआर की प्रक्रिया लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी है। बछरांवा विधानसभा के एसआईआर की प्रक्रिया में 2003 की सूची से 47325 अनमैपिंग व विसंगतियां वाले 22800 मतदाताओं को नोटिस भेजे गए थे। दावों की सुनवाई के लिए विधानसभा में कुल 33 एईआरओ लगाए गए हैं।

नोटिस मिलने के बाद ईआरओ के समक्ष अपने वोट को साबित करने में मतदाताओं को पसीने छूट रहे हैं। कई विवाहित महिलाएं ऐसी हैं, जिन्हें मायके में कोई प्रूफ नहीं मिल पा रहा है।

वहीं उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि अबतक करीब 9863 मतदाताओं के नोटिस व दावों की सुनवाई हो गई है। जिसमें से 1343 मतदाताओं ने नाम कटने पर आपत्तियां दर्ज कराई है। सुनवाई के लिए हर स्तर से प्रयास जारी हैं। जिसके लिए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित सुनवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## मंडल प्रवासी ने नए मतदाताओं के फॉर्म नं.6 भरने में किया सहयोग

लालगंज, रायबरेली


एसआईआर फार्म के लिए प्रेरित करते भाजपाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** वर्तमान में एसआईआर के तहत नए व शिफ्टेड मतदाताओं को जोड़ने का कार्य चुनाव आयोग के द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीण व नगरीय स्तर पर ब्लॉक लेवल अफसर बीएलओ लोगों से संपर्क कर कार्य कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता भी छूटे हुए मतदाताओं का सहयोग बूथों पर पहुंचकर कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन के द्वारा बुधवार को हुई बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को मंडल वाइज प्रवासी के रूप में जिम्मेदारी दी गई थी। उसी जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए भाजपा प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला ने ऐहार शक्ति केंद्र पहुंचकर चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शक्ति केंद्र संयोजक और बूथ अध्यक्ष से संपर्क किया। साथ ही बीएलओ से मिलकर एएसडी सूची का अवलोकन करते हुए जिन लोगों ने अभी तक फॉर्म नंबर 6 नहीं भरा था। उनके फार्म भराते हुए अन्य लोगों को फार्म जल्द से जल्द जमा करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक रामविलास लोधी, बूथ अध्यक्ष रमेश शुक्ला, संतोष कुमार, गंगासागर लोधी, चंदन त्रिवेदी, अवनीश पांडे आदि मौजूद रहे।

# ट्रक-कंटेनर आमने-सामने भिड़े, दो चालकों की मौत

▶ नेशनल हाईवे पर बेचूगढ़ के पास हुआ हादसा, काफी देर तक प्रभावित यातायात को पुलिस ने मशक्कत से सामान्य करवाया


राहुल यादव की फाइल फोटो।


शिशुपाल की फाइल फोटो।


हादसे में क्षतिग्रस्त ट्रक।

संवाददाता, जगदीशपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर बेचूगढ़ के पास गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में हड़कंप मचा रहा। तेज रफ्तार ट्रक और कंटेनर के बीच हुई जोरदार टक्कर में दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद दोनों को इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर ले जाने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक भिड़ंत इतनी तेज थी कि काफी देर तक यातायात जाम हो गया। लोगों के द्वारा हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायल चालकों को तत्काल इलाज के लिए जगदीशपुर स्थित ट्रॉमा सेंटर भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और कुछ समय के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात भी प्रभावित हुआ। वहीं भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाने के थानाध्यक्ष तनुज पाल ने बताया कि मृतकों की पहचान उनके पास से मिले आधार कार्ड से हुई है। एक ड्राइवर का नाम राहुल यादव (44) पुत्र धर्मराज यादव निवासी केवटली राजापुर जनपद जौनपुर तथा दूसरे का नाम शिशुपाल (38) पुत्र जयपाल निवासी नरही कासिमपुर, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। दोनों मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात को सामान्य कराया गया। पुलिस मामले की विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में घायल मां-बेटे की हुई मौत


शहजहां की फाइल फोटो।

**तिलोई (अमेठी) अमृत विचार।** बीते दिन बुधवार की रात्रि 9 बजे हुए सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए थे। जिसमें इलाज के लिए लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मां की मौत तथा बेटे ने भी इलाज के दौरान मौत हो गई हैं। जानकारी के अनुसार मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत रायबरेली-अयोध्या नेशनल हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा के निकट वन विभाग कार्यालय के सामने बीते बुधवार की रात करीब 9 बजे ई-रिक्शा व मोटर साईकिल की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी। जिसमें ई-रिक्शा सवार तीन लोग राहुल चौरसिया (30) पुत्र हृदय नरायण व अर्जुन जायसवाल (32) पुत्र रामलखन व प्रदीप चौरसिया (26) पुत्र हरिप्रसाद निवासीगण गांव चेतरा बुजुर्ग थाना मोहनगंज तथा बाइक सवार फुजैल खान (22) पुत्र सुहैल अख्तर अपनी मां शहजहां निवासी ग्राम पूरे माधव मजरे टिकरहुवां थाना सुबेहा जिला बाराबंकी दोनों वाहनों की टक्कर में कुल पांच लोग घायल हो गए थे। सभी घायलों को तिलोई लोधवरिया स्थित जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां मौजूद डॉक्टरों ने राहुल चौरसिया व अर्जुन जायसवाल को पीजीआई लखनऊ तथा फुजैल खान व शहजहां को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया था। इलाज हेतु लखनऊ ले जाते समय रास्ते में जहां शहजहां ने दम तोड़ दिया। वहीं ट्रॉमा सेंटर लखनऊ में इलाज के दौरान फुजैल खान की मौत हो गई। मृतक महिला के देवर शोहेब अहमद पुत्र जहीर अहमद ने थाना मोहनगंज में प्रार्थनापत्र देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है। वहीं थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। जबकि दोनों वाहन कब्जे में हैं और अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**वाहन से टकराई दूल्हे की कार, बाल-बाल बचे दूल्हा व अन्य सवार, तिलोई (अमेठी)** : मोहनगंज थानाक्षेत्र के अंतर्गत मोहनगंज तिलोई मार्ग पर स्थित तिलोई नहर पुल के निकट नसरतपुर मोड़ के सामने एक कार ने बारात जा रही दूल्हे की गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दूल्हे की गाड़ी अनियंत्रित होकर कर्बला के अंदर झाड़ियां में घुस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी गई। जानकारी के अनुसार अयोध्या जिले के शादी का पुरवा मजरे परताजपुर गांव निवासी अशोक कुमार चौरसिया की बारात मोहनगंज थानाक्षेत्र के पूरे पंडित मजरे कुटमरा निवासी किशुन पाल चौरसिया के यहां जा रही थी। किशुन पाल चौरसिया की पुत्री की बारात आ रही थी। जैसे ही दूल्हे की सजी आर्टिका गाड़ी नसरतपुर मार्ग से मोहनगंज तिलोई मार्ग पर चढ़ते ही मोहनगंज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने दूल्हे की गाड़ी में जोरदार टक्कर मारकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियां में घुस गई। जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाए मौका देखते ही वैगनार सवार सभी लोग मौके से फरार हो गए और दूल्हा समेत गाड़ी में सवार सभी लोग सुरक्षित बच गए। दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि घटना जानकारी में हैं खबर लिखे जाने तक किसी तरफ से तहरीर नहीं प्राप्त हुई है।

## घर में मिला अधेड़ का क्षत-विक्षत शव

**अमेठी।।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पीठीपुर गांव में आज उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 56 वर्षीय व्यक्ति का शव उनके घर के भीतर अत्यंत खराब स्थिति में पाया गया। मृतक की पहचान बाबूराम कोरी (56), पुत्र जोधा राम के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, बाबूराम कोरी घर में अकेले रहते थे। ग्रामीणों ने जब उनके घर में हलचल नहीं देखी और वहां से दुर्गंध आने लगी, तब मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि बाबूराम का शव जमीन पर पड़ा था और शरीर के कई हिस्से गायब थे।

मृतक बाबूराम की पारिवारिक स्थिति काफी एकाकी थी। उनके माता-पिता की मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी थी। परिवार में उनकी दो बहनें हैं, जिनकी शादी हो चुकी है और वे अपने पतियों के साथ शहर में रहती हैं। घर में कोई अन्य सदस्य न होने के कारण घटना के समय बाबूराम अकेले ही थे। पुलिस की कार्रवाई सूचना मिलते ही कोतवाली अमेठी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने साक्ष्य जुटाने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### दहेज की मांग को लेकर महिला को घर से निकाला

**डीह (रायबरेली) :** दहेज में एक बीघा खेत की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों ने एक नव विवाहिता को पीटकर जेवर छीन लिए और घर से निकाल दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद, के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। ग्राम असथोरायपुर मजरे रोखा गांव निवासी रेणुका पुत्री रामअवध ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 मार्च 2025 को उसकी सादी प्रदीप साहू निवासी केसरिया सलीमपुर थाना जायस के साथ हुई थी। शादी में मेरे पिता जी ने 12 लाख खर्च किया था, जिसमें मेरे पति व उनके परिवार के लोग संतुष्ट नहीं थे। शादी से ही मेरे पति प्रदीप, ससुर स्वामी प्रसाद, सास रामकुमारी, ननद गुड़िया ने दहेज में एक बीघा खेत देने की बात कही। ससुराल वाले एक बीघा खेत को लेकर आये दिन मारने पीटने लगे। मेरे साथ पति ने मारपीट की और जेवर छीन लिया और घर से बाहर निकाल दिया। मामले की शिकायत थाना जायस में की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। डीह प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र मोहन सरोज ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज करके जांच की जा रही है।

### आज होगा सामूहिक विवाह समारोह

**सिंहपुर (अमेठी) :** क्षेत्र के श्रीमती शिव कुमारी शुक्ला इंटर कालेज चिलौली में शुक्रवार को सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र शुक्ला ने बताया की शुक्रवार को चार जोड़े शादी के बंधन में बंधकर अपनी गृहस्थी की शुरुवात करेंगे।जिन्हे उपहार भी दिया जायेगा।

### बैंक कर्मियों पर लगा अभद्रता का आरोप

**सिंहपुर (अमेठी) :** सेमरौता कस्बे के व्यवसायी शितांशु मिश्रा बैंक कर्मियों पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए बृहस्पतिवार को महा प्रबंधक को रजिस्टर्ड डाक से शिकायती पत्र भेजा है। पीड़ित व्यवसायी ने बताया कि बीते 2 फ़रवरी को अपने निजी काम से बैंक आफ बड़ौदा शाखा सेमरौता गया था जहाँ मेरे साथ शाखा प्रबंधक श्रवण कुमार, सहायक प्रबंधक राकेश कुमार, फील्ड ऑफिसर विष्णु एवं रिकवरी एजेंट आदित्य कौशिक द्वारा अभद्र व्यवहार व गालीगलौज की गई। मेरे बैंक के अन्दर जाते ही गालीगलौज करने लगे जबकि मेरा किसी भी प्रकार का बैंक का कोई भी बकाया नहीं है। इन सभी लोगों ने गाली-गलौज करते हुए अभद्रता की

# दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं की जिलाधिकारी ने समीक्षा की

संवाददाता, अमेठी


बैठक करते डीएम संजय चौहान।

**अमृत विचार।** बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति एवं लोकल लेवल कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के दिव्यांगजनों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (पेंशन) योजना, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण योजना, शादी-विवाह पुरस्कार अनुदान योजना तथा दुकान निर्माण, खोखा-गुमटी और हाथ ठेला ऋण-अनुदान योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से जारी किए जा रहे यूडीआईडी कार्ड की स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क बस यात्रा सुविधा, लोकल लेवल कमेटी द्वारा लीगल गार्जियनशिप प्रमाण पत्र जारी करने तथा सार्वजनिक स्थानों पर बाधारहित एवं सुगम वातावरण विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी वीर भानु सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं एनजीओ प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# कुत्तों का आतंक, लोग हो रहे शिकार

संवाददाता, अमेठी


सीएचसी में रेबीज का इंजेक्शन लगाते चिकित्सक। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के भेटुआ विकास खंड में आवारा कुत्तों के काटने के मामलों में अचानक तेज़ बढ़ोतरी देखी जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेटुआ में जनवरी से पहले जहां प्रतिदिन 2 से 4 मामले सामने आते थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर रोजाना 25 से 30 तक पहुंच गई है।

गुरुवार को भी बड़ी संख्या में कुत्ते के काटने से पीड़ित लोग एंटी-रेबीज वैक्सीन लगवाने के लिए सीएचसी भेटुआ पहुंचे, जिससे अस्पताल में काफी भीड़ देखने को मिली। सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु कुमार वर्मा ने बताया कि जनवरी माह से कुत्तों के काटने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। स्थिति को देखते हुए अस्पताल में एंटी-रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि किसी भी मरीज को परेशानी न हो।

● सीएचसी पहुंचने वाले मरीजों की संख्या 25 से 30 पहुंच गई

आवारा कुत्तों के अचानक आक्रामक होने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. वर्मा ने बताया कि भारत में आवारा कुत्तों का मुख्य प्रजनन काल अक्टूबर से दिसंबर के बीच होता है। इस अवधि के बाद जब मादा कुत्ते बच्चों को जन्म देती हैं, तो वे अपने पिल्लों की सुरक्षा के लिए अधिक सुरक्षात्मक और आक्रामक व्यवहार करने लगती हैं।

उन्होंने बताया कि जनवरी-फरवरी में पिल्लों की उम्र लगभग 8 से 12 सप्ताह होती है, जब वे बाहर घूमना शुरू करते हैं। इस दौरान मादा कुत्ते अपने बच्चों को बचाने के लिए किसी भी व्यक्ति पर हमला कर सकती हैं, खासकर यदि बच्चे या राहगीर उनके पास पहुंच जाएं। बचाव के उपाय बताते हुए डॉ. वर्मा ने लोगों को आवारा कुत्तों से दूरी बनाए रखने, उन्हें अचानक न छूने और बच्चों को अकेले बाहर न छोड़ने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को कुत्ता काट ले, तो बिना देरी किए तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर एंटी-रेबीज वैक्सीन अवश्य लगवाएं।

## कॉलेज में वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन

**संग्रामपुर (अमेठी)।** विशेषरगंज स्थित श्री काली इंटर कॉलेज, गोरखापुर-विशेषरगंज के प्रांगण में भव्य एकदिवसीय श्रीराम कथा एवं विद्यालय वार्षिकोत्सव का गरिमामय आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि युवराज अनंत विक्रम सिंह तथा विशिष्ट अतिथि बहुरानी शांभवी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक पवन जी की विशेष उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए शिक्षा में संस्कारों के महत्व पर बल दिया।वृंदावन से पधारे अंतरराष्ट्रीय कथाव्यास परम पूज्य संत मुकेश आनंद जी महाराज ने अपनी अमृतमयी कथा से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र केवल सुनने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में उतारने के लिए है। विद्यार्थी जीवन में मर्यादा, अनुशासन और संस्कार ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक एवं प्रेरक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्साहपूर्ण हो उठा। कार्यक्रम का सफल संयोजन श्री मनीष सिंह (रामगढ़) द्वारा किया गया।समारोह में विद्यालय प्रबंधक सुग्रीव सिंह, विद्यालय परिवार, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में विद्यालय प्रशासन ने सभी अतिथियों एवं कथाव्यास महाराज जी को शाल और स्मृति चिह्न भेंट कर आभार व्यक्त किया।

## डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण में खाली रहीं कुर्सियां

**अमेठी, अमृत विचार।** सभागार में ग्राम प्रधानों के लिए आयोजित डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार को हुई, लेकिन बृहस्पतिवार को पहले ही दिन कार्यक्रम की तस्वीर निराशाजनक रही। प्रशिक्षण में ग्राम प्रधानों की अनुपस्थिति के कारण सभागार में खाली कुर्सियां ही नजर आईं, जो प्रशिक्षण की सफलता पर सवाल खड़े कर रही हैं। दो दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन डीसीआरआरपीजी द्वारा किया गया है, जिसमें ग्राम प्रधानों और उपसमिति सदस्यों को डिजिटल तकनीक से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन स्थिति यह रही कि प्रशिक्षण की शुरुआत प्रधानों के बजाय ब्लॉक क्षेत्र में मौजूद अन्य लोगों को बैठाकर करनी पड़ी। कुछ समय बाद वे भी नाराज होकर चले गए। मास्टर ट्रेनर मदन किशोर पाठक ने बताया कि पहले दिन प्रतिभागियों को स्मार्ट मोबाइल फोन के उपयोग, इंटरनेट चलाने, सूचना पत्रक और एप्लिकेशन डाउनलोड करने, साइबर क्राइम से बचाव और कंप्यूटर की बुनियादी जानकारी दी जानी थी। वहीं प्रशिक्षक योगेश शुक्ला ने ऑनलाइन बैंकिंग, उससे जुड़े जोखिम और सुरक्षा उपायों के साथ-साथ पंचायती राज से जुड़े ऑनलाइन कार्यों की जानकारी देने की योजना बताई। इन सभी विषयों को ब्लैकबोर्ड पर लिखा गया, लेकिन प्रतिभागियों की अनुपस्थिति के कारण प्रशिक्षण का उद्देश्य अधूरा नजर आया।

## संगीता बनी भाकियू जिला महामंत्री



संगीता दुबे को प्रमाण पत्र देते भाकियू के पदाधिकारी।

**सिंहपुर (अमेठी)।** कई वर्षों से गरीब किसानों के हितों की लड़ाई में सदैव आगे रहकर महिलाओं का नेतृत्व करने वाली क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासिनी महिला किसान नेत्री संगीता दुबे को भारतीय किसान यूनियन भानू के शीर्ष नेतृत्व और जिला नेतृत्व द्वारा भारतीय किसान यूनियन भानू का जिला महामंत्री महिला प्रकोष्ठ का बनाया गया जिससे संगठन के लोगों में ख़ुशी की लहर दिखी और मिठाइयाँ बांटी गयी।इस अवसर पर युवा जिला राघवेंद्र कुमार मिश्रा, सुमित तिवारी, पवन, हरखू, रामसेवक, सुमेरा, कलावती, उमा विश्वकर्मा, रामा शुक्ला, शिव कुमारी शुक्ला, कृष्णा द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## अश्लील हरकत करने वाले पर केस दर्ज

**सिंहपुर (अमेठी) अमृत विचार।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में राह चलती महिलाओं व छात्राओं से अश्लील हरकत, छींटाकसी करने के आरोपी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। थाने पर तैनात उपनिरीक्षक मदन सिंह ने अहोरवा भवानी चौराहे के निकट खारा रोड के पास से पूरे धौकल मजरे खारा निवासी राजकुमार को महिलाओं व छात्राओं से अश्लील हरकत करते समय गिरफ्तार किया कर लिया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित


आयोजित कार्यशाला में मौजूद लोग।

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** ब्लॉक संसाधन केंद्र बछरावां, महाराजगंज एवं शिवगढ़ में मीना मंच सुगमकर्ताओ का दो दिवसीय सेल्फ स्टीम के तहत पावर एंजेल के सशक्तिकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसए राहुल सिंह थे। उन्होंने बताया कि ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला में सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक नोडल तथा मास्टर ट्रेनर प्रतिभागियों की उपस्थिति और प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें जिससे प्रशिक्षित सुगमकर्ताओ द्वारा विद्यालय स्तर पर बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक तथा मुखर बनाया जा सके। बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन प्रभारी मीना मंच एसएस पाण्डेय ने प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक शनिवार वार्षिक कैलेंडर के अनुसार टॉपिक पर पावर एंजेल के सहयोग से बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी हेल्पलाइन नंबर, किशोरावस्था में होने वाले बदलाव, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नेतृत्व की क्षमता जैसे पहलुओं पर बालिकाओं को निडर एवं साहसी तथा आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर के रूप में राजलक्ष्मी वर्मा, मीनाक्षी पांडेय, संगीता मिश्रा, मीता श्रीवास्तव, सुनीति सिंह तथा सीमा सिंह के साथ-साथ ब्लॉक नोडल के द्वारा प्रत्येक शनिवार टूल 10 भरने के बारे में विधिवत जानकारी दी गई।

# चोरी के माल सहित चार अभियुक्त गिरफ्तार

संवाददाता, रायबरेली



एसपी कार्यालय में चोरी की घटना का खुलासा करते एएसपी, पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सलोन थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उनके पास से चोरी किया गया माल बरामद किया गया है।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित किरण हाल में वारदाता का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि सलोन क्षेत्र में कुछ दिन पहले चारा मशीन, सिंचाई का इंजन चोरी होने का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था। जिसमें मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। उपरोक्त मामले में स्थानीय व एसओजी पुलिस के साथ सर्विलांश टीम को लगाया गया था। गुरुवार को मुखबिर खास की सूचना पर वांछित अभियुक्त शिवशंकर उर्फ शंकर पुत्र देवतादीन, विपिन निर्मल पुत्र हीरालाल, संदीप पुत्र शिव बहादुर सिंह, रंजीत निर्मल पुत्र हीरालाल निवासीगण पुरमई सुलतानपुर थाना महेश गंज जनपद प्रतापगढ़ को सलोन क्षेत्र के तरई मोड़ के पास से चोरी के सामान के साथ लोडर सहित गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि घूम फिर कर क्षेत्र में खुले स्थान पर पड़े सामानों की चोरी करते थे, जिन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तारी के दौरान चार अदद सिंचाई इंजन की बाडी, चार अदद सिंचाई इंजन के हेड, दो अदद लोडिंग एंगल, तीन अदद सिंचाई इंजन का पिस्टन, सात हजार रुपए नकद, एक लोडर बरामद किया गया है।

### एएसपी ने किया खुलासा

अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने वालों में एसओजी निरीक्षक अरविंद यादव, उपनिरीक्ष चंद्र प्रताप सिंह, शेखर बालियान, कौशल किशोर, समर सिंह, थान सलोन से अनिल कुमार प्रभारी निरीक्षक, विजय शंकर यादव उपनिरीक्षक, रामभवन चौधरी, रामप्रवेश चौहान, अमित कुमार, राणा प्रताप, अनुज शुक्ला आदि पुलिस कर्मी शामिल थे।

# ग्रामीण क्षेत्र में डायरिया, सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी

संवाददाता, अमेठी


मरीजों का इलाज करते डॉ. अंकित सिंह।

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में कोल्ड, डायरिया, सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में वृद्धि हो गई है। अर्बन आयुष्मान मंदिर सुभावतपुर, गौरीगंज में 65 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया है, जिनमें से बुखार और सर्दी के दो दर्जन से अधिक मरीज पाए गए हैं। मरीजों में आरोही, सपना, अर्पिता, सोमनाथ और रामेश्वर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि यह अर्बन आयुष्मान मंदिर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक बड़ा सहारा साबित हो रहा है। रामपति का कहना है कि यहां पर गंभीर से गंभीर रोगियों का इलाज डॉक्टर साहब करते हैं जिसमें हमारे ही परिवार की कई लोग यही से ठीक होकर अपने घर का काम काज कर रहे हैं, मुझे सांस फूलने की शिकायत थी जो मैं ठीक हो गई हूं। डॉ. अंकित सिंह ने बताया कि सरकार की मंशा के अनुसार अर्बन आयुष्मान मंदिर सुभावतपुर में प्रतिदिन रोगियों का परीक्षण किया जाता है और दवा वितरित की जाती है। गंभीर रोगियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरीगंज रेफर किया जाता है। रामेश्वर ने कहा कि अब तक यहां से कई गंभीर रोगी ठीक हो चुके हैं और डॉ. अंकित सिंह द्वारा किया गया इलाज ग्रामीण क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रहा है।

यह सुविधा ग्रामीण इलाकों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और सस्ती बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिल रही है।

तैयारियों का लिया गया जायजा | अभियान के लिए 25 सुपरवाइजर और 280 टीमें की गई गठित

# शिवगढ़ ब्लॉक में 10 से 28 तक चलेगा आईडीए अभियान

संवाददाता, रायबरेली



आईडीए अभियान की जानकारी देते सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा और साथ में जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फाइलेरिया जैसी गंभीर व दीर्घकालिक बीमारी से बचाव के लिए शिवगढ़ ब्लॉक में 10 से 28 फरवरी तक सर्वजन दवा सेवन (आईडीए) अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत ब्लॉक की लगभग 1.26 लाख पात्र आबादी को फाइलेरिया रोधी दवाएं स्वास्थ्यकर्मियों की निगरानी में खिलाई जाएंगी।


सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा ने कहा कि राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस (एनडीडी) के अंतर्गत 10 फरवरी को जनपद के शहरी क्षेत्र सहित 18 ब्लॉकों में एक से 19 वर्ष की आयु वर्ग के लगभग 13.43 लाख बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा एल्बेंडाजोल दी जाएगी। वर्ष 2027 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को देखते हुए एमडीए अभियान सरकार की प्राथमिकता पर है। इसी को लेकर बृहस्पतिवार को केंद्र की दो सदस्यीय टीम ने रायबरेली पहुंचकर अभियान की तैयारियों का जायजा लिया।

सीएमओ ने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए कम से कम 90 प्रतिशत पात्र आबादी का दवा सेवन आवश्यक है, क्योंकि अधिकांश संक्रमित व्यक्ति लक्षणहीन वाहक होते हैं और अनजाने में संक्रमण फैलाते रहते हैं। नोडल अधिकारी डॉ. श्रीकृष्णा ने बताया कि यह दवा एक वर्ष से कम आयु के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों को छोड़कर सभी पात्र लोगों को दी जाएगी। दवा खाली पेट नहीं लेनी चाहिए। जिला मलेरिया अधिकारी रमेश यादव ने बताया कि शिवगढ़ ब्लॉक में वर्तमान में 624 फाइलेरिया रोगी पंजीकृत हैं। अभियान को सफल बनाने के लिए 25 सुपरवाइजर और 280 टीमें गठित की गई हैं।

कार्यशाला में उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.राकेश कुमार यादव, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी डीएस अस्थाना, डीसीपीएम बृजेंद्र वीसी शुक्ला, डिस्ट्रिक्ट कोर ग्रुप (डीसीजी) के सदस्य और कसेहटी ग्राम के प्रधान राम सजीवन, जंग बहादुर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## टप्पेबाजों ने पार कर दी बाइक

**सिंहपुर (अमेठी), अमृत विचार।** इन्हौना थाना क्षेत्र के मेन चौराहे से मंगलवार की शाम टप्पेबाजों ने एक बाइक पार कर दी। पीड़ित ने पुलिस से लिखित शिकायत की है। पड़ोसी जनपद बाराबंकी के सुबेहा थाना क्षेत्र के सराय गोपी गांव निवासी विनोद कुमार ने बताया कि बीते मंगलवार की शाम इन्हौना बाजार कुछ खरीदने गया था। बाइक खड़ी करके कस्बे के मौर्या चाट भंडार पर चला गया, थोड़ी देर बाद वापस आने पर बाइक निर्धारित स्थान पर नहीं मिली। काफ़ी खोजबीन की आसपास के दुकानदारों से भी जानकारी की लेकिन कोई पता नहीं चला। वहीं इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष इंहौना विवेक सिंह ने बताया कि मामले में जानकारी नहीं मिली है।



कमजोर लोग हमेशा न्याय और समानता के लिए चिंतित रहते हैं। बलवान लोग इन दोनों की परवाह नहीं करते।
-अरस्तू, दार्शनिक


## आयोग पर अभियोग

मतदाता सूची किसी भी लोकतंत्र की रीढ़ होती है। यदि उसमें त्रुटि या पक्षपात का संदेह पैदा हो जाए, तो चुनाव की निष्पक्षता पर ही प्रश्न चिह्न लग जाता है। मुद्दा किसी एक राज्य या दल का नहीं, बल्कि मताधिकार की पवित्रता का है। ऐसे में चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण अभियान पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए सवालों को दलगत राजनीति से इतर गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

सामान्यतः गहन पुनरीक्षण एक जटिल प्रशासनिक कार्य है, जिसमें घर-घर सत्यापन, दस्तावेजों की जांच और आपत्तियों के निस्तारण जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं। इसे त्रुटि रहित ढंग से पूरा करने में लंबा समय लगता है। यदि दो वर्ष में होने वाला कार्य तीन महीने में समेटा जा रहा है, तो स्वाभाविक है कि जल्दबाजी से त्रुटियों की आशंका बढ़ेगी। चुनाव आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि किन तकनीकी साधनों या अतिरिक्त संसाधनों के आधार पर वह इतनी तेज गति से यह काम कर रहा है। केवल पश्चिम बंगाल में ही सूक्ष्म पर्यवेक्षकों की नियुक्ति जैसी अतिरिक्त निगरानी की व्यवस्था समानता के सिद्धांत पर प्रश्न उठाता है। यदि आयोग के पास इसके लिए पूर्व में शिकायतों का इतिहास या उच्च जोखिम वाले क्षेत्र जैसे कारण हैं, तो वह उन्हें सार्वजनिक करे। 58 लाख से अधिक नामों का हटाया जाना अत्यंत गंभीर तथ्य है। यह प्रक्रिया मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए है या बड़े पैमाने पर बहिष्करण का। आयोग का दायित्व केवल 'डुप्लीकेट हटाना' नहीं, बल्कि 'वास्तविक मतदाता को शामिल रखना' भी है। समावेशन और शुद्धिकरण के बीच संतुलन ही लोकतांत्रिक मर्यादा है। लैंगिक भेदभाव या विशेष समुदायों के नाम अधिक हटने के आरोपों की स्वतंत्र ऑडिट से जांच होनी चाहिए। विवाहित महिलाओं के नाम केवल उपनाम परिवर्तन के कारण हटने के मामलों में स्व-घोषणा और सरल सत्यापन पर्याप्त होना चाहिए। नामों की गलत वर्तनी या तकनीकी त्रुटियों के कारण नाम हटना भी चिंताजनक है। आयोग को डिजिटल डेटाबेस में सुधार, स्थानीय स्तर पर त्वरित सुधार शिविर और ऑनलाइन शिकायत निस्तारण प्रणाली को सशक्त बनाना होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने आधार को एक वैकल्पिक पहचान के रूप में स्वीकार किया है, उसे न मानना आदेश की अवमानना की श्रेणी में आ सकता है। आयोग को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी कर अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। सर्वोच्च न्यायालय की मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा नोटिस जारी किया जाना इस पूरे विवाद को संवैधानिक आयाम देता है।

यदि 'तार्किक विसंगतियों' की सूची सार्वजनिक नहीं की गई है, तो अदालत निश्चित रूप से स्पष्टीकरण मांग सकती है। चुनाव आयोग की स्वायत्तता लोकतंत्र की आधारशिला है। उस पर 'सरकारी प्रश्रय' का आरोप तभी कमजोर होगा जब वह पारदर्शी, समान और तर्कसंगत आचरण प्रदर्शित करे। अंततः सर्वोच्च न्यायालय का कथन स्मरणीय है कि हर समस्या का समाधान संभव है। पर समाधान तभी संभव होगा, जब प्रक्रिया का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को बाहर करना नहीं, बल्कि हर योग्य नागरिक को शामिल करना हो।

## नेपालः युवा बदल सकते हैं चुनाव नतीजों की तस्वीर





यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल का चुनाव कई मायनों में बड़ा दिलचस्प है। नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग ही है। नेपाली कांग्रेस जो इस बार पूर्व महामंत्री गगन थापा के नेतृत्व में अपने पुराने दावे और वादों के साथ मैदान में हैं। पार्टी के नए सभापति गगन थापा ने तो पूर्व सभापति शेर बहादुर देउबा को टिकट से ही वंचित कर दिया। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है। इन तीन पुरानी पार्टियों के इतर इस बार पूरे नेपाल में चुनाव मैदान में उतरी राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को लोग भरोसे की दृष्टि से जरूर देख रहे हैं।

नेपाल के पहाड़ी लोगों को इस पार्टी से परिवर्तन की अनुभूति की आश है, लेकिन इसका भी कोई क्लियर एजेंडा नहीं दिख रहा, हां इस पार्टी में जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग और काठमांडू के पूर्व मेयर वालेन शाह सहित ढेर सारे युवाओं के आ जाने से इस पार्टी को युवा मतदाताओं पर भरोसा ज्यादा है। नेपाल में सत्ता आती जाती रही है, लेकिन समस्याएं जस की तस हैं। बेरोजगारी,पलायन, मंहगाई, भ्रष्टाचार सब बेकाबू है। इस सबसे युवा ही ज्यादा प्रभावित और आक्रोशित हैं। जैसा कि दिख रहा है, यदि युवाओं का फैसला एक तरफा हुआ तो संभव है, परिणाम चौंकाने वाला हो, लेकिन यह भी संभव है कि सत्ता की चाभी मधेश के हाथ में हो।

> नेपाल में नई और पुरानी सभी पार्टियां बस भाग्य भरोसे चुनाव मैदान में हैं। एजेंडे की बात करें तो सभी के पास वही पुराना राग है। एमाले और माओवादी केंद्र के पास भी नेपाल के लिए कुछ नया नहीं है।

राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म पिछले चुनाव में धूमकेतु की तरह हुआ। इसके अध्यक्ष रवि लामी छाने नेपाल के पत्रकार रहे हैं। इनका टीवी टाक शो नेपाल मं काफी लोकप्रिय रहा है। पिछले चुनाव में पश्चिम नेपाल में इस पार्टी को अच्छी खासी सफलता मिली थी। एक दर्जन से अधिक सीटों पर राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार कामयाब हुए थे। ओली सरकार में रवि लामी छाने गृहमंत्री थे। बतौर गृह मंत्री उनकी पहचान एक सख्त मंत्री की थी। उन्हें अमरीकी नागरिक विवाद में पद और प्रतिनिधि सभा से त्यागपत्र देना पड़ा था। बाद में इस विवाद के सुलझ जाने पर वे प्रतिनिधि सभा में वापस आए और फिर गृहमंत्री बने। गृहमंत्री रहते हुए उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने की भरपूर कोशिश की। कई बड़े अफसरों और राजनेताओं के भ्रष्टाचार की जांच का आदेश देकर वे सुर्खियों में रहे, हालांकि उन्हें इसका खामियाजा भुगतना पड़ा।

प्रचंड और ओली के अलग होने के बाद जब नेपाली कांग्रेस और ओली की सरकार बनी तो इस सरकार में रवि लामी छाने शामिल नहीं हुए। इस बीच वे खुद धोखाधड़ी के बड़े लपेटे में आ गए। उन्हें जेल जाना पड़ा। अभी वे जमानत पर हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पूरी तरह रवि लामी छाने के नेतृत्व और जेन जी आंदोलन के नायकों के भरोसे है। वालेन शाह जब काठमांडू के मेयर थे, तब अपने कार्यालय में ग्रेटर नेपाल का नक्शा लगाए हुए थे, वे कभी-कभी हिंदुत्व की भी बात करते हैं। ग्रेटर नेपाल के नक्शे में भारत के सीमावर्ती हिस्से को दर्शाया गया है। यदि उनकी राजनीति का केंद्र बिंदु यही है, तो समझा जा सकता है कि सत्ता में आने पर इस पार्टी का भारत से कैसा रिश्ता हो सकता है।

यह चुनाव सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'हामी नेपाल' के संचालक सुडान गुरूंग और वालेन शाह की अग्निपरीक्षा है। वालेन शाह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली के खिलाफ झापा क्षेत्र संख्या पांच से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं सुडान गुरूंग कुछ बड़ा करने के लिए गोरखा क्षेत्र संख्या एक से चुनाव लड़ रहे हैं। गोरखा क्षेत्र संख्या एक की बात करें, तो यहां का चुनाव किसी के लिए भी आसान नहीं है। सुडान ओली के अपदस्थ होने के बाद अंतरिम सरकार के किंगमेकर की भूमिका में थे। पिछले कई चुनावी निराशाओं से थके यहां के लोगों को इस बार सुडान से उम्मीद है। कुछ समय पहले तक सुडान की प्राथमिकता में राजनीति नहीं थी। जेन-जी आंदोलन ने अचानक उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिला दी।

आंदोलन के दौरान स्वयंसेवक के रूप में जुड़े सुडान, आंदोलन खत्म होते-होते सत्ता समीकरण में 'किंगमेकर' की भूमिका तक पहुंच गए। सुशीला कार्की के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार और मंत्रियों की नियुक्ति में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका रही। जिस तेजी से वे राष्ट्रीय राजनीति में उभरे, उसी तेजी से आगे बढ़ पाएं, तो नेपाल की राजनीति में यह एक परिवर्तन होगा, जो नेपाल के मिजाज को रेखांकित करेगा।

झापा क्षेत्र संख्या पांच से वालेन शाह केपी शर्मा ओली के मुकाबले चुनाव लड़ रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री पद का चेहरा हैं। पिछले दिनों नेपाल के एक बड़े गुटखा व्यवसायी द्वारा गिफ्ट की गई मंहगी डिफेंडर गाड़ी को लेकर वे सुर्खियों में थे। अब उनके खिलाफ चुनाव आयोग में औपचारिक रूप से शिकायत दर्ज की गई है। वालेन शाह पर चुनावी आचार संहिता, प्रचलित कानूनों और लोकतांत्रिक मूल्यों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है।

नेपाल के चुनाव में इस बार 'मधेश' मुद्दा गायब है, लेकिन यह भी सच है कि मधेश फतह किए बिना किसी भी पार्टी के लिए सत्ता की कुर्सी आसान नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने इसी के दृष्टिगत मधेश में अपेक्षाकृत अच्छे और योग्य उम्मीदवारों का चयन कर मैदान में उतारा है। अब वे कितना कामयाब हो पाएंगे, यह आकलन अभी मुश्किल है। नेपाल के मधेश क्षेत्र का 23 जिला भारत सीमा से सटा है। यहां की करीब 90 लाख की आबादी नेपाली भाषा के साथ हिंदी भाषी भी हैं। ये लोग खुद को भारत के करीब महसूस करते हैं। पूर्व में यहां के संसदीय क्षेत्रों का सीमांकन पूरब पश्चिम को था। तब मधेश से मधेशी उम्मीदवार ही चुनाव जीतते थे, वे चाहे जिस दल के हों।

लोकतांत्रिक संविधान लागू होने के बाद इसका सीमांकन उत्तर दक्षिण की ओर कर दिया गया। इसके पीछे का मकसद यही था कि नेपाल की राजनीति में मधेश का वर्चस्व कम किया जाए। इस सीमांकन के खिलाफ मधेश में आंदोलन भी खूब हुआ लेकिन कोई असर नहीं डाल सका।

### आमने सामने



जब चीन के टैंक भारत की सीमा की तरफ बढ़ रहे थे, उस वक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन नहीं किया था। यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में आते हैं तो मैं यह पुस्तक उन्हें भेंट करूंगा।
**-राहुल गांधी**
नेता प्रतिपक्ष

राहुल गांधी के पास ठोस मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वे सुर्खियों में बने रहने और चर्चा बटोरने के लिए इस तरह के बयान देते रहते हैं। सेना और शहीदों का सम्मान पूरे देश के लिए सर्वोपरि है। इस तरह की बयानबाजी से देश की छवि को नुकसान पहुंचाती है।
**-देवेंद्र फडणवीस**
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र



## जरूरी है बच्चों की परवरिश पर भी हो चिंतन



डॉ. शिवम् भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर

एक ही परिवार की 12, 14 और 16 साल की तीन बच्चियों ने रात के दो बजे, ग़ाज़ियाबाद की एक ऊंची इमारत की नौवीं मंज़िल से छलांग लगा दी। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है। यह घटना सिर्फ़ एक परिवार का निजी शोक नहीं है, यह पूरे समाज के लिए चेतावनी की घंटी है। यह हमें बताती है कि जिस तकनीक को हमने सुविधा, प्रगति और सुरक्षा का प्रतीक मान लिया, वही तकनीक जब बिना निगरानी और संवेदनशील समझ के बच्चों के हाथ में पहुंचे, तो वह उनके मन, रिश्तों और जीवन पर चुपचाप कब्ज़ा कर सकती है।

कोविड काल से हुए बड़े बदलावों में एक यह भी है कि बड़ी तादाद में बच्चों की दुनिया सिमटकर मोबाइल स्क्रीन पर आ गई और बच्चों को मोबाइल दिया जाना भी न्यू नॉर्मल हो गया। पढ़ाई ऑनलाइन हुई, दोस्ती वर्चुअल हुई, खेल डिजिटल हुए और अकेलापन सामान्य हो गया। माता–पिता को यह एक सुरक्षित विकल्प लगा कि बच्चा घर के भीतर है, बाहर की बुरी संगत से दूर है। पर हम यह भूल गए कि आज की बुरी संगत गलियों में नहीं, ऐप्स में घूमती है। कई ऑनलाइन गेम, फैनडम और वर्चुअल कम्युनिटी बच्चों को एक समानांतर पहचान का भ्रम देती हैं, जहां वे अपने वास्तविक जीवन की परेशानियों से भागकर एक काल्पनिक दुनिया में शरण लेते हैं। यह शरण शुरू में मनोरंजन लगती है, फिर आदत बनती है और अंततः मानसिक निर्भरता में बदल जाती है। इसके बाद 'लेवल', 'टास्क' और 'चैलेंज' जैसे शब्द बच्चों के मन पर ऐसा दबाव बनाते हैं कि वे वास्तविक जीवन की संवेदनाओं, रिश्तों और खतरे के बोध से कटने लगते हैं। यही वह बिंदु है, जहां खेल मनोरंजन नहीं रहता, बल्कि मानसिक नियंत्रण का औज़ार बन जाता है।

> एक ही परिवार की तीन बच्चियों ने नौवीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। यह हमारे डिजिटल युग का नंगा और क्रूर सच है।

यह समस्या किसी एक देश, किसी एक गेम या किसी एक ट्रेंड तक सीमित नहीं है। कुछ समय पहले भी ऐसे जानलेवा गेम और ऐप्स चर्चाओं में रह चुके हैं- प्रतिबंधित हो चुके हैं, आज कोरियन गेम चर्चा में है, कल कोई और होगा, पर खतरे का ढांचा वही अकेलापन, स्क्रीन पर बढ़ता समय, नींद और दिनचर्या का टूटना, परिवार से संवाद का खत्म होना और धीरे–धीरे मनोवैज्ञानिक असंतुलन। इसके बावजूद तमाम परिवारों में अभिभावकों का सबसे बड़ा भ्रम यही है कि 'मेरे बच्चे के साथ ऐसा नहीं हो सकता।' अभिभावक मान लेते हैं कि उनका बच्चा समझदार है, अच्छे स्कूल में पढ़ता है, या सिर्फ़ कुछेक रील देखता है-गेम खेलता है। यही आत्मसंतोष बच्चों को सबसे असुरक्षित स्थिति में धकेल देता है। सच्चाई यह है कि डिजिटल दुनिया में कोई बच्चा पूरी तरह सुरक्षित नहीं है। न उसकी बुद्धिमत्ता, न उसकी सामाजिक हैसियत और न ही पारिवारिक अनुशासन उसे स्वतः सुरक्षित बनाता है।

इस संकट का समाधान भावनात्मक प्रतिक्रियाओं या घटना बीत जाने के बाद की बहसों में नहीं है। समाधान घर के भीतर नीति बनाने में है। मोबाइल और इंटरनेट को बच्चों के लिए 'असीम आज़ादी' की तरह नहीं, बल्कि नियंत्रित संसाधन की तरह देखना होगा। छोटे बच्चों को व्यक्तिगत स्मार्टफोन देने की प्रवृत्ति पर पुनर्विचार ज़रूरी है। रात के समय बच्चों के कमरे में मोबाइल का न होना, सभी डिजिटल उपकरणों का एक साझा स्थान पर रखा जाना, पढ़ाई और मनोरंजन के लिए अलग–अलग समय सीमा तय करना, ये कोई कठोर कदम नहीं, बल्कि न्यूनतम सुरक्षा मानक हैं। बच्चे विरोध करेंगे, नाराज़ होंगे, लेकिन माता–पिता को यह समझना होगा कि अस्थायी असहमति स्थायी सुरक्षा की कीमत है।

तकनीकी नियंत्रण भी अब विकल्प नहीं, जिम्मेदारी है। पैरेंटल कंट्रोल, स्क्रीन टाइम लिमिट, कंटेंट फ़िल्टर और सुरक्षित ब्राउज़िंग जैसे उपाय केवल सेटिंग नहीं, बल्कि डिजिटल सुरक्षा की बुनियादी संरचना हैं। जिस तरह हम बच्चों को सड़क पार करना सिखाते हैं, वैसे ही उन्हें ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रहना भी सिखाना होगा। यह निगरानी अविश्वास का प्रतीक नहीं है, बल्कि संरक्षण का आधुनिक रूप है, लेकिन तकनीक से भी बड़ा हथियार संवाद है। माता–पिता और बच्चों के बीच रोज़मर्रा की बातचीत, बिना स्क्रीन के साथ बिताया गया समय, उनके ऑनलाइन व्यवहार को समझने की ईमानदार कोशिश, यही वह भावनात्मक पुल है जो बच्चों को आभासी दुनिया में डूबने से बचाता है। यदि बच्चा अचानक चिड़चिड़ा हो जाए, नींद कम हो जाए, पढ़ाई या सामाजिक गतिविधियों से कटने लगे, तो इसे उम्र का असर कहकर नज़रअंदाज़ करना खतरनाक हो सकता है। यह मानसिक स्वास्थ्य संकट का शुरुआती संकेत भी हो सकता है और समय रहते मदद लेना शर्म नहीं, समझदारी है।

बिना निगरानी और सीमाओं के दिया गया मोबाइल बच्चों के हाथ में खिलौना नहीं, जोखिम का साधन बन सकता है। यहां मुद्दा डिजिटल हो चुकी दुनिया के साथ रफ्तार बनाए रखने का नहीं है, सवाल यह है कि क्या हम अपने बच्चों को इस दुनिया के लिए मानसिक, भावनात्मक और नैतिक रूप से तैयार कर रहे हैं?

### प्रसंगवश

## चूल्हे से चांद तक महिलाओं की बदलती पहचान

रसोई की दीवारें केवल ईंट-सीमेंट की बनी हुई संरचना नहीं होतीं, वे उस सामाजिक सोच की मूक प्रतीक हैं, जिसने सदियों से महिलाओं की दुनिया को सीमाओं में बांध दिया। इन दीवारों के भीतर सिर्फ़ भोजन नहीं पकता, बल्कि अनगिनत सपने भी धीमी आंच पर सुलगते रहते हैं। यहां हर दिन समझौते होते हैं- खुद से, अपनी इच्छाओं से, अपनी पहचान से। बाहर की दुनिया तेज़ी से बदल रही है, पर इन दीवारों के भीतर आज भी वही पुरानी अपेक्षाएं गूंजती हैं। फिर भी, इन्हीं सीमाओं के बीच एक दृढ़ आवाज़ जन्म लेती है- मैं इससे अधिक हूं और इससे आगे जा सकती हूं।

भारतीय समाज में महिला को अक्सर त्याग और सहनशीलता की प्रतिमा बना दिया गया है। उसकी सफलता इस कसौटी पर परखी जाती है कि उसने परिवार के लिए कितना त्याग किया, न कि उसने अपने लिए क्या हासिल किया। बचपन से उसे सिखाया जाता है कि सपने देखना ठीक है, पर उन्हें सीमाओं में रखना ज़रूरी है। धीरे-धीरे वह भी मान लेती है कि उसकी ज़िंदगी की प्राथमिकता हमेशा दूसरे होंगे। फिर भी, उसके मन के किसी कोने में उसकी इच्छाएं जीवित रहती हैं- शांत, धैर्यवान और अपने सही समय की प्रतीक्षा करती हुई।



कृति जैन
लेखिका

आज की महिला एक साथ कई भूमिकाएं निभा रही है। वह मां है, पत्नी है, बहू है, लेकिन इन सबसे पहले वह एक संपूर्ण इंसान है, जिसके अपने सपने और आकांक्षाएं हैं। दिन भर वह घर की ज़िम्मेदारियों में उलझी रहती है, पर रात के सन्नाटे में उसका मन जाग उठता है। तब वह किताब खोलती है, ऑनलाइन कक्षाओं में समय लगाती है या अपने भविष्य की नई तस्वीर गढ़ती है। समाज भले ही उसकी इस कोशिश को अनदेखा करे, लेकिन उसके भीतर आत्मनिर्भर बनने की आग हर दिन और प्रखर होती जाती है।

कई बार महिलाओं के सपने उसी रसोई से आकार लेते हैं, जहां कभी उन्हें सीमित कर दिया गया था। वर्षों तक स्वाद और मेहनत से खाना बनाने वाली महिला एक दिन समझ पाती है कि यही उसका हुनर है। वह अपने काम को घर की चारदीवारी से बाहर लाने का साहस जुटाती है। शुरुआत में ताने मिलते हैं, शक किया जाता है, लेकिन वह पीछे नहीं हटती। धीरे-धीरे उसका आत्मविश्वास बढ़ता है और उसका हुनर उसकी पहचान बन जाता है। यह बदलाव सिर्फ़ कमाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की नींव रख देता है।

यह सफ़र आसान नहीं होता। समय की कमी, शारीरिक थकान, परिवार की अपेक्षाएं और समाज की आलोचना, हर मोड़ पर नई बाधाएं खड़ी हो जाती हैं। कई बार महिलाओं को यह महसूस कराया जाता है कि उनका आगे बढ़ना घर के संतुलन को बिगाड़ देगा। अपराधबोध चुपचाप उनके मन में जगह बना लेता है। फिर भी कुछ महिलाएं इन दबावों के बावजूद आगे बढ़ती हैं, क्योंकि वे जानती हैं कि उनका सपना किसी का नुकसान नहीं करता, बल्कि दूसरों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

संघर्ष की इस राह पर महिलाएं कई बार गिरती हैं, लेकिन हर बार थोड़ा और सशक्त होकर उठती हैं। वे समझ जाती हैं कि सफलता का अर्थ पूर्णता नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास और धैर्य है। उनके चेहरे पर थकान साफ़ दिखती है, पर आंखों में संतोष की रोशनी होती है। वे जानती हैं कि यह लड़ाई सिर्फ़ उनकी नहीं है, वे उन अनगिनत महिलाओं के लिए रास्ता बना रही हैं, जो अभी खामोश हैं, लेकिन सपने देखना नहीं छोड़ा है।

### सोशल फोरम

## अरिजीत सिंह का संन्यास

अरिजीत सिंह शानदार गायक और शानदार शख़्स हैं, वरना किसकी हिम्मत कि 39 की उम्र में एलान कर दिया कि अब फिल्मों में प्लेबैक सिंगिंग नहीं करूंगा। वह भी तब, जब वे अपने पार्श्वगायन में टॉप पर हैं। अरिजीत सिंह भारत के सबसे बड़े म्यूजिकल आइकन हैं और ग्लोबली स्पॉटिफाई पर दुनिया के सबसे ज़्यादा फॉलो किए जाने वाले आर्टिस्ट हैं। सबसे ज्यादा फॉलोअर्स 17 करोड़ 22 लाख से ज्यादा उन्हीं के हैं। लगातार सात साल (2019-2025) स्पॉटिफाई के सबसे ज्यादा स्ट्रीम्ड आर्टिस्ट रहे।



डॉ. प्रकाश हिंदुस्तानी
ब्लॉगर

कामयाब तो बहुतेरे होते हैं, पर शिखर पर होते हुए शिखर को छोड़ने का एलान करने के लिए गहरी सोच, समझ, हिम्मत और तजुर्बा चाहिए। अरिजीत ने कहा है कि वे संगीत जगत में बने रहेंगे। गायन जारी रहेगा, केवल फिल्मों के लिए, किसी हीरो को अब अपनी आवाज़ नहीं देंगे। मुझे कुछ अलग म्यूजिक करना है, ताकि मैं जी सकूं। मैं कई दूसरे सिंगर्स को सुनना चाहता हूं, जो मुझे असली मोटिवेशन दें।

बलिहारी है अरिजीत।

अरिजीत ने साफ किया कि मैं बहुत जल्दी बोर हो जाता हूं... तो सच यही है कि मैं बोर हो गया था। मैं इंडियन क्लासिकल म्यूजिक में वापस जाना चाहता हूं। मैं अपनी खुद का म्यूजिक बनाना चाहता हूं और स्टार्ट अगेन चाहता हूं। अब अरिजीत लाइव कॉन्सर्ट्स, इंडिपेंडेंट म्यूजिक और अपने क्रिएटिव प्रोजेक्ट्स पर फोकस करेंगे। उन्होंने ये भी क्लियर किया कि कुछ पुराने कमिटमेंट्स पूरे करेंगे, तो 2026 में कुछ रिलीज़ अभी भी हो सकती हैं। कई इसे उनकी सादगी और क्रिएटिव फ्रीडम की मिसाल मान रहे हैं। अरिजीत 36 साल से गा रहे हैं। केवल तीन साल की उम्र से उन्होंने गाना शुरू किया था। नौ साल की उम्र में उन्हें सरकार की तरफ से क्लासिकल वोकल्स के लिए स्कॉलरशिप भी मिली थी। उनकी मां तबला बजाती और गाती थीं, जिससे उनका संगीत का सफर शुरू हुआ।


2005 में फेम गुरुकुल में हिस्सा लिया, टॉप सिक्स तक पहुंचे, लेकिन ऑडियंस वोटिंग से बाहर हो गए। कई लोग यहीं रुक जाते, लेकिन अरिजीत ने हार नहीं मानी और मेहनत की। अरिजीत सिर्फ गायक नहीं, वो अच्छे तबला वादक हैं, गिटार और पियानो भी बजाते हैं और म्यूजिक प्रोडक्शन भी करते हैं। मल्टी-टैलेंटेड होना उनकी आवाज़ की गहराई का राज है।

**-फेसबुक वॉल से**

### सामयिकी

## दिव्यांगता और समावेशन का अधूरा सपना

भारत में दिव्यांग महिलाओं की स्थिति को केवल स्वास्थ्य, सहायता या कल्याण की समस्या के रूप में देखना एक गंभीर भूल होगी। यह मूलतः सत्ता, संसाधनों, अवसरों और निर्णय-प्रक्रियाओं तक असमान पहुंच की समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की लगभग 16 प्रतिशत आबादी किसी न किसी प्रकार की दिव्यांगता के साथ जीवन जी रही है। भारत में जनगणना 2011 के अनुसार लगभग 2.7 करोड़ लोग दिव्यांग हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। इसके बावजूद नीति-निर्माण, योजनाओं और सामाजिक विमर्श में उनकी उपस्थिति अत्यंत सीमित बनी हुई है। वे सरकारी रिपोर्टों में दर्ज तो होती हैं, लेकिन सार्वजनिक जीवन में बहुत कम दिखाई देती हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS-5) और जनगणना के आंकड़े भी यह संकेत देते हैं कि शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्रों में दिव्यांग महिलाओं की भागीदारी अभी भी बहुत कम है।



सत्य प्रकाश नायक
एक्टिविस्ट

दिव्यांग महिला का जीवन तीन स्तरों पर नियंत्रित होता है घर, समाज और व्यवस्था। घर के भीतर पिता, भाई और पति स्वयं को 'संरक्षक' मानते हुए उसकी हर पसंद पर अधिकार जताते हैं। निर्णय-प्रक्रियाओं पर पुरुषों का वर्चस्व आज भी बना हुआ है। समाज उसे 'कमज़ोर' और 'निर्भर' मानकर हाशिये पर रख देता है और व्यवस्था उसे प्राथमिकता सूची के अंत में पहुंचा देती है। इन तीनों स्तरों पर पितृसत्तात्मक शक्ति-संबंध उसके जीवन की दिशा तय करते हैं।

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज़, एनसीपीईडीपी, यूएन वीमेन इंडिया और सामाजिक शोधकर्ता अनीता घई के अध्ययन बताते हैं कि कई परिवारों में बेटियों को चाहे वे दिव्यांग हों या न हों, आर्थिक निर्णयों और संपत्ति से जुड़े मामलों में पूरी भागीदारी नहीं मिलती, लेकिन जब बेटी दिव्यांग होती है, तो यह उपेक्षा और गहरी हो जाती है। उसे अक्सर 'दीर्घकालिक आश्रित' मान लिया जाता है और यह मान लिया जाता है कि वह भविष्य में परिवार की आर्थिक ज़िम्मेदारी नहीं उठा पाएगी। इसी सोच के कारण उसकी शिक्षा, कौशल और आत्मनिर्भरता पर पर्याप्त निवेश नहीं किया जाता। धीरे-धीरे उसे आर्थिक रूप से निर्भर बना दिया जाता है। विवाह को ही उसका 'सुरक्षित भविष्य' मान लिया जाता है और कई बार यह निर्णय उसकी इच्छा और सहमति के बिना होता है।

उसकी आवाजाही पर भी नियंत्रण रहता है। कहां जाएगी, किससे मिलेगी, कब बाहर निकलेगी? इन सब पर परिवार का अधिकार माना जाता है। 'इज़्ज़त', 'सुरक्षा' और 'देखभाल' के नाम पर यह नियंत्रण जीवनभर चलता रहता है। यह नियंत्रण उसके आत्मविश्वास और सामाजिक विकास को सीमित कर देता है। सवाल यह है, क्या हम सच में सुनते हैं कि वह क्या चाहती है?

यौनिक स्वायत्तता और प्रजनन अधिकार भी इसी नियंत्रण संरचना का हिस्सा बन जाते हैं। अनेक महिलाओं के लिए गर्भनिरोध, गर्भधारण या नसबंदी उनके स्वयं के निर्णय नहीं होते। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (UNFPA) और विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्टें बताती हैं कि कई मामलों में दिव्यांग महिलाओं को प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े फैसलों में स्वतंत्र भूमिका नहीं मिलती। डॉक्टर भी अक्सर महिला से सीधे बात करने के बजाय परिवार से संवाद करना अधिक सुरक्षित समझते हैं। यह स्थिति महिला की इच्छा, सहमति और गरिमा को कमजोर करती है।

हम अक्सर 'दिव्यांग' शब्द का प्रयोग ऐसे करते हैं, जैसे यह एक समान स्थिति हो, जबकि वास्तविकता कहीं अधिक जटिल है। दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित, बौद्धिक दिव्यांगता, मनोसामाजिक दिव्यांगता, ऑटिज़्म और सेरेब्रल पाल्सी से जुड़ी महिलाओं की ज़रूरतें, क्षमताएं और चुनौतियां अलग-अलग होती हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।


खोज



# ऐसे हुई गर्म हवा के गुब्बारे की खोज

मानव की उड़ने की इच्छा जितनी पुरानी है, उतनी ही रोमांचक है गर्म हवा के गुब्बारे की कहानी। इस सपने को पहली बार वास्तविकता में बदलने का श्रेय 18 वीं शताब्दी के फ्रांस के दो भाइयों– जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर को जाता है। कागज बनाने के व्यवसाय से जुड़े ये भाई आकाश में उड़ते बादलों और धुएं को देखकर अक्सर सोचते थे कि क्या हवा की मदद से कोई वस्तु ऊपर उठ सकती है। एक दिन जोजेफ ने आग के ऊपर उठते धुएं को देखा और महसूस किया कि गर्म हवा में कोई "उठाने की शक्ति" है। इसी विचार ने उन्हें प्रयोग के लिए प्रेरित किया। 1783 में उन्होंने कागज और कपड़े से बना एक बड़ा थैला तैयार किया और उसके नीचे आग जलाकर उसमें गर्म हवा भरी। आश्चर्यजनक रूप से वह गुब्बारा ऊपर उठ गया। यह मानव इतिहास में पहली सफल गर्म हवा के गुब्बारे की उड़ान थी। बाद में, इसी वर्ष पेरिस में एक और ऐतिहासिक प्रयोग किया गया, जिसमें पहले जानवरों और फिर मनुष्यों को गुब्बारे में बैठाकर उड़ाया गया। यह घटना आधुनिक विमानन की नींव मानी जाती है।


इस आविष्कार के पीछे का विज्ञान सरल, लेकिन प्रभावशाली है। गर्म हवा ठंडी हवा की तुलना में हल्की होती है। जब गुब्बारे के अंदर की हवा गर्म की जाती है, तो उसका घनत्व कम हो जाता है। बाहर की ठंडी और भारी हवा गुब्बारे को ऊपर की ओर धकेलती है।यही सिद्धांत उत्थापन बल ( Buoyancy ) कहलाता है। जब तक गुब्बारे के अंदर की हवा आसपास की हवा से हल्की रहती है, तब तक गुब्बारा आकाश में तैरता रहता है। गर्म हवा का गुब्बारा केवल एक आविष्कार नहीं था, बल्कि यह मानव जिज्ञासा, प्रयोगशीलता और विज्ञान की शक्ति का प्रतीक बना। इसने यह सिद्ध कर दिया कि कल्पना और विज्ञान मिलकर असंभव को भी संभव बना सकते हैं।




### वैज्ञानिक के बारे में

जोसेफ और एटियेन मोंटगोल्फियर फ्रांस के अन्नोने ( Annonay ) नगर में जन्मे थे और एक कागज निर्माण करने वाले प्रतिष्ठित परिवार से संबंध रखते थे। जोसेफ–मिशेल ( 1740–1810 ) स्वभाव से कल्पनाशील, जिज्ञासु और प्रयोगप्रिय थे। उन्हें प्राकृतिक घटनाओं को देखकर नए विचार सूझते थे। इसके विपरीत जैक्स–एटियेन ( 1745–1799 ) अधिक व्यावहारिक, अनुशासित और व्यवस्थित व्यक्तित्व के थे। उन्होंने परिवार के व्यवसाय और सार्वजनिक संबंधों को संभाला।

# जब कण टकराते हैं तब खुलते हैं ब्रह्मांड के राज



हिग्स बोसोन की खोज लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर ( LHC ) के पहले रन में दर्ज किए गए कोलिजन डेटा से संभव हुई थी, जो 2009 के अंत से 2012 के अंत तक चला। इस खोज ने स्टैंडर्ड मॉडल के अंतिम अधूरे हिस्से को पूरा किया, लेकिन साथ ही कई नए सवाल भी खड़े कर दिए। 2015 के बसंत में व्यापक मेंटेनेंस के बाद LHC को अधिक ऊर्जा पर दोबारा शुरू किया गया। दूसरा रन इस मायने में निर्णायक है कि वह हमें हिग्स बोसोन को गहराई से समझने और स्टैंडर्ड मॉडल से आगे की भौतिकी की खोज करने का अवसर देता है।



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक


### कोलिजन की क्वांटम प्रकृति


प्रोटॉन टकराव पूरी तरह प्रेडिक्टेबल नहीं होते। क्वांटम मैकेनिक्स के अनुसार, हर कोलिजन केवल संभावनाओं का समूह होता है। स्टैंडर्ड मॉडल यह बता सकता है कि औसतन कौन-सी प्रक्रिया कितनी बार होगी, लेकिन किसी एक टकराव का परिणाम पहले से तय नहीं किया जा सकता। इसलिए दुर्लभ प्रक्रियाओं को देखने के लिए बहुत अधिक संख्या में कोलिजन आवश्यक होते हैं। यह ठीक वैसा ही है जैसे पासे की निष्पक्षता जांचने के लिए उसे बार-बार फेंकना पड़ता है।

### हिग्स बोसोन: डिके और मास मैकेनिज्म

हिग्स बोसोन का महत्व इस बात में है कि वही अन्य कणों को द्रव्यमान देता है। कोलिजन में बनने के तुरंत बाद हिग्स विभिन्न कणों में डिके (विघटन) हो जाता है। इसके डिके चैनलों की दरें संबंधित कणों के द्रव्यमान पर निर्भर करती हैं। अब तक हिग्स के फोटॉन, W और Z बोसोन में डिके स्पष्ट रूप से देखे जा चुके हैं, जबकि फर्मियॉन में मुख्यतः ताऊ लेप्टन और आंशिक रूप से बॉटम क्वार्क के प्रमाण मिले हैं। दूसरे रन का अधिक डेटा इन मापों को कहीं अधिक सटीक बना सकता है।

- **हिग्स की अन्य विशेषताएं-** दूसरे रन से हम यह भी जानना चाहेंगे कि हिग्स कितनी तेजी से डिके करता है, क्या वह वास्तव में एक फंडामेंटल कण है या उसके भीतर कोई सब-स्ट्रक्चर छिपा है और क्या हिग्स स्वयं से इंटरैक्ट करता है। हिग्स का self-interaction सीधे इस बात से जुड़ा है कि वह स्वयं अपना द्रव्यमान कैसे प्राप्त करता है। साथ ही यह संभावना भी खुली है कि एक से अधिक, भारी हिग्स बोसोन मौजूद हों।
- **उच्च ऊर्जा और नए कणों की संभावना-** दूसरे रन में टकराव की ऊर्जा पहले से अधिक है। इसका अर्थ है कि अब अधिक भारी और अब तक अनदेखे कण बनाए जा सकते हैं। उच्च ऊर्जा पर बेहतर रिजॉल्यूशन मिलता है, जिससे कणों और बलों को और बारीकी से समझा जा सकता है। यही कारण है कि भले ही स्टैंडर्ड मॉडल काफी सफल दिखता हो, वैज्ञानिक यह मानते हैं कि वह अंतिम सिद्धांत नहीं हो सकता।
- **स्टैंडर्ड मॉडल की सीमाएं-** स्टैंडर्ड मॉडल की सबसे बड़ी सीमा यह है कि उसमें गुरुत्वाकर्षण शामिल नहीं है। गुरुत्वाकर्षण को जनरल रिलेटिविटी समझाती है, जो क्वांटम सिद्धांत से अलग ढांचे में खड़ी है। इसके अलावा स्टैंडर्ड मॉडल में कई पैरामीटर और कण संरचनाएं मनमानी प्रतीत होती हैं, जैसे बोसॉन और फर्मियॉन का असंतुलन। ये संकेत देते हैं कि किसी अधिक व्यापक सिद्धांत की आवश्यकता है।
- **सुपरसिमेट्री: एक संभावित विस्तार-** स्टैंडर्ड मॉडल का एक लोकप्रिय विस्तार सुपरसिमेट्री है। यह प्रत्येक बोसोन के लिए एक फर्मियॉन पार्टनर और प्रत्येक फर्मियॉन के लिए एक बोसॉन पार्टनर प्रस्तावित करती है। इससे हिग्स, W और Z बोसोन के अपेक्षाकृत छोटे द्रव्यमान की व्याख्या संभव होती है। सुपरसिमेट्री कई नए कणों और अतिरिक्त हिग्स बोसोन की भविष्यवाणी करती है, जिनकी खोज दूसरे रन का एक बड़ा लक्ष्य है।





### LHC के प्रमुख डिटेक्टर

LHC में चार मुख्य डिटेक्टर हैं। ATLAS और CMS जनरल–पर्पस डिटेक्टर हैं और इन्हीं ने हिग्स बोसोन की खोज की थी। ALICE को भारी आयनों के टकराव के लिए डिजाइन किया गया है, ताकि क्वार्क–ग्लूऑन प्लाज्मा और शुरुआती ब्रह्मांड जैसी स्थितियों का अध्ययन हो सके। LHCb बॉटम क्वार्क के डिके का अध्ययन करता है, जो दुर्लभ प्रक्रियाओं और नई भौतिकी के संकेत दे सकते हैं।

### मैटर-एंटीमैटर असमानता और डार्क मैटर

LHCb के प्रयोग CP–वायलेशन के अध्ययन के जरिए यह समझने की कोशिश करते हैं कि ब्रह्मांड में मैटर क्यों बचा और एंटीमैटर क्यों नहीं? दूसरी ओर, डार्क मैटर की समस्या भी स्टैंडर्ड मॉडल से बाहर जाती है। ब्रह्मांड के अधिकांश द्रव्यमान का निर्माण ऐसे कणों से हुआ है, जिन्हें हम अभी नहीं जानते। कई सिद्धांत मानते हैं कि डार्क मैटर कण हिग्स क्षेत्र से द्रव्यमान प्राप्त करते हैं, इसलिए हिग्स का विस्तृत अध्ययन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### आगे का रास्ता

LHC का दूसरा रन केवल पहले रन की पुष्टि नहीं है, बल्कि नई खोजों का द्वार है। चाहे वह हिग्स की गहरी समझ हो, सुपरसिमेट्री की खोज, डार्क मैटर के संकेत या मैटर–एंटीमैटर असमानता की व्याख्या– दूसरा रन हमें यह जानने के और करीब लाता है कि ब्रह्मांड किससे और कैसे बना है।

जंगल की दुनिया



# ब्लू व्हिसलिंग थ्रश: पहाड़ों में बसा नीला सौंदर्य

ब्लू व्हिसलिंग थ्रश चंडीगढ़ क्षेत्र के जंगलों और वन इलाकों में पाया जाने वाला एक अत्यंत आम, लेकिन प्रभावशाली पक्षी है। सुबह और शाम के समय इसकी तेज, मानव जैसी सीटी या सींख जैसी आवाज दूर–दूर तक सुनाई देती है, जिससे यह अपनी उपस्थिति आसानी से दर्ज करा देता है। यद्यपि यह मूल रूप से एक पर्वतीय पक्षी है, लेकिन शिवालिक पहाड़ियों की तलहटी में बसे चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों का प्राकृतिक वातावरण इसके लिए अत्यंत अनुकूल है।


यह पक्षी गहरे नीले-काले रंग का होता है, जिसके सिर और शरीर पर चांदी जैसे नीले रंग की चमकदार धारियां दिखाई देती हैं। धूप पड़ने पर इसका रंग और भी अधिक चमकीला प्रतीत होता है। इसकी सबसे अलग पहचान इसकी चमकीली पीली चोंच है, जो इसके गहरे शरीर रंग के साथ तीव्र विरोधाभास बनाती है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का आकार लगभग 31 से 35 सेंटीमीटर तक होता है और इसकी मजबूत काया इसे अन्य थ्रश प्रजातियों से अलग बनाती है।

अंतर्राज्यीय चंडीगढ़ क्षेत्र ( आईएससीआर ) में इसे बहुत आम पक्षी माना जाता है। इसका प्रमुख कारण यह है कि यह क्षेत्र चारों ओर से शिवालिक पहाड़ियों से घिरा हुआ है और यहां घने वन, प्राकृतिक नाले, झीलें और हरित पट्टियां मौजूद हैं। सुखना वन अभ्यारण्य, सारंगपुर वनस्पति उद्यान, मोरनी हिल्स और कसौली क्षेत्र इस पक्षी के प्रमुख आवास माने जाते हैं। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश का भोजन मुख्यतः कीड़े-मकोड़े, केंचुए, घोंघे, छोटे केकड़े और अन्य जलीय जीव होते हैं। इसे अक्सर पानी के किनारे चट्टानों पर उछलते-कूदते भोजन खोजते देखा जा सकता है। प्रजनन काल में यह चट्टानों की दरारों, नालों के पास या



पुराने ढांचों में घोंसला बनाता है। ब्लू व्हिसलिंग थ्रश न केवल चंडीगढ़ क्षेत्र की जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है, बल्कि यह स्वच्छ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का भी संकेतक माना जाता है।

वैज्ञानिक फैक्ट



# प्राकृतिक इंजीनियरिंग का अद्भुत चमत्कार

मानव शरीर प्राकृतिक इंजीनियरिंग का एक असाधारण नमूना है, जिसकी जटिलता और दक्षता आज भी वैज्ञानिकों को आश्चर्यचकित करती है। शरीर के विभिन्न तंत्र आपस में इस तरह जुड़े होते हैं कि जीवन बिना किसी व्यवधान के निरंतर चलता रहता है। इनमें परिसंचरण तंत्र विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो शरीर की हर कोशिका तक जीवनदायी तत्व पहुंचाने का कार्य करता है।

क्या आप जानते हैं कि एक रक्त कोशिका को पूरे शरीर का एक चक्कर लगाने में केवल लगभग 60 सेकंड का समय लगता है? यह अविश्वसनीय रूप से तेज यात्रा जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। रक्त कोशिकाएं फेफड़ों से ऑक्सीजन लेकर शरीर के हर ऊतक तक पहुंचाती हैं और साथ ही पोषक तत्वों की आपूर्ति करती हैं। इसके विपरीत, वे कोशिकाओं द्वारा उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

इस तंत्र की कार्यक्षमता इस बात का प्रमाण है कि मानव शरीर स्वयं को संतुलित रखने और निरंतर कार्यशील बनाए रखने में कितना सक्षम है। हृदय का नियमित धड़कना, रक्त वाहिकाओं का जाल और कोशिकाओं का समन्वय ये सभी मिलकर जीवन की निरंतरता सुनिश्चित करते हैं। विज्ञान का संसार वास्तव में विशाल और चमत्कारों से भरा हुआ है। यह हमें न केवल प्रकृति और शरीर की जटिल संरचनाओं को समझने का अवसर देता है, बल्कि उनके प्रति सम्मान और जिज्ञासा भी जाग्रत करता है। मानव शरीर का अध्ययन हमें यह सिखाता है कि जीवन जितना सरल दिखाई देता है, वास्तव में उतना ही गहराई से संगठित और अद्भुत है।

# एरीज के लिए खास मददगार साबित होगा अंतरिक्ष स्टेशन

पहले एस्ट्रोसेट और दूसरा आदित्य एल–1 के बाद इसरो की अंतरिक्ष में एक और लंबी छलांग की तैयारी है। इस सफलता के बाद भारत अमेरिका और चीन के समकक्ष खड़ा हो जाएगा। बात अगर उत्तराखंड की करें तो यहां नैनीताल में स्थित आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वैज्ञानिकों के लिए यह स्टेशन अंतरिक्ष के अध्ययनों में काफी मददगार साबित होगा। तकनीकी रूप से यह उन्नत होगा। इस अंतरिक्ष मिशन से जुटाए जाने वाले आंकड़े एरीज के वैज्ञानिकों के लिए बेहद मददगार साबित होंगे और एरीज के लिए यह दोहरा लाभ देने वाला मिशन साबित होगा।



बबलू चंद्रा
नैनीताल

अंतरिक्ष स्टेशन अत्याधुनिक तकनीक व अत्यंत सुविधाजनक है, जो पृथ्वी की ऑर्बिट से अंतरिक्ष को चारों ओर से देख सकता है। वर्ष 2028 में प्रस्तावित यह परियोजना देश के पास चलती-फिरती प्रयोगशाला होगी, जो जमीनी दूरबीनों की तुलना में कहीं अधिक कारगर होगी। इस प्रयोगशाला के जरिए चांद, तारे, ग्रह, नक्षत्रों और सुदूर अंतरिक्ष में किसी भी दिशा को देखा जा सकता है और सटीक आंकड़े जुटाए जा सकते हैं।

एरीज सौर अध्ययन के साथ अंतरिक्ष मौसम का महत्वपूर्ण अध्ययन करता है। एरीज की वेदशाला में स्थापित सोलर टेलीस्कोप सूर्य और सोलर फ्लेयर्स पर नजर रखती है। अंतरिक्ष स्टेशन से मिले रियल टाइम डाटा से एरीज के अध्ययन में मदद मिल सकेगी। इसके अलावा एरीज की देव स्थल स्थित 3.6 मीटर की ऑप्टिकल दूरबीन है। इसके जरिए अंतरिक्ष से जुटाया गए आंकड़ों का मिलान



अंतरिक्ष स्टेशन से प्राप्त आंकड़ों से किया जा सकेगा। माइक्रोग्रैविटी में किए गए प्रयोगों के नतीजे खगोल विज्ञान, कॉस्मिक रेडिएशन और एटमॉस्फेरिक स्टडीज में मदद मिलेगी।

यह सभी एरीज के रिसर्च से जुड़े हुए महत्वपूर्ण अध्ययन क्षेत्र हैं। इसके अलावा एरीज हिमालय के वातावरण पर काम करता है, जिसे लेकर एरीज में एसटी रडार स्थापित किया गया है। अंतरिक्ष स्टेशन का एक महत्वपूर्ण कार्य जलवायु समेत हमारी वायुमंडलीय स्थिति में नजर रखना होगा लिहाजा अंतरिक्ष स्टेशन से जुटाए आंकड़ों से एरीज के वैज्ञानिकों के लिए शोध व अन्य अध्ययनों में आसानी हो जाएगी। कुल मिलाकर भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन न केवल एरीज, बल्कि देश के तमाम अंतरिक्ष और जलवायु पर अध्ययन करने वाली संस्थाओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

एरीज के वरिष्ठ खगोल वैज्ञानिक डॉ. शशिभूषण पांडे कहते हैं कि इसमें दोराय नहीं है कि देश अंतरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और अभी तक विश्व में अलग पहचान बनाने में कामयाब हुआ है। अंतरिक्ष स्टेशन बेहद महत्वपूर्ण मिशन है और किसी भी देश का अंतरिक्ष से खुद के अध्ययन का सपना सच हो सकता है और इसरो भारतीय वैज्ञानिकों का यह साकार करने जा रहा है। इस मिशन की सफलता से वैज्ञानिक नभ, जल और थल पर अध्ययन कर सकेंगे। अभी तक पृथ्वी की निचली कक्षा में यूएस का इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन और चीन का तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन मौजूद है और अब भारत अंतरिक्ष स्टेशन वाला तीसरा देश बन जाएगा।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 83,313.93 | 25,642.80 |
| गिरावट | 503.76 | 133.20 |
| प्रतिशत में | 0.60 | 0.52 |

सोना 1,60,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,68,000 प्रति किलो

अमृत विचार
लखनऊ, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### ब्रिटेन ने नीतिगत दर 3.75% पर रखा स्थिर

**लंदन।** ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को अपनी प्रमुख ब्याज दर को 3.75 प्रतिशत पर स्थिर बनाए रखने की घोषणा की। यह फैसला मुद्रास्फीति के लक्ष्य से ऊपर बने होने और आर्थिक वृद्धि में सुधार के संकेतों के बीच किया गया है। बैंक ऑफ इंग्लैंड की नौ-सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर को स्थिर रखने का फैसला बहुमत से किया। समिति के पांच सदस्य दर अपरिवर्तित रखने के पक्ष में थे जबकि चार सदस्य इसमें 0.25 प्रतिशत की कटौती चाहते थे। ब्रिटिश केंद्रीय बैंक के गवर्नर एंड्रयू बेली ने कहा कि वसंत ऋतु तक महंगाई दर के लक्ष्य के करीब आने की उम्मीद है। यदि हालात अनुकूल रहते हैं तो इस साल दरों में और कटौती की गुंजाइश होनी चाहिए।

### एईएसएल ने लगाए एक करोड़ स्मार्ट मीटर

**नई दिल्ली।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) एक करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने वाली भारत और संभवत: दुनिया की भी पहली कंपनी बन गई है। कंपनी ने गुरुवार को दावा करते हुए कहा कि वित्त वर्ष 2026-27 में भी एक करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य तय किया गया है। एईएसएल को पांच राज्यों में कुल 2.5 करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कंपनी का दावा है कि रोजाना 25 हजार स्मार्ट मीटर लगाने की उसकी गति उद्योग में सबसे तेज है। यह उपलब्धि कंपनी के तय लक्ष्य से काफी पहले हासिल हुई है।

### सन फार्मा 500 करोड़ में लगाएगी विनिर्माण इकाई

**गुवाहाटी।** दवा कंपनी सन फार्मा असम में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने को 500 करोड़ का निवेश करेगी। इससे 500 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। दवा कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बुधवार को मुख्य सचिव रवि कोटा के साथ बैठक में परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की थी। कोटा ने बुधवार देर रात एक्स पर लिखा, सन फार्मास्युटिकल के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की और असम में औषधि विनिर्माण इकाई स्थापित करने के कंपनी के प्रस्ताव की समीक्षा की। कंपनी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल अवस्थी और कार्यकारी उपाध्यक्ष रंजीत मोहापात्रा ने कोटा से मुलाकात की। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रस्ताव में राज्य में दवा फॉर्मुलेशन विनिर्माण इकाइयों की स्थापना शामिल है।

# अगले महीने से लागू हो सकता है भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

## केंद्रीय मंत्री बोले- अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर और भारत अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर शुल्क करेगा कम

नई दिल्ली, एजेंसी

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और अमेरिका मार्च के मध्य तक बहुप्रतीक्षित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। इसके बाद अमेरिका, भारतीय वस्तुओं पर आयात शुल्क कम कर देगा। समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद भारत भी अमेरिका से आयातित कुछ वस्तुओं पर आयात शुल्क कम करना शुरू करेगा। संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर ऑनलाइन माध्यम से किए जाएंगे।

मंत्री ने कहा कि दोनों देशों के द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर एक संयुक्त बयान को चार से पांच दिन में अंतिम रूप देने और उस पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है, जिसके बाद अमेरिका द्वारा लगाया गया शुल्क घटकर 18 प्रतिशत होगा। दोनों देशों ने इस सप्ताह की शुरुआत में समझौते को अंतिम रूप दिया। इसके तहत अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामान पर शुल्क 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) का पहला चरण लगभग तैयार है और हमें उम्मीद है कि



- भारत-अमेरिका मार्च के मध्य तक समझौते पर कर सकते हैं हस्ताक्षर
- बीटीए का पहला चरण तैयार, संयुक्त बयान के बाद होगा शुरू

अगले चार से पांच दिन में हम अमेरिका तथा भारत के बीच एक संयुक्त बयान को अंतिम रूप देकर उस पर हस्ताक्षर कर देंगे। इसके आधार पर इस साझेदारी का पहला चरण शुरू होगा। गोयल ने कहा कि औपचारिक समझौते का मसौदा तैयार हो रहा है, जिसमें एक या डेढ़ महीने लग सकता है। संभवतः औपचारिक समझौते पर मार्च के मध्य तक हस्ताक्षर हो जाएंगे। भारतीय वस्तुओं पर कम किए गए 18% शुल्क अमेरिका के कार्यकारी आदेश से लागू होंगे, जो संयुक्त बयान पर हस्ताक्षर के एक या दो दिन बाद जारी होगा। गोयल ने बताया कि इस समझौते में किसी भी प्रकार के निवेश की प्रतिबद्धता नहीं है।

### देश को ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता

गोयल ने कहा कि हम चीजों को तेजी से आगे बढ़ा पाएंगे क्योंकि कानूनी समझौते के बाद हमें और भी रियायतें मिलेंगी। सौदे के 500 अरब अमेरिकी डॉलर के खरीद वाले हिस्से के बारे में मंत्री ने कहा कि भारत जिस तेजी से विकास कर रहा है, उसे देखते हुए देश को बड़ी मात्रा में ऊर्जा, डेटा सेंटर उपकरण और आईसीटी उत्पादों की आवश्यकता होगी। हमारी इस्पात उत्पादन क्षमता वर्तमान के 14 करोड़ टन से बढ़कर कुछ वर्ष में 30 करोड़ टन हो जाएगी। इसलिए, जब हमने अमेरिका से अपनी आवश्यकताओं का अनुमान लगाया तो हम 500 अरब डॉलर के आंकड़े पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत की विमानों की मांग, बोइंग को दिए गए और अभी दिए जाने वाले लेकिन तैयार ऑर्डर की संख्या 70-80 अरब डॉलर है। अगर इसमें इंजन और अन्य कलपुर्जे भी जोड़े जाएं तो लागत शायद 100 अरब डॉलर पहुंच जाएगी।

### भारतीय शुल्क में कमी कानूनी समझौते के बाद ही संभव : वाणिज्य सचिव

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने कहा कि इस कानूनी समझौते से हमें अमेरिकी सामान पर शुल्क कम करने का अधिकार मिलेगा। अग्रवाल ने कहा कि भारतीय शुल्क में कमी केवल एक कानूनी समझौते के बाद ही संभव होगी। उन्होंने कहा कि भारतीय शुल्क, एमएफएन (सबसे तरजीही राष्ट्र) शुल्क हैं जबकि अमेरिकी आयात शुल्क, कार्यकारी शुल्क हैं। अमेरिका- तेल, एलपीजी, एलएनजी, विमान, आईसीटी उत्पाद, लैपटॉप, स्मार्टफोन और डेटा सेंटर उपकरण जैसी सभी वस्तुएं उपलब्ध करा सकता है, जिन्हें भारत अन्य देशों से खरीद रहा है। अग्रवाल ने कहा कि पांच वर्षों में ये खरीद 2,000 अरब डॉलर की होने वाली है। अगर हम अमेरिका से 500 अरब डॉलर की खरीद कर लेते हैं तो इससे हमारी आपूर्ति शृंखला में विविधता और मजबूती ही बढ़ेगी।

### ऊर्जा गलियारा वार्ता में भारत की वृद्धि आधारित प्राथमिकताओं पर जोर

**ह्यूस्टन।** कौंसुल जनरल डीसी मंजुनाथ ने कहा कि भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने की महत्वाकांक्षा दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी है। भरोसेमंद एवं किफायती ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ स्वच्छ प्रौद्योगिकियों तथा नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी उद्योग के साथ संवाद और सहयोग अहम है। ह्यूस्टन स्थित भारत के महावाणिज्य दूतावास (सीजीआई) ने अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसपीएफ) के सहयोग से ग्लोबल एनर्जी आउटलुक 2026 पर 4 फरवरी को उच्चस्तरीय अमेरिका-भारत ऊर्जा गोलमेज बैठक की। इसमें वैश्विक ऊर्जा, इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कंपनियों के 30 से अधिक अधिकारी शामिल हुए। इनमें एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन, हनीवेल, गेल, लार्सन एंड टुब्रो, वेदरफोर्ड, लैंजाटेक, एसएंडपी ग्लोबल, मैकिन्से और सोसाइटी ऑफ पेट्रोलियम इंजीनियर्स के प्रतिनिधि शामिल थे।

### 500 अरब डॉलर के लक्ष्य के लिए अमेरिका से निर्यात में करनी होगी वृद्धि

मंत्री ने कहा कि बजट में डेटा केंद्रों के लिए भारी रियायतों की घोषणा की गई है। अगर हमें डेटा केंद्रों में 100-150 अरब डॉलर का निवेश मिलता है तो हमें उन केंद्रों के लिए उपकरणों की जरूरत होगी। फरवरी, 2025 में दोनों देशों के बीच तय 500 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को पूरा करने के लिए भारत को निश्चित रूप से अमेरिका से निर्यात और खरीद में काफी वृद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत ने अमेरिका के साथ हुए इस समझौते के तहत जिन वस्तुओं को खरीदने का वादा किया है उनकी वर्तमान वैश्विक खरीद 300 अरब डॉलर से अधिक है।

### भारत-जीसीसी ने एफटीए वार्ता के नियम-शर्तों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और पश्चिमी एशियाई देशों के समूह खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) ने मुक्त व्यापार समझौते पर औपचारिक बातचीत शुरू करने के लिए नियम एवं शर्तों पर गुरुवार को हस्ताक्षर किए। नियम एवं शर्तों में प्रस्तावित व्यापार समझौते का दायरा और तौर-तरीके बताए गए हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जीसीसी के साथ बातचीत को लेकर नियम एवं शर्तों पर हस्ताक्षर समारोह की अध्यक्षता की। जीसीसी, खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का समूह है। गोयल ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि एक करोड़ भारतीय जीसीसी क्षेत्र में रह और काम कर रहे हैं। यह अत्यंत उचित है कि अब हम एक अधिक मजबूत और सुदृढ़ व्यापारिक व्यवस्था में प्रवेश करें जो वस्तुओं एवं सेवाओं के अधिक मुक्त प्रवाह को सक्षम बनाएगी, नीति में पूर्वानुमान तथा स्थिरता लाएगी और अधिक निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद करेगी। उन्होंने कहा कि यह समझौता भारत के साथ जीसीसी देशों की खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा को भी बढ़ावा देगा। भारत विश्व में अनाज का एक प्रमुख उत्पादक है जबकि जीसीसी देश तेल एवं गैस के निर्यातक हैं।

# भारत ने 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट में 3.52 करोड़ डॉलर का दिया योगदान

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने वर्ष 2026 के लिए संयुक्त राष्ट्र के नियमित बजट में 3.52 करोड़ अमेरिकी डॉलर का भुगतान किया है। इससे वह उन 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हो गया है, जिन्होंने समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराया है। संयुक्त राष्ट्र योगदान समिति के अनुसार, तीन फरवरी 2026 तक 47 सदस्य देशों ने संयुक्त राष्ट्र के वित्तीय नियमों के तहत निर्धारित 30 दिन की अवधि के भीतर अपना पूरा नियमित बजट योगदान अदा कर



- समय पर अपना पूरा बकाया जमा कराने वाले 47 सदस्य देशों की ऑनर रोल सूची में शामिल हुआ भारत

दिया है। भारत ने तीन फरवरी को 2026 के संयुक्त राष्ट्र नियमित बजट के लिए 3.52 करोड़ डॉलर का भुगतान किया।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने ऑनर रोल में शामिल देशों का जिक्र करते हुए भारत का नाम लिया। उन्होंने कहा कि यह वह देश है जहां दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी स्थित है। हां, बिल्कुल सही.. भारत। भारत लगातार उन देशों में शामिल रहा है जो संयुक्त राष्ट्र को अपना योगदान समय पर और पूर्ण रूप से अदा करते हैं।

# नये आयकर अधिनियम के फॉर्म, नियम इसी महीने होंगे अधिसूचित

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने कहा है कि आयकर अधिनियम, 2025 के अप्रैल से लागू होने से पहले फरवरी में जरूरी फॉर्म और नियम अधिसूचित किए जाएंगे। इसके साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी जारी की जाएगी। अग्रवाल ने कहा कि एक फरवरी को पेश बजट में पेनाल्टी को शुल्क में बदलने, कार्यवाही को अतिरिक्त कर का भुगतान कर समाप्त करने की सुविधा, शेयर पुनर्खरीद के मामले में कर को युक्तिसंगत बनाने और टीसीएस (स्रोत पर कर संग्रह) में कमी जैसे उपाय करदाताओं के लिए



- सीबीडीटी प्रमुख बोले- साथ ही अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की सूची भी की जाएगी जारी

चीजों को सुगम बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष कर के मोर्चे पर जो प्रस्ताव बजट में किए गए हैं, वे वास्तव में कानून को सरल बनाने और करदाताओं के लिए इसे आसान बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का ही एक हिस्सा हैं।

### मुकदमेबाजी की समस्या का भी होगा समाधान

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि पिछले साल पूरा जोर (आयकर अधिनियम की) भाषा को सरल बनाने पर था और नए कानून को इस तरह से लाने पर था कि करदाता इसे आसानी से पढ़ और समझ सकें। इस प्रक्रिया के माध्यम से हम यह भी सुनिश्चित करना चाहते हैं कि चीजों की कई तरह से व्याख्या न हो। इससे परोक्ष रूप से मुकदमेबाजी की समस्या का भी समाधान होगा। इस बात को ध्यान में रखते हुए उस समय प्रक्रियाओं में बदलाव करने का प्रयास नहीं किया गया था लेकिन हमेशा यही मत था कि हम आगे प्रक्रियाओं पर इस तरह से विचार करेंगे जिससे चीजों में और स्पष्टता आए। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल 2026 से नया आयकर अधिनियम लागू होने से पहले, इस दिशा में दूसरा कदम (बजट में) उठाया गया है।

सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि हम फरवरी में नए आयकर फॉर्म और नियम जारी कर देंगे। नए आयकर अधिनियम, 2025 के एक अप्रैल, 2026 से लागू होने से पहले संबंधित पक्षों से इस पर सुझाव लिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि सीबीडीटी नए कानून पर बार-बार पूछे जाने वाले सवाल (एफएक्यू) और एक प्रस्तुति तैयार करने पर भी काम कर रहा है। यह नए अधिनियम के लागू होने के साथ जनता के लिए उपलब्ध होगी ताकि उन्हें चीजों को समझने में आसानी हो।



# सुपरटेक की 16 परियोजनाएं पूरा करे एनबीसीसी

## उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण के आदेश को रखा बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी

एक दशक से अपने घर की बाट जोह रहे हजारों खरीदारों को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपील अधिकरण (एनसीएलएटी) के उस आदेश को गुरुवार को बरकरार रखा, जिसमें सरकारी स्वामित्व वाली एनबीसीसी को कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी सुपरटेक लिमिटेड की 16 आवासीय परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करने का निर्देश दिया गया था। अदालत ने सभी अधिकरणों और उच्च न्यायालयों को यह आदेश दिया है कि वे ऐसा कोई भी आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी कंपनी के निर्माण काम रुक जाएं।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अपनी असाधारण शक्ति का प्रयोग करते हुए एनसीएलएटी के 12 दिसंबर, 2024 के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एनबीसीसी को घर खरीदारों के हित में परियोजनाओं को



- अधिकरणों और उच्च न्यायालयों से कहा- ऐसा आदेश न दें, जिससे एनबीसीसी के निर्माण काम रुकें

अपने हाथ में लेने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा कि कई घर खरीदारों के अनुसार, सुपरटेक ने 2010-12 के दौरान 51,000 घरों की बुकिंग की थी। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि कर्ज में डूबी रियल एस्टेट कंपनी के वित्तीय और परिचालन लेनदारों के ब्याज और बकाया का निपटारा तब ही किया जा सकता है जब घर खरीदारों को पूरी तरह से तैयार मकान सौंप दिए जाएं। पीठ ने कहा कि मकानों में पानी, बिजली, सीवेज कनेक्शन जैसी सभी सुनिश्चित सुविधाएं होनी चाहिए, साथ ही आस-पास सड़कें और पार्क भी होने चाहिए। सुपरटेक के वित्तीय और परिचालन लेनदारों को राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) और एनसीएलएटी द्वारा न्यायसंगत पाए गए नुकसान को स्वीकार करना होगा। पीठ ने निर्देश दिया कि एनबीसीसी परियोजनाओं को शीघ्रता से पूरा करे और एनसीएलएटी द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति उसे आवश्यक सहयोग प्रदान करे। पीठ ने कहा कि यदि परियोजनाओं में कोई बाधा आती है, तो संबंधित पक्ष उच्चतम न्यायालय में अपील कर सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 21 फरवरी 2025 को सुपरटेक की 16 आवासीय परियोजनाओं को लगभग 9,500 करोड़ रुपये की लागत पर पूरा करने के लिए एनबीसीसी को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त करने के आदेश पर रोक लगाई थी।

### आदेश में संशोधन, अनुराग बीसीसीआई की गतिविधियों में भाग लेने को स्वतंत्र

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष अनुराग ठाकुर को गुरुवार को राहत देते हुए उच्चतम न्यायालय ने जनवरी 2017 के उस आदेश में संशोधन किया, जिसमें उन्हें बोर्ड के मामलों से प्रतिबंधित किया गया था। साथ ही न्यायालय ने बोर्ड के साथ उनके जुड़ाव के लिए रास्ता साफ कर दिया। न्यायालय ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर, नियमों और विनियमों के अनुरूप बीसीसीआई से संबंधित मामलों में भाग लेने के लिए स्वतंत्र हैं। शीर्ष अदालत ने दो जनवरी, 2017 को बीसीसीआई के तत्कालीन अध्यक्ष ठाकुर को निर्देश दिया था कि वह तुरंत बोर्ड के कामकाज से खुद को अलग कर लें और उससे संबंध न रखें। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने 2017 के आदेश में संशोधन संबंधी ठाकुर की याचिका पर सुनवाई करते हुए आनुपातिकता के सिद्धांत को लागू करते हुए गुरुवार को संबंधित आदेश में संशोधन किया।

### मुफ्त उपहार के चुनावी वादों के खिलाफ याचिका पर होगी सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने अतार्किक मुफ्त उपहार की चुनावी घोषणा या वादा करने वाली किसी राजनीतिक पार्टी का चुनाव चिह्न जब्त करने अथवा उसका पंजीकरण रद्द करने के निर्देश संबंधी जनहित याचिका को सुनवाई के लिए मार्च में सूचीबद्ध करने पर गुरुवार को सहमति जताई। याचिकाकर्ता वकील अश्विनी उपाध्याय ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ को बताया कि उनकी याचिका पर केंद्र और निर्वाचन आयोग को 2022 में ही नोटिस जारी किए गए थे और उन्होंने न्यायालय से मामले को जल्द सूचीबद्ध करने का आग्रह किया। वकील ने कहा कि सूरज और चांद को छोड़कर चुनाव के दौरान राजनीतिक दल मतदाताओं से हर चीज का वादा करते हैं और यह भ्रष्टाचार का उदाहरण है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि यह महत्वपूर्ण मुद्दा है। कृपया हमें याद दिलाएं और अंत में इसका विशेष उल्लेख करें। हम इसे मार्च में सूचीबद्ध करेंगे।

### बच्चों को दूषित रक्त चढ़ाने में प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य पुलिस को पश्चिम सिंहभूम जिले के चाईबासा में बच्चों को कथित दूषित रक्त चढ़ाने के मामले में प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत दीपक हेमब्रम नाम के व्यक्ति द्वारा दायर आपराधिक रिट याचिका पर सुनवाई कर रही थी। हेमब्रम ने याचिका में दावा किया कि उनके तमाम प्रयासों के बावजूद पुलिस ने कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की।

हाईकोर्ट ने चाईबासा के सदर पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी को प्राथमिकी दर्ज करने और दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इससे पहले, अदालत की खंडपीठ ने रक्त आधान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का पालन न करने के लिए राज्य सरकार को फटकार लगाई थी, जिसके कारण कथित तौर पर झारखंड में पांच बच्चों में एचआईवी संक्रमण हुआ था। मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्वतः संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका पर सुनवाई की।

# भूमि देने में आपत्ति नहीं पर बीएसएफ अधिकार क्षेत्र नियम वापस लें केंद्र : ममता

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार को सीमा पर बाड़ लगाने के लिए भूमि देने में कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन केंद्र को पहले राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने फैसले को रद्द करना होगा। राज्यपाल के अभिभाषण पर विधानसभा में चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र व भाजपा द्वारा राज्य सरकार पर सीमा बाड़ लगाने में बाधा डालने के आरोपों को खारिज किया।

उन्होंने कहा कि बीएसएफ सहित सभी केंद्रीय एजेंसियों को पहले ही भूमि आवंटित की जा चुकी है। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए उन्होंने कहा, ''''भूमि कोई समस्या नहीं होगी। आपको भूमि मिल जाएगी, लेकिन पहले बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर करने के मनमाने नियम को बदलें। बनर्जी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर



- राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान बनर्जी ने केंद्र सरकार के आरोपों को किया खारिज

निशाना साधते हुए कहा कि वह पूरा आंकड़ा नहीं दे रहे हैं कि राज्य ने कितनी जमीन पहले आवंटित की है। रेलवे से लेकर रक्षा प्रतिष्ठानों तक सभी केंद्रीय एजेंसियों को भूमि दी जा चुकी है। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने पलटवार किया कि घुसपैठ से बंगाल में जनसांख्यिकीय बदलाव हो रहा है और दावा किया कि केंद्र ने बाड़ लगाने को कई बार जमीन मांगी, लेकिन वह उपलब्ध नहीं कराई गई। बनर्जी ने कहा कि उन्होंने कई गृह मंत्री देखे हैं और उन्हें शासन का पाठ पढ़ाने की जरूरत नहीं है।

### वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार करे केंद्र सरकार

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किया गया अंतरिम बजट जनहितैषी है और यह वित्तीय अनुशासन को दर्शाता है। बनर्जी ने केंद्रीय बजट की आलोचना करते हुए कहा कि बंगाल के बजट की तुलना में केंद्र सरकार का बजट दिशाहीन और सिद्धांतविहीन है। मुख्यमंत्री ने बजट के बाद कहा कि केंद्र द्वारा लगातार वित्तीय अभाव के बावजूद राज्य सरकार ने आम लोगों के कल्याण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल ने सामाजिक कल्याण के उपायों का विस्तार जारी रखते हुए अपने वित्त का विवेकपूर्ण प्रबंधन किया है।

### विस में पेश हुआ 4.06 लाख करोड़ का बजट

बंगाल सरकार ने विधानसभा में 2026-27 के लिए 4.06 लाख करोड़ का अंतरिम बजट बृहस्पतिवार को पेश किया। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव से पहले महिलाओं, युवाओं एवं अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं को लक्षित करते हुए नकद सहायता एवं भत्ते में वृद्धि के प्रस्ताव शामिल किए गए हैं। राज्य की आधी आबादी महिलाओं की है, जो चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की सबसे भरोसेमंद वोट बैंक बनकर उभरी हैं। इन महिलाओं के लिए राज्य सरकार ने इस साल फरवरी से लक्ष्मीर भंडार योजना में मासिक अनुदान में 500 रुपये की बढ़ोतरी का प्रस्ताव रखा है।

# न्यायाधीशों की नियुक्तियों से जुड़ी एमओपी में संशोधन पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने राज्यसभा को बताया कि उच्च न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति से जुड़ी ज्ञापन प्रक्रिया (मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर ... एमओपी) को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार जारी है और इसके पूरा होने के बाद ही आगे के कदम उठाए जाएंगे। विधि एवं न्याय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल गुरुवार को उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान बताया कि अखिल भारतीय न्यायिक सेवा की स्थापना करने और इसके स्वरूप को लेकर भी परामर्श जारी है।

कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने पूरक प्रश्न के तहत जानना चाहा कि क्या सरकार न्यायिक सुधार ला रही है और क्या राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (एनजेएसी) को फिर से लाया जाएगा? इस पर मेघवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि एनजेएसी विधेयक संसद द्वारा पारित किया गया था, लेकिन बाद में इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी गई



- विधि एवं न्याय राज्य मंत्री मेघवाल बोले एनजेएसी विधेयक संसद में हुआ था पारित उच्चतम न्यायालय ने इसे किया निरस्त

और इसे निरस्त कर दिया गया। मेघवाल ने सदन को बताया कि इसके बाद एमओपी को संशोधित करने की प्रक्रिया पर विचार किया जा रहा है और यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही अगला कदम उठाया जाएगा। देश में राष्ट्रीय न्यायिक सेवा शुरू किए जाने से संबंधित अन्य प्रश्न पर मंत्री ने कहा कि हमारे संविधान के अनुच्छेद 312 में अखिल भारतीय न्यायिक सेवा का प्रावधान है और इस मुद्दे पर न्यायाधीशों के सम्मेलनों में भी कई बार चर्चा हो चुकी है। यह मुद्दा उच्चतम न्यायालय के समक्ष लंबित है। इसे किस स्वरूप में लाया जाए, इस पर परामर्श चल रहा है। यह मामला विचाराधीन है। विधि मंत्री ने कहा कि हमारे लोकतंत्र में न्यायपालिका शासन व्यवस्था का एक स्वतंत्र अंग है और सभी मुद्दों से निपटने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार न्यायपालिका की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम न्यायपालिका के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि न्यायाधीशों को ऐसा अनुकूल वातावरण मिले, जिससे वे जनता को न्याय प्रदान कर सकें।

मंत्री ने कहा कि लंबित मामलों का निपटारा करना न्यायपालिका का अधिकार क्षेत्र है। उन्होंने कहा कि सरकार ने निचली अदालतों की संख्या बढ़ाने में सहायता की है। मेघवाल ने बताया कि 2014 में जिला एवं सत्र अदालतों में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 19,518 थी और इसके बाद हमने 6,376 पद जोड़े।

### इंदौर शासकीय मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्र की आत्महत्या, परिजनों का रैगिंग का आरोप

इंदौर (मप्र)। इंदौर के शासकीय महाविद्यालय के छात्रावास में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र की खुदकुशी के बाद उसके परिजनों ने गुरुवार को आरोप लगाया कि संस्थान में उसकी रैगिंग की जाती थी और उसे परेशान किया जाता था। छात्र के परिजनों ने उसकी मौत के मामले की विस्तृत जांच की मांग की है। पुलिस के मुताबिक शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र अंतरिक्ष अग्रवाल (20) का शव दो फरवरी को संस्थान के छात्रावास में उसके कमरे में पंखे से बंधे फंदे से लटका मिला था। अंतरिक्ष के पिता पंकज अग्रवाल ने कहा कि महाविद्यालय में रैगिंग और बुलिंग (परेशान किए जाने) के बाद मेरा बेटा अंदर से टूट गया था। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) तुषार सिंह परिजनों ने रैगिंग और बुलिंग को लेकर शिकायत नहीं की थी।

### कुकी संगठनों ने समुदाय के विधायकों को मणिपुर में सरकार गठन से दूरी बनाए रखने को कहा

इंफाल। मणिपुर के कई कुकी संगठनों ने अपने समुदाय के विधायकों को राज्य में सरकार गठन की प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेने की चेतावनी दी है। साथ ही चुराचांदपुर में पूर्ण बंद और कई स्थानों पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान भी किया गया है। भाजपा विधायक युमनाम खेमचंद सिंह ने बुधवार को मणिपुर के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यह पदभार भाजपा नेता एन. बीरेन सिंह के इस्तीफे के एक वर्ष बाद संभाला। राज्य में मेइती और कुकी समुदायों के बीच महीनों तक चली जातीय हिंसा के बाद राष्ट्रपति शासन लगाया गया था। कुकी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली भाजपा विधायक नेमचा किपगेन और नगा पीपुल्स फ्रंट विधायक एल. दिखो ने मणिपुर के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### श्रीलंकाई मछुआरों पर हमले के आरोपों को भारत ने खारिज किया

**कोलंबो।** कोलंबो में भारतीय उच्चायोग ने बृहस्पतिवार को भारतीय तटरक्षक बल की ओर से श्रीलंकाई मछुआरों के एक समूह पर हमलों का खंडन किया। भारतीय उच्चायोग ने कहा, हम इसकी पुष्टि कर सकते हैं कि भारतीय नौसेना या भारतीय तटरक्षक बल के किसी भी कर्मी ने ऐसा कोई हमला नहीं किया था। कहा गया है, भारत ने लगातार यह बात कही है कि मछुआरों की आजीविका संबंधी चिंताओं के लिए मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए और किसी भी परिस्थिति में बल प्रयोग का सहारा नहीं लिया जाना चाहिए। श्रीलंका के मत्स्य पालन मंत्री रामलिंगम चंद्रशेखरन ने दो फरवरी को कहा था कि इस घटना को लेकर भारत सरकार के समक्ष विरोध दर्ज कराया जाएगा।

### नाइजीरिया में इस्लामिक आतंकियों के हमले में 162 की मौत

**सोकोतो।** पश्चिमी नाइजीरिया के दो गांवों पर हथियारबंद चरमपंथियों के हमले में 162 लोग मारे गए। क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सांसद मोहम्मद उमर बायो ने बताया कि मंगलवार शाम को क्वारा राज्य के वोरो और नुकु गांवों को निशाना बनाकर हमले किए गए। यह हमला नाइजीरिया में हाल के महीनों में हथियारबंद चरमपंथियों के सबसे घातक हमलों में से एक है। बायो ने कहा कि ये हमले इस्लामिक स्टेट से जुड़े आतंकवादी संगठन लकुरावा द्वारा किए गए हैं। हालांकि इन हमलों की जिम्मेदारी अब तक किसी ने नहीं ली है। क्वारा राज्य में रेड क्रॉस के सचिव अयोदेजी इमैनुअल बाबाओमो ने कहा कि संगठन उन सुदूर स्थानों पर पहुंचने में असमर्थ रहा है जहां कई लोग मारे गए।

### अमेरिका के हमले की वेनेजुएला ने शुरू कराई जांच

**काराकास।** वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पैद्रीनो लोपेज ने कहा है कि प्रशासन अमेरिका के तीन जनवरी के सैन्य अभियान से जुड़े घटनाक्रम की जांच कर रहा है, जिसमें राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया था। लोपेज ने अपने बयान में यह स्पष्ट नहीं किया कि यह जांच किस तरह या किस स्तर की है, हालांकि इशारा किया कि इस जांच से देश को सेना की बदलाव योजना को समझने, उसका आंकलन करने और उसमें जरूरी सुधार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका के सैन्य अभियान में बेहद उच्च गुणवत्ता की तकनीक का इस्तेमाल हुआ था।

# पांच तेजस भारतीय वायुसेना को सौंपे जाने के लिए तैयार

**नई दिल्ली।** सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बृहस्पतिवार को कहा कि पांच तेजस हल्के लड़ाकू विमान भारतीय वायु सेना को सौंपने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रक्षा मंत्रालय ने फरवरी 2021 में वायु सेना के लिए 83 तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान खरीदने के लिए एचएएल के साथ 48,000 करोड़ रुपये का करार किया था। हालांकि जीई एयरोस्पेस से इंजन की आपूर्ति न होने की वजह से इन लड़ाकू विमानों की आपूर्ति में देरी हो रही है।

एचएएल की प्रवक्ता ने बताया, पांच विमान आपूर्ति के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, जिनमें अनुबंधित विशिष्टताओं के अनुसार प्रमुख क्षमताएं शामिल हैं। उन्होंने बताया,



- **एचएएल ने कहा- नौ और विमान बन चुके, इंजन मिलने का इंतजार**

नौ अतिरिक्त विमान पहले ही बनकर तैयार हो चुके हैं और उनका परीक्षण भी हो चुका है। जीई से इंजन मिलते ही ये आपूर्ति के लिए तैयार हो जाएंगे। प्रवक्ता ने बताया कि डिजाइन और विकास संबंधी सभी समस्याओं का तेजी से समाधान किया जा रहा है। तेजस एकल इंजन वाला बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान है जो उच्च खतरे वाले हवाई वातावरण में अपने मिशन को अंजाम देने में सक्षम है।

## मोबाइल में छिपा जानलेवा खतरा

# ऑनलाइन गेम के टास्क





गाजियाबाद में तीन बहनों के नौंवी मंजिल से कूदकर आत्महत्या करने की घटना ने टास्क बेस्ड ऑनलाइन के खतरों को एक बार फिर उजागर किया है। हर फोन में छिपे इस खतरे की शुरुआत 1970 के दशक में पैकेट आधारित कंप्यूटर नेटवर्किंग से हुई थी। 1978 में रॉय ट्रुबशॉ और रिचर्ड बार्टल ने दुनिया का पहला टेक्स्ट आधारित मल्टीप्लेयर एडवेंचर गेम बनाया जिसमें खिलाड़ी टास्क पूरे करते हुए एक काल्पनिक दुनिया में रहते थे। इंटरनेट आने के बाद 1993 में टास्क बेस्ड गेम्स का तेज विकास शुरू हुआ। 1997 में अल्टिमा ऑनलाइन और 1999 में एवरक्वेस्ट जैसे गेम्स ने जैसे आधुनिक टास्क बेस्ड फॉर्मेट को लोकप्रिय बनाया। एप्पल के एप स्टोर और गूगल प्ले स्टोर की शुरुआत के बाद टास्क बेस्ड गेम्स हर व्यक्ति तक पहुंच गए।

### दुनिया में लोकप्रियता चरम पर

- वैश्विक ऑनलाइन गेमिंग मार्केट 2024 में लगभग 152 बिलियन डॉलर का था जो 2025 में 188 बिलियन डॉलर से आगे निकल गया।
- दुनिया भर में यह गेम खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या लगातार बढ़ते हुए अनुमानित तौर पर अब लगभग 3 .6 बिलियन हो गई है।
- गेमिंग मार्केट में एशिया पैसिफिक क्षेत्र की हिस्सेदारी करीब 50% है जिसमें खासकर चीन, दक्षिण कोरिया और भारत का दबदबा है।

### खतरनाक होने के कारण

- ये गेम्स खिलाड़ियों को भावनात्मक रूप से कमजोर बनाकर उन्हें आत्महत्या या खुद को नुकसान पहुंचाने जैसे घातक कदमों की ओर ले जाते हैं।
- दिए जाने वाले टास्क को गुप्त रखने के निर्देश दिए जाते हैं, जिससे खिलाड़ी अपनों से कट जाता है और डर या दबाव में खतरनाक काम करता है।
- टास्क के दौरान मांगे गए निजी फोटो या वीडियो का उपयोग ब्लैकमेलिंग या और ज्यादा जोखिम भरे काम के लिए मजबूर करने में किया जाता है।

### क्यों खतरनाक

- टास्क पूरा करने पर नकली प्रशंसा से मस्तिष्क में डोपामाइन रिलीज होता है, और कठिन टास्क के लिए उत्साह बढ़ता है।
- रोमांच व जोखिम लेने की प्रवृत्ति का लाभ उठाकर किशोरों को आत्मविनाशकारी कार्यों में उलझाते हैं।
- बच्चों के अकेलेपन का फायदा उठाकर उन्हें वर्चुअल चैलेंज के जरिए झूठी अहमियत का एहसास कराते हैं।

### अत्यधिक एडिक्शन के कारण

- गेम्स को मनोवैज्ञानिक रूप से इस तरह बनाया जाता है ताकि खिलाड़ी उसे घंटों तक बिना ब्रेक के खेलता रहे।
- दोस्तों या परिवार से कम जुड़ाव होने पर ज्यादातर बच्चे ऑनलाइन समुदायों को ही अपना सहारा मान लेते हैं।
- टास्क पूरा करने पर मिलने वाली सफलता जीवन की चुनौतियों से बचने का आसान रास्ता बन जाती है।
- बार-बार गेम खेलने से मस्तिष्क के रिवॉर्ड सेंटर में बदलाव आते हैं, जो नशे की लत के समान होते हैं।

### दुर्घटनाएं रोकने के वैश्विक कदम

- दुनिया के कई देशों की सरकारें अब यूनिसेफ के दिशा-निर्देशों और ऑनलाइन सुरक्षा कानूनों के जरिए प्लेटफॉर्म्स पर निगरानी बढ़ा रही हैं।
- डिवाइस और गेमिंग प्लेटफॉर्म्स पर स्क्रीन टाइम सीमित करने और कंटेंट फिल्टर करने के लिए अब उन्नत किस्म के टूल्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- यूनिसेफ जैसे संगठन स्कूलों व समुदायों में डिजिटल साक्षरता और साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैला रहे हैं। इसका सकारात्मक असर दिख रहा है।
- गेमिंग एडिक्शन को अब एक मानसिक विकार मानकर इसके उपचार के लिए विशेष काउंसलिंग और डिजिटल डिटॉक्स केंद्र खोलने की शुरुआत की गई है।

# एआई से नौकरियां बचाने के लिए दक्षिण कोरिया की संसद में लाया गया विधेयक

## मानवीय श्रमिकों का खात्मा होने की आशंका में पहल, राष्ट्रीय एआई रणनीति बनेगी

**सोल, एजेंसी**

भारी उद्योग और उच्च तकनीक वाले विनिर्माण क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देश दक्षिणी कोरिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के कारण नौकरियों के नुकसान से श्रमिकों को बचाने के लिए विधेयक पेश किया गया है। यह विधेयक उन बढ़ती चिंताओं के बीच आया है कि एआई मानवीय श्रमिकों खत्म कर देगा। इस विधेयक के तहत एक राष्ट्रीय एआई रणनीति का निर्माण किया जाएगा जो श्रमिकों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ उन्हें बदलते बाजार के अनुसार ढलने के लिए सहायता भी उपलब्ध कराएगा।

विपक्षी पीपुल पावर पार्टी के प्रतिनिधि चोई यून सोक और 10 अन्य सांसदों ने इस विधेयक को संसद में प्रस्तुत करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में एआई और रोबोटिक्स तेजी से उन्नत हुए हैं और उन्होंने न सिर्फ सरल बल्कि कुशल पेशेवरों की भी जगह लेना शुरू कर दिया है, जिसकी वजह से पूरे समाज में रोजगार की असुरक्षा फैल रही है। कहा गया है कि सेवा क्षेत्र में भी बहुत सारी स्वचालित ऑर्डरिंग मशीनें काम संभालने लगी हैं और इस वजह से लोग अपनी नौकरियां खो रहे हैं। चिंता जताई गई है कि यदि नौकरियां अचानक एक साथ गायब हो जाती हैं तो यह एक सामाजिक समस्या में तब्दील हो सकती है।



### हुंडई में रोबोटों की तैनाती की योजना से जागी चिंता

हुंडई मोटर ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह 2028 तक एक नए अमेरिकी संयंत्र में एटलस ह्युमनॉइड रोबोट का बड़े पैमाने पर उत्पादन करने और धीरे-धीरे उन्हें अपनी असेंबली लाइनों में तैनात करने की योजना बना रही है। कंपनी इस परियोजना को अपने 'फिजिकल एआई' के रूप में प्रचारित कर रही है, जिसमें एआई नियंत्रित औद्योगिक मशीनें जोखिम भरे या नीरस कार्यों को संभालने के लिए मनुष्यों के साथ या उनके स्थान पर काम करेंगी। हुंडई मोटर के मजदूर संघ ने इस योजना का कड़ा विरोध किया है। हालांकि, राष्ट्रपति ली जे मायुंग ने तकनीकी परिवर्तन के प्रतिरोध को खारिज करते हुए कहा है कि लोगों को नए समाज (एआई) के साथ तेजी से तालमेल बिठाना होगा।

- उद्योग विश्लेषकों का अनुमान है कि प्रत्येक एटलस रोबोट के लिए वार्षिक रखरखाव लागत लगभग 1.4 करोड़ वोन (9700 डॉलर) है, जो लगभग 24 घंटे काम कर सकता है, जबकि एक कर्मचारी पर कंपनी को प्रति वर्ष लगभग 13 करोड़ वोन का खर्च आता है।

विधेयक का उद्देश्य एआई के इस युग में रोजगार के मुद्दों से निपटने के लिए राज्य की नीतियों को स्पष्ट करना है ताकि लोगों के अधिकारों को संरक्षित रखने के साथ गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। चोई के करीबी सूत्र ने गुरुवार को द कोरिया टाइम्स को बताया कि यह कोई ऐसा कानून नहीं है जिसे अभी तैयार किया गया है। इसे लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीम कई वर्षों से एआई और स्वचालन के प्रभाव पर नजर रख रही है।

### संयुक्त राष्ट्र में एआई पर बनी वैज्ञानिक समिति में प्रो. बालारमन रविंद्रन भी



**संयुक्त राष्ट्र।** आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर बालारमन रविंद्रन को एआई पर गठित नए स्वतंत्र वैज्ञानिक पैनल में सेवा देने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस की ओर से अनुशंसित 40 वैश्विक प्रतिष्ठित विशेषज्ञों के समूह में शामिल किया गया है। गुतारेस ने बुधवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सामने एआई पर नए स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक समिति में नियुक्ति के वास्ते प्रत्येक क्षेत्र से 40 प्रतिष्ठित व्यक्तियों की सूची प्रस्तुत की। रविंद्रन आईआईटी मद्रास में डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विभाग (डीएसएआई), वधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (डब्ल्यूएसएआई), रॉबर्ट बॉश सेंटर फॉर डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (आरबीसीडीएसएआई) और सेंटर फॉर रिस्पॉन्सिबल एआई (सीईआरएआई) के प्रमुख हैं। उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, एमहर्स्ट से पीएचडी और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस, बेंगलुरु से मास्टर डिग्री प्राप्त की है।

# न्यू स्टार्ट संधि खत्म... रूस-अमेरिका के परमाणु जखीरे पर अब रोक नहीं

**मॉस्को, एजेंसी**

- **रूस की संधि को एक साल और बढ़ाने की पेशकश ट्रंप ने ठुकराई**
- **अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जताई जाने लगी गंभीर चिंता**

रूस ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे मॉस्को और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों से जुड़े आखिरी बचे समझौते के खत्म होने का दुख है। 'न्यू स्टार्ट' नामक इस संधि के समाप्त होने के साथ ही आधी सदी से ज्यादा समय में पहली बार ऐसा है कि दोनों सबसे बड़ी शक्तियों के परमाणु हथियारों के जखीरों पर कोई रोक नहीं रहेगी। इसके चलते अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जताई जाने लगी गंभीर चिंता जताई जाने लगी है।

विशेषज्ञों का कहना है कि ''न्यू स्टार्ट'' संधि खत्म होने से परमाणु हथियारों की बिना रोकटोक वाली होड़ शुरू हो सकती है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले साल घोषणा की थी कि अगर वॉशिंगटन भी ऐसा करता है तो वह एक और साल के लिए संधि की सीमाओं का पालन करने के लिए तैयार हैं लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संधि की समयसीमा बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने बुधवार को कहा था कि ट्रंप ने यह साफ कर दिया है कि 21वीं सदी में सही मायने में हथियारों पर नियंत्रण करने के लिए ऐसा कुछ भी करना तब तक नामुमकिन है जब तक कि इसमें चीन शामिल न हो, क्योंकि उसके पास बहुत बड़ा और तेजी से बढ़ता हथियारों का जखीरा है।

'न्यू स्टार्ट' संधि पर 2010 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनके रूसी समकक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने हस्ताक्षर किए थे। संधि के तहत दोनों पक्षों को 700 से ज्यादा मिसाइलों और 1,550 से ज्यादा ऐसे परमाणु हथियार को रखने से रोक दिया गया था, जो तैनाती और इस्तेमाल के लिए तैयार हों। इस संधि को मूल रूप से 2021 में खत्म होना था, लेकिन इसे पांच और सालों के लिए बढ़ा दिया गया था। न्यू स्टार्ट संधि खत्म होने के बाद दुनिया में परमाणु हथियारों की होड़ बढ़ने की आशंका जताई जाने लगी है।



### अमेरिका और रूस सैन्य स्तर पर संवाद को सहमत

**कीव।** रूस और अमेरिका के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों की अबू धाबी में बृहस्पतिवार को हुई बैठक में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता बहाल करने पर सहमति बनी। अमेरिका के यूरोपीय कमान ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि यह समझौता अमेरिकी यूरोपीय कमान के कमांडर जनरल एलेक्सस ग्रिनकेविच और वरिष्ठ रूसी और यूक्रेनी सैन्य अधिकारियों के बीच हुई बैठकों के बाद हुआ। ग्रिनकेविच नाटो के सर्वोच्च सहयोगी कमांडर यूरोप भी हैं। कहा गया है कि यह पहल स्थाई शांति की दिशा में काम करने वाले पक्षों के बीच निरंतर सैन्य संपर्क का मंच प्रदान करेगी।

# भारत की अवैध फार्मेसियों के 200 वेबसाइट डोमेन अमेरिका में जब्त

**न्यूयार्क, एजेंसी**

- **बिना प्रिस्क्रिप्शन दवाएं, छह लोगों की मौत के बाद उठाया कदम**

अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने भारत स्थित एक अंतरराष्ट्रीय अपराध संगठन से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए हैं। अवैध ऑनलाइन फार्मेसियां चलाने वाला ये गिरोह छह से ज्यादा लोगों की मौत और चार लोगों पर ओवरडोज के दुष्परिणामों का कारण बना है जिसके बाद यह कदम उठाया गया है।

अमेरिका की मादक पदार्थ रोधी एजेंसी डीईए ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि देश भर में उसके कार्यालयों की ओर से की गई कई कार्रवाइयों में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। डीईए ने न्यूयॉर्क के ईस्टर्न डिस्ट्रिक्ट के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के सहयोग से बताया कि 'ऑपरेशन मेल्टडाउन' के तहत अमेरिका में सक्रिय भारत स्थित अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संगठनों से जुड़े 200 से अधिक वेबसाइट डोमेन जब्त किए गए हैं।

डीईए के अनुसार, जांच में पाया गया कि इन ऑनलाइन फार्मेसियों के संचालक और उनके सहयोगी बिना वैध प्रिस्क्रिप्शन के अमेरिका भर में ग्राहकों को अवैध रूप से दवाइयां पहुंचा रहे थे। जांच के दौरान डीईए ने हजारों ऐसे ग्राहकों की पहचान की जिन्होंने इन ऑनलाइन फार्मेसियों से दवाएं खरीदी थीं।

# गाजा में इजराइल के हमले में 24 की मौत

**दीर अल-बलाह।** गाजा में इजराइली गोलीबारी में 24 फिलिस्तीनी मारे गए, जिनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। इजराइल का कहना है कि आतंकियों की तरफ से की गई गोलीबारी में एक सैनिक के गंभीर घायल होने के बाद उसने जवाबी कार्रवाई की।

इजराइल ने यह भी कहा कि उसकी कार्रवाई में तीन शीर्ष चरमपंथी और कुछ ऐसे लोग मारे गए जो उसकी सेना के लिए खतरा पैदा कर रहे थे। इजराइल ने घातक हमले कर 10 अक्टूबर से लागू युद्धविराम का बार-बार उल्लंघन किया है। फिलिस्तीनियों की बढ़ती मौतों के बीच गाजा के लोगों का कहना है कि उन्हें ऐसा महसूस हो रहा है मानो युद्ध थमा ही नहीं है।

# एप्स्टीन प्रकरण पर केअर स्टार्मर की कुर्सी खतरे में

## बाल यौन अपराधी से संबंध रखने वाले मैंडलसन को अमेरिका में राजदूत बनाने पर घिरे

**लंदन, एजेंसी**

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन से कभी नहीं मिले, लेकिन दुनियाभर की नामचीन हस्तियों से एप्स्टीन के संबंध सार्वजनिक होने के बाद स्टार्मर की कुर्सी पर खतरा मंडराने लगा है। ब्रिटेन के पूर्व राजकुमार एंड्रयू माउंटबेटन-विंडसर और अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत रहे पीटर मैंडलसन पर पहले ही एप्स्टीन से दोस्ती की गाज गिर चुकी है।

स्टार्मर ने एप्स्टीन से दोस्ती की बात सामने आने के बाद मैंडलसन को पद से हटा दिया था। अब नए खुलासे होने के बाद स्टार्मर की मध्यमार्गी-वामपंथी सरकार पर भी खतरा मंडरा रहा है। स्टार्मर साल 2024 में एप्स्टीन से संबंध होने के बावजूद लेबर पार्टी के वरिष्ठ नेता मैंडलसन की नियुक्ति के अपने फैसले को लेकर सत्तारूढ़ लेबर पार्टी के अंदर बढ़ते दबाव का सामना कर रहे हैं। हाल ही में जारी हुए



दस्तावेजों में दोनों के करीबी संबंध होने की बात सामने आने के बाद ब्रिटेन की राजनीति में तहलका मच गया।

राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस प्रकरण को लेकर स्टार्मर को प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ सकता है। मैनचेस्टर विश्वविद्यालय में राजनीतिक विज्ञान के प्रोफेसर रॉब फोर्ड ने कहा, वह फिलहाल मुश्किलों में घिरे हुए हैं। आज नहीं तो कल उनकी सरकार गिर सकती है। उनकी प्रतिष्ठा को तगड़ी ठेस पहुंची है। लेबर पार्टी की सांसद पाउला बार्कर ने कहा कि प्रधानमंत्री को जवाब देना होगा।

### माफी मांगी, एपस्टीन के अपराधों के शिकार लोगों से कहा- मैंडलसन ने झूठ बोला

**लंदन।** स्टार्मर ने यौन अपराधी एप्स्टीन से संबंध रखने वाले पीटर मैंडलसन को अमेरिका में ब्रिटिश राजदूत नियुक्त करने के लिए एस्प्टीन के अपराधों के शिकार लोगों से माफी मांगी है। कहा, मैंडलसन ने झूठ बोला था और एप्स्टीन को ऐसे व्यक्ति के रूप में पेश किया, जिसे वह मुश्किल से जानते थे। स्टार्मर ने पीड़ितों से कहा, आपके साथ जो हुआ, मैं उसके लिए माफी मांगता हूं। इस बात के लिए माफी मांगता हूं कि ताकतवर लोगों ने आपका उत्पीड़न किया। मैंडलसन के झूठ पर यकीन करने और उन्हें नियुक्त करने के लिए माफी मांगता हूं। इस बात के लिए माफी मांगता हूं कि आपको यह सबकुछ फिर से सार्वजनिक होते हुए देखना पड़ रहा है।

# मुझे एपस्टीन के साथ बिताए हर मिनट पर पछतावा: बिल गेट्स


**न्यूयॉर्क।** माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स ने यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन के साथ बिताए गए समय पर गहरा खेद व्यक्त किया है। बुधवार को एक साक्षात्कार में गेट्स ने कहा कि उन्हें एपस्टीन के साथ बिताए गए हर मिनट पर पछतावा है।

साल 2013 के एक ड्राफ्ट ईमेल में एपस्टीन ने दावा किया था कि उसने गेट्स को ड्रग्स उपलब्ध कराने और उनके विवाहेतर संबंधों को छिपाने में मदद की थी। यह मेल कभी भेजा ही नहीं गया। गेट्स ने इन दावों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा, स्पष्ट रूप से जेफरी ने खुद को एक ईमेल लिखा था जो कभी भेजा नहीं गया।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 6 फरवरी, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 7 फरवरी 01 .18 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त 7 फरवरी 00 .23 तक तत्पश्चात चित्रा।

**मेष** - आज कारोबार की स्थिति में सुधार आएगा। रुके हुए कार्य शुरू हो जाएंगे। घरेलू कार्यों को लेकर अत्यधिक व्यस्त हो सकते हैं। आपका मूड काफी अच्छा रहने वाला है। आपका मन धार्मिक कार्यों में लगेगा। नसों में खिंचाव की समस्या हो सकती हैं।

**वृष** - आज का दिन बहुत ही शुभ रहने वाला है। विद्यार्थियों को योजना बनाकर अपनी पढ़ाई करनी चाहिए। कार्यक्षेत्र में किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों के करियर और शिक्षा को लेकर परेशानी दूर होगी।

**मिथुन** - आज बाहरी व्यक्तियों से अधिक बातें शेयर न करें। परिवार और संबंधियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यायाम करने से आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। ऐसा कोई काम न करें, जो दूसरों के लिए असुविधाजनक हो।

**कर्क** - आज व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं। आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों की परीक्षा हो सकती है। लंबी दूरी की यात्रा कर सकते हैं। दिखावे व शौक में धन खर्च हो सकता है। अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**सिंह** - आज नई जॉब मिलने की संभावना बन सकती है। किसी मित्र की सहायता से आपको अच्छा लाभ प्राप्त होगा। घर का माहौल काफी खुशनुमा रहेगा। अपनी मन :स्थिति को मजबूत बनाए रखें। आपकी उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी।

**कन्या** - आज दिन भर काफी भागदौड़ व व्यस्तता रहेगी। संपत्ति खरीदने के लिए दिन बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारी वर्ग के सहयोग से कठिन कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। आपके सपने साकार होते हुए दिखाई दे रहे हैं। व्यापार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**तुला** - आज भावुक होने के कारण अच्छी बातें भी आपको बुरी लग सकती हैं। सामाजिक स्तर पर लोगों के बीच पहचान बढ़ेगी। अपने व्यवहार को सहज और धैर्यवान बनाकर रखें। कारोबार में परेशानी होने की आशंका है।

**वृश्चिक** - आज खोया हुआ बहुमूल्य सामान या धन वापस मिल सकता है। धार्मिक प्रवृत्ति के लोगों से आप जुड़ सकते हैं। पति-पत्नी को आपस में बात अवश्य करनी चाहिए। मन में नकारात्मक विचार आ सकते हैं। किसी पर भी आंख-मूंदकर भरोसा न करें।

**धनु** - आज नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में आपको सफलता मिल सकती है। मनोनुकूल कार्यों को आप अत्यधिक समय देंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में टीम बनाकर काम करने से आपको लाभ होगा।

**मकर** - आज अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। जिम्मेदारी वाले कार्यों में आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए। काफी अच्छे लोगों से आपकी मुलाकात हो सकती है। अत्यधिक काम के साथ आपको भरपूर आराम भी करना चाहिए।

**कुंभ** - आज व्यर्थ के कार्यों में अपना समय बर्बाद न करें। बाजार में आपकी छवि अच्छी रहेगी। प्रेमीजन से अपने मन की बात कर सकते हैं, लेकिन वो आपकी बातों को अधिक महत्व नहीं देगा। पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को नुकसान हो सकता है।

**मीन** - आज महत्वपूर्ण कार्यों को एक साथ पूर्ण करने में सफल रहेंगे। परिवार के लोग आपसे प्रसन्न रहेंगे। आपका मन अत्यधिक प्रसन्न रहेगा। लोगों के चहेते बने रहेंगे। विरोधी और आलोचक आपके सामने टिक नहीं पाएंगे।

## सुडोकू -53

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 5 | | | 7 | | 3 | | |
| 8 | | | 2 | | | | 7 | 4 |
| | | 7 | | 1 | | 6 | | |
| 6 | | | | | | | | 9 |
| | 7 | 2 | | | | 8 | | |
| | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | 2 | | 5 | | |
| 9 | 4 | | | | 7 | | | 2 |
| | | 6 | | 9 | | | 8 | |

### सुडोकू - 52 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 1 | 6 | 9 | 7 |
| 6 | 4 | 8 | 2 | 9 | 7 | 3 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 3 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 1 | 7 | 9 | 8 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 8 | 2 | 1 | 7 | 9 | 5 | 6 | 3 |
| 7 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 | 9 | 2 | 4 |
| 3 | 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 1 | 8 |



"12 तारीख को बांग्लादेश में चुनाव हैं। उसके बाद आप यू-टर्न देखेंगे। एक बयान आएगा कि जनता की भावना को देखते हुए क्रिकेट जारी रहना चाहिए। मैं खुद राजनीति में रहा हूं। जब आप क्रिकेटर होते हैं तो आपके खून में क्रिकेट होता है, जब आप राजनेता होते हैं तो राजनीति।
-चेतन शर्मा



## हाईलाइट

### सूर्यकुमार ने बदली टीम की तस्वीर : पंत

**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर तारीफ करते हुए कहा है कि उनकी कप्तानी ने टीम इंडिया को बदल डाला है। पंत ने आजतक के कार्यक्रम 'सलाम क्रिकेट' में कहा, ''सूर्या भाई की एनर्जी ड्रेसिंग रूम का माहौल ही बदल देती है। वे सिर्फ बल्लेबाज नहीं, बल्कि ऐसे लीडर हैं जो हर खिलाड़ी को आजादी और भरोसा देते हैं।'' पंत के मुताबिक टीम इंडिया में दिखाई दे रही एग्रेसिव माइंडसेट की जड़ में कप्तान की सोच और फास्ट बॉलर्स की भूमिका है। टी20 वर्ल्ड कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और ऋषभ पंत ने पहले सत्र में कहा कि टी20 वर्ल्ड कप को इंजॉय करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल वे रिकवरी फेज में हैं।


### मुंबई-कर्नाटक रणजी क्वार्टर फाइनल आज से

**मुंबई।** टी20 विश्व कप का बुखार भले ही चढ़ रहा हो लेकिन स्टार खिलाड़ियों से सजी मुंबई और कर्नाटक के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में अगले पांच दिन तक रोमांचक खेल देखने को मिल सकता है। दोनों टीमों का इतिहास शानदार रहा है जिसमें मुंबई के पास 42 रणजी खिताब हैं और कर्नाटक के पास आठ ट्रॉफियां हैं लेकिन ऐसे नॉकआउट मुकाबलों में पिछले रिकॉर्ड का ज्यादा असर नहीं होता। लेकिन फिर भी ऐसे मुकाबलों में मुंबई का दबदबा बरकरार रहा है जो अब नियमित कप्तान शारदुल ठाकुर और भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की वापसी से और बढ़ गया है।

# दिल्ली कैपिटल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को दिया 204 रनों का लक्ष्य

## महिला प्रीमियर लीग का फाइनल : रॉड्रिग्स, लॉरा और शिनेल ने खेलीं विस्फोटक पारियां

**वडोदरा, एजेंसी**



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ शॉट लगातीं दिल्ली कैपिटल्स की लॉरा वोल्वार्ट। एजेंसी

कप्तान जेमिमा रॉड्रिग्स की अगुआई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग के फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ चार विकेट पर 203 रन बनाए। जेमिमा ने 37 गेंद में आठ चौकों से 57 रन की पारी खेली जबकि लॉरा वोल्वार्ट (44 रन, 25 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) और शिनेल हेनरी (नाबाद 35, 15 गेंद, चार चौके, दो छक्के) ने चौथे विकेट के लिए 24 गेंद में 55 रन की तूफानी साझेदारी करके टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

जेमिमा ने वोल्वार्ट के साथ भी तीसरे विकेट के लिए 76 रन जोड़े। दिल्ली की टीम चार सत्र में चौथी बार फाइनल में खेलते हुए पहली बार खिताब जीतने की कोशिश कर रही है जबकि पूर्व चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम की नजरें दूसरे खिताब पर हैं।

बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद लिजेल ली (37) और शेफाली वर्मा (20) ने दिल्ली कैपिटल्स को सधी हुई शुरुआत दिलाई। शेफाली ने लॉरेन बेल पर पारी का पहला चौका मारा जबकि लिजेल ने सयाली सतघरे पर लगातार दो छक्के जड़े। शेफाली ने अरुंधति रेड्डी पर दो चौके मारे लेकिन इसी ओवर में विकेटकीपर ऋचा घोष को कैच दे बैठीं। दिल्ली ने पावर प्ले में एक विकेट 53 रन बनाए।

लॉरा वोल्वार्ट ने आते ही अरुंधति पर चौका जड़ा जबकि लिजेल ने श्रेयंका पाटिल का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौके और एक छक्के के साथ किया। नेदिन डि क्लर्क ने लिजेल को ग्रेस हैरिस के हाथों कैच कराके रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बड़ी सफलता दिलाई। लिजेल ने 30 गेंद की अपनी पारी में तीन छक्के और इतने ही चौके मारे। कप्तान जेमिमा रोड्रिग्स और वोल्वार्ट ने इसके बाद पारी को आगे बढ़ाया। जेमिमा ने डि क्लर्क पर दो चौके जड़ने के बाद श्रेयंका पर तीन चौके मारे। दिल्ली के रनों का शतक 11वें ओवर में पूरा हुआ। जेमिमा ने डि क्लर्क की गेंद पर एक रन के साथ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया जिसमें सात चौके शामिल रहे। जेमिमा ने सतघरे पर भी चौका जड़ा लेकिन इसके बाद उनकी फुलटॉस गेंद को डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर डि क्लर्क के हाथों में खेल गईं। चिनेल हेनरी ने 19वें ओवर में डि क्लर्क पर चार चौकों और एक छक्के से 24 रन बटोरे और फिर सतघरे पर भी छक्का मारे। वोल्वार्ट पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट हुईं।

टी-19 विश्व कप : खिताबी मुकाबला आज

# भारतीय टीम का पलड़ा इंग्लैंड पर भारी

**हरारे, एजेंसी**





- बल्लेबाजों के शानदार फॉर्म से उम्मीदें बढ़ी
- मुकाबला दोपहर एक बजे से शुरू होगा

छठा खिताब जीतने की कोशिश में जुटी भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम जब आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के फाइनल में शुक्रवार को इंग्लैंड से खेलेगी तो उसकी उम्मीदें शानदार फॉर्म में चल रहे अपने बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। अफगानिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने जीत दर्ज की जिसमें कप्तान आयुष म्हात्रे और सलामी बल्लेबाज आरोन जॉर्ज ने यादगार पारियां खेली। इस जीत से पांच बार की चैम्पियन भारतीय टीम का हौसला बढ़ा है जिसने पिछली बार 2022 में खिताब जीता था।

भारत ने अमेरिका के खिलाफ पहले ग्रुप मैच से ही बेहतरीन खेल दिखाया है। सेमीफाइनल में 300 से अधिक के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान को हराकर भारतीय टीम ने अपराजेय रिकॉर्ड कायम रखा। अब उसका सामना एक और अपराजेय टीम इंग्लैंड से होना है। भारत को बखूबी पता है कि गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया को हराकर इंग्लैंड के हौसले बुलंद है और उसे हराना आसान नहीं होगा। भारत को एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना होगा और नजरें वैभव सूर्यवंशी पर भी लगी होंगी जिनके बल्ले से हो रही आतिशबाजी का जवाब तलाशने के लिए विरोधी गेंदबाज जूझते नजर आये हैं।

**टीम**

**भारत :** आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, हरवंश पंगालिया, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी, आयुष म्हात्रे (कप्तान), विहान मल्होत्रा, आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, हेनिल पटेल, मोहम्मद एनान, उद्धव मोहन और किशन सिंह।

**इंग्लैंड :** थॉमस रियू (कप्तान), राल्फी अलबर्ट, अली फारूक, बेन डॉकिंस, कालेब फाकनेर, फरहान अहमद, एलेक्स फ्रेंच, एलेक्स ग्रीन, ल्यूक हैंड्स, इसाक मोहम्मद, मैन्नी लुम्सडेन, बेन मायेस, जेम्स मिंटो, जोसेफ मूरेस, सेबेस्टियन मोर्गन।

इंग्लैंड के सामने उन्हें हालांकि संयम से खेलना होगा क्योंकि मैन्नी लुम्सडेन की अगुवाई में उसके पास मजबूत तेज गेंदबाजी आक्रमण है। भारत का अंडर 19 विश्व कप फाइनल में रिकॉर्ड अच्छा रहा है और 10वीं बार टीम फाइनल में पहुंची है। पिछली बार 2022 में वेस्टइंडीज में हुए टूर्नामेंट में भारत ने इंग्लैंड को ही हराया था।





# हम वहां खेलने जा रहे हैं : सूर्यकुमार

**टी-20 विश्व कप**

- बायकॉट पर भारतीय कप्तान ने पाकिस्तान को धोया

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ आईसीसी टी20 विश्व कप मैच के लिए कोलंबो जाएगी, फिर भले ही पड़ोसी देश ने मैच का बहिष्कार करने की घोषणा क्यों ना की हो। भारत को 15 फरवरी को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी का सामना करना है लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट टीम को उसकी सरकार ने मैच में हिस्सा नहीं लेने के लिए कहा है क्योंकि सुरक्षा चिंताओं के कारण भारत में खेलने से इनकार करने के बाद बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को प्रतियोगिता में शामिल किया गया है।

सूर्यकुमार ने यहां टूर्नामेंट से पहले कप्तानों की प्रेस मीट के दौरान कहा मुझे लगता है कि उनका फैसला मेरे नियंत्रण में नहीं है। काश मैं उनके फैसले ले पाता लेकिन यह उनका फैसला है। हम एशिया कप में भी खेले थे और हम उनके साथ तीन बार खेले थे। विश्व कप शनिवार से शुरू हो रहा है और भारत उसी शाम अपने पहले मैच में अमेरिका से भिड़ेगा। सूर्यकुमार ने कहा हमारी सोच काफी स्पष्ट है। हमने (पाकिस्तान के खिलाफ खेलने से) मना नहीं किया है। उन्होंने किया है। आईसीसी ने कार्यक्रम तय किया। हमारी फ्लाइट की टिकट बुक हो गई है और हम वहां (कोलंबो) जा रहे हैं। उन्होंने कहा, टीम में चर्चा हुई है कि हम पहले सात फरवरी को खेल रहे हैं और फिर हम वहां जाएंगे। सूर्यकुमार ने कहा हमने उनके खिलाफ कुछ अच्छा क्रिकेट खेला है। हमें बताया गया है कि मैच 15 तारीख को है, मैच तटस्थ स्थल पर है और अगर हमें मौका मिलता है तो हम खेलेंगे। यह उनके (पाकिस्तानी खिलाड़ियों) के लिए भी एक मुश्किल फैसला है।

### भारत के खिलाफ मैच हमारे नियंत्रण में नहीं : पाक कप्तान

**कोलंबो।** पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा ने अपने क्रिकेट बोर्ड के रुख को बरकरार रखते हुए बृहस्पतिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच का बहिष्कार करने का फैसला उनकी सरकार ने लिया था और यह उनके नियंत्रण में नहीं था। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ 15 फरवरी को यहां होने वाले अपने बहुप्रतीक्षित पुरुषों के टी20 विश्व कप ग्रुप लीग मैच का रविवार को बहिष्कार करने की घोषणा की। हालांकि पाकिस्तानी सरकार ने सात फरवरी से शुरू होने वाली प्रतियोगिता में राष्ट्रीय टीम की भागीदारी को मंजूरी दे दी। सलमान ने कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा भारत का मैच हमारे नियंत्रण में नहीं है। यह सरकार और पीसीबी का फैसला है। वे जो भी कहेंगे, हम वही करेंगे। टी20 विश्व कप शनिवार को भारत और श्रीलंका के अलग-अलग स्टेडियम में शुरू होगा। अगर दोनों टीमें नॉकआउट में आमने-सामने होते हैं तो वे फिर सरकार द्वारा लिए गए फैसले का पालन करेंगे।

### बांग्लादेश से एकता दिखाने के लिए किया विरोध : शरीफ

**कराची।** भारत के खिलाफ टी-20 विश्व कप के मैच के बहिष्कार को सही फैसला बताते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि बांग्लादेश के समर्थन के लिए यह सोच समझकर लिया गया फैसला है। पाकिस्तान सरकार ने अपनी क्रिकेट टीम को कोलंबो में भारत के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाला मैच नहीं खेलने के लिए कहा है। इससे पहले सुरक्षा कारणों से भारत में खेलने से इनकार पर बांग्लादेश को विश्व कप से हटाकर स्कॉटलैंड को उसकी जगह शामिल किया गया। शरीफ ने यहां सरकार की एक बैठक के बाद कहा हमने टी20 विश्व कप पर स्पष्ट रूख अपनाया है कि हम भारत के खिलाफ नहीं खेलेंगे क्योंकि खेल के मैदान पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा हमने सोच समझकर यह रुख अपनाया है और हम पूरी तरह से बांग्लादेश के साथ हैं। मुझे लगता है कि यह बिल्कुल सही फैसला है।

# मौके का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे एसोसिएट देश

**मुंबई, एजेंसी**

भले ही नेपाल, आखिरी समय में शामिल हुए स्कॉटलैंड और पहली बार क्रिकेट विश्व कप खेलने वाले इटली के पास क्रिकेट की कोई बड़ी विरासत नहीं हो लेकिन शनिवार को यहां शुरू होने वाले टी20 विश्व कप के शानदार मंच पर ये टीम अपनी छाप छोड़ने का सपना सजाए हैं। इन तीनों एसोसिएट देशों का टी20 टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाइंग अभियान अलग रहा। नेपाल एक उभरती हुई टीम है, बांग्लादेश के भारत में सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से हटने के बाद स्कॉटलैंड को शामिल किया गया जबकि विश्व कप में इटली की मौजूदगी यूरोप में खेल के विकास का सबूत है।

संबंधित टीम के कप्तान टूर्नामेंट में खेलने के इस मौके को बखूबी जानते हैं। इटली के कप्तान वेन मैडसेन दक्षिण अफ्रीका के लिए हॉकी खेल चुके हैं। उन्होंने विश्व कप से पहले सभी टीम के कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा इटली में मुख्य खेल फुटबॉल है, लेकिन टी20 विश्व कप में खेलने का मौका हमारे देश के लिए बहुत अहम है और यह इटली को क्रिकेट के नक्शे पर लाने की बात है। स्कॉटलैंड के लिए यह टूर्नामेंट एक अलग तरह की चुनौती पेश करता है क्योंकि उन्हें पिछले महीने के आखिर तक अपनी भागीदारी का अंदाजा भी नहीं था। स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन ने कहा, हमारी तैयारी दूसरी टीमों से अलग रही है, लेकिन हम इस स्तर पर खेलने का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। यह हमारे सामने एक शानदार मौका है।

नेपाल लगातार दूसरा टी20 विश्व कप खेल रहा है और वह प्रभावित करने की कोशिश करेगा।

पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के बड़े प्रशंसक नेपाल के कप्तान रोहित पौडेल ने कहा यह टी20 विश्व कप बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हमने 10 साल बाद (2024 में) क्वालीफाई किया था। हम अगली पीढ़ी के लिए छाप छोड़ना चाहते हैं। पौडेल मुंबई में रोहित शर्मा के घरेलू मैदान पर खेलने को लेकर उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा मैं रोहित शर्मा का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं लेकिन उम्मीदों पर खरा उतरना मेरे लिए एक मुश्किल काम होगा। मुझे उम्मीद है कि मैं प्रशंसकों को खुश कर पाऊंगा। भारत में जन्में अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल के लिए उस देश में खेलने का अनुभव खास और भावनात्मक होगा जिसमें उन्होंने जन्म लिया।

भारत के खिलाफ शनिवार को होने वाले पहले मैच से पहले मोनांक ने कहा भारत में आकर विश्व कप खेलकर बहुत अच्छा लग रहा है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं भारत में विश्व कप खेलूंगा और अमेरिका का प्रतिनिधित्व करूंगा। खेलने के लिए बहुत उत्साहित हूं।

### ऑस्ट्रेलिया बनाम नीदरलैंड्स मुकाबला टॉस के बाद रद्द

**कोलंबो।** ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के बीच टी-20 विश्वकप से पहले गुरुवार को होने वाला अभ्यास मैच बारिश के कारण टॉस होने के बाद रद्द घोषित कर दिया गया। आज यहां आर प्रेमदासा स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। इसके बाद शुरु हुई बारिश के कारण मैच को रद्द घोषित कर दिया गया।

# सुरुचि-राणा को एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत

**एशियाई निशानेबाजी**

**नयी दिल्ली, एजेंसी**





एशियाई निशानेबाजी की मिश्रित विजेता टीम। एजेंसी

उभरती हुई निशानेबाज सुरुचि सिंह और विश्व चैंपियन सम्राट राणा को शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद बृहस्पतिवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप की 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन भारत ने अपना दबदबा बनाते हुए स्वर्ण पदक की संख्या को 10 तक पहुंचा दिया।

रश्मिका सहगल और वंशिका चौधरी ने जूनियर महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल जबकि प्रियांशी पूर्वा और चहक कोहली इसी स्पर्धा के युवा वर्ग में शीर्ष दो स्थानों पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के दो दिन के बाद भारत 10 स्वर्ण, पांच रजत और एक कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर है जबकि उज्बेकिस्तान उससे काफी पीछे तीन स्वर्ण के साथ दूसरे पायदान पर है। उज्बेकिस्तान के लिए दिन का एकमात्र स्वर्ण पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में निगीना सैदकुलोवा और मुखम्मद कमालोव ने जीता जिन्होंने 48 शॉट के फाइनल में सम्राट और सुरुचि को 479.6 के मुकाबले 481.3 अंक से हराया। पिछले साल चार आईएसएसएफ विश्व कप स्वर्ण पदक जीतने के अलावा सत्रांत विश्व कप फाइनल में शीर्ष पर रहीं 19 साल की सुरुचि और सम्राट ने 60 शॉट के क्वालीफिकेशन दौर में 10 टीम के बीच कुल 583 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत और उज्बेकिस्तान के अलावा वियतनाम (582 अंक, दूसरा) और चीनी ताइपे (575 अंक, चौथा) की जोड़ियां भी फाइनल में पहुंचीं।

# बॉक्सर लवलीना बोरगोहेन ने की जीत से शुरुआत

**अलीकांटे (स्पेन)।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन ने यहां बोक्सैम एलीट इंटरनेशनल 2026 में यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को आसानी से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की जबकि हितेश गुलिया भी अगले दौर में पहुंच गए जिससे भारतीय मुक्केबाजों ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा।

लवलीना महिलाओं के 75 किलोग्राम वर्ग में शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने तेज और सटीक मुक्कों के संयोजन से यूक्रेन की ओल्हा पिलिपचुक को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले में हराकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया। पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में हितेश ने कनाडा के विन्सेंट सांटाओरिएलो को 5-0 से शिकस्त दी। लवलीना के अलावा भारत की अन्य महिला मुक्केबाजों ने भी दमदार जीत दर्ज कीं।

**डेविस कप** | नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले से पहले बोले भारत के नंबर एक एकल टेनिस खिलाड़ी

# दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं : नागल

**बेंगलुरु, एजेंसी**



भारत के नंबर एक एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह नीदरलैंड के खिलाफ भारत के डेविस कप मुकाबले से पहले कूल्हे की मामूली चोट से उबरने के दौरान दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहे हैं। नागल खराब फॉर्म और उसके कारण खराब नतीजों की वजह से मुश्किलों से भरे 2025 सत्र के बाद विश्व रैंकिंग में 281वें स्थान पर खिसक गए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों के एकाग्र रिहैबिलिटेशन ने उन्हें मुकाबले में उतरने से पहले आत्मविश्वास दिया है।

नागल ने ट्रेनिंग सत्र के बाद अच्छा महसूस कर रहा हूं, दिन-ब-दिन बेहतर महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा मैं पिछले दो-तीन हफ्तों से बहुत मेहनत कर रहा हूं। मेरे लिए शिविर बैंकॉक के ठीक बाद शुरू हो गया था। मुझे वहां इतना अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं उसी रात वापस आ गया, अपना रिहैब शुरू किया और सच कहूं तो मुझे कोई शिकायत नहीं है। मैंने डेविस कप के लिए तैयार होने के लिए वह सब कुछ किया जो मैं कर सकता था। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी को बैंकॉक में कूल्हे में चोट लगी थी और उन्होंने माना कि उबरने का दौर मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण था। इस सुझाव के बावजूद कि धीमे कोर्ट भारत के लिए बेहतर हो सकते थे नागल ने बेंगलुरु में मुकाबला आयोजित करने के फैसले का समर्थन किया और नीदरलैंड के खिलाड़ियों की ताकत की ओर इशारा किया।

उन्होंने कहा (जेस्पर) डि जोंग और गाय (डेन ओडेन), वे दोनों क्ले कोर्ट पर बहुत अच्छे हैं। उन्होंने उस सतह पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मुझे लगता है कि यह अच्छा हुआ कि हमने बेंगलुरु को चुना। मैं यहां सहज हूं, मैंने अपने करियर में इन परिस्थितियों में खेलते हुए बहुत समय बिताया है। नागल ने परिचित माहौल के महत्व पर भी जोर दिया और आयोजन स्थल तय होने के बाद अपना ट्रेनिंग स्थल बेंगलुरु में स्थानांतरित कर लिया था। नागल ने कहा जब हमें पता चला कि डेविस कप यहां होने वाला है तो हमने अपना शिविर स्थानांतरित कर लिया।

### युगल दूसरे दर्जे का प्रारूप नहीं: भांबरी

**बेंगलुरु।** एक समय भारत के बेहतरीन एकल खिलाड़ियों में गिने जाने वाले युकी भांबरी का करियर एक अप्रत्याशित लेकिन सीखने वाला सफर रहा है। एटीपी रैंकिंग में शीर्ष 100 में आने के तुरंत बाद चोटों ने उनके एकल करियर को रोक दिया। प्रायोजन की अनिश्चितता ने चुनौतियों को और बढ़ा दिया और जो उम्मीदें लोगों ने देखीं थी वे उस प्रारूप में काफी हद तक अधूरी रह गईं। युकी खुद को भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी के तौर पर अपने पेशेवर जीवन के सबसे सफल दौर में पाते हैं। पिछले 18 महीने में उन्होंने चार एटीपी खिताब जीते, एक ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल खेला और यह इस बात का एक उदाहरण है कि एलीट स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ी के लिए क्या कर सकता है।